VPL

वर्ष 10 अंक 159
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
19 मार्च 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in


DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20






03 बिरला ने किया दिल्ली विधानसभा को 'आदर्श विधानसभा' के... | 06 ट्रंप-स्तुति का भावार्थ : ऋषभदेव शर्मा | 11 रोहित को अभी वनडे विश्व कप जीतना है, कहा बचपन के कोच दिनेश लाड ने










# महाकुंभ था 'सबका प्रयास' का साक्षात स्वरूप निकला 'एकता का अमृत' : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए 'महाकुंभ' को भारत के इतिहास में अहम मोड़ करार देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि दुनिया ने देश के विराट स्वरूप को देखा और यह 'सबका प्रयास' का साक्षात स्वरूप भी था, जिसमें 'एकता का अमृत' समेत कई अमृत निकले।

उन्होंने निचले सदन में प्रयागराज महाकुंभ को लेकर दिए एक वक्तव्य में यह भी कहा कि महाकुंभ में अनेकता में एकता का विराट रूप, देश की सामूहिक चेतना और सामर्थ्य भी दिखा।

प्रधानमंत्री ने निचले सदन में विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा, ''आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार के, समाज के सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देशभर के श्रद्धालुओं को, उत्तर प्रदेश की जनता विशेषतौर पर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं।''



उनके मुताबिक, यह जनता जनार्दन का, जनता जनार्दन के संकल्पों के लिए जनता जनार्दन की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था।

मोदी ने कहा, ''हम सब जानते हैं, गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भगीरथ प्रयास हुआ था, वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा है। मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' के महत्व पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'सबका प्रयास' का यही साक्षात स्वरूप है। उन्होंने कहा, '' पिछले वर्ष, अयोध्या के राम मंदिर में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हमने महसूस किया था कि कैसे देश एक हजार वर्षों के लिए तैयार हो रहा है। इसके ठीक एक साल बाद, महाकुंभ के आयोजन ने हम सबके इस विचार को और दृढ़ किया है। देश की यह सामूहिक चेतना देश का सामर्थ्य बताती है।

मोदी ने कहा, ''हमने करीब डेढ़ महीने तक, भारत में महाकुंभ का उत्साह देखा, उमंग को अनुभव किया। कैसे सुविधा, असुविधा की चिंता से ऊपर उठते हुए, कोटि-कोटि श्रद्धालु श्रद्धा भाव से जुटे, यह हमारी बहुत बड़ी ताकत है। जब अलग-अलग भाषा, बोली बोलने वाले लोग संगम तट पर हर-हर गंगे का उद्घोष करते हैं, तो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की झलक दिखती है, एकता की भावना बढ़ती है।'' उन्होंने कहा कि महाकुंभ से बहुत से अमृत निकले हैं और 'एकता का अमृत' इसका बहुत पवित्र प्रसाद है। उन्होंने कहा, ''महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए। लोग 'अहं' त्याग कर 'वयं' के भाव से, मैं नहीं हम की भावना से प्रयागराज में जुटे।''

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया, ''देश के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी और देश को झकझोर कर जागृत कर दिया।'' मोदी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण, गांधीजी के 'दांडी मार्च' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'दिल्ली चलो' का नारा देने जैसे ऐतिहासिक अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा, ''मैं प्रयागराज महाकुंभ को भी ऐसे ही एक अहम पड़ाव के रूप में देखता हूं जिसमें जागृत होते भारत का प्रतिबिंब दिखा।''

प्रधानमंत्री ने अपने हालिया मॉरीशस दौरे का उल्लेख करते हुए कहा, ''यह उमंग, उत्साह यहीं तक सीमित नहीं था। बीते सप्ताह मैं मॉरीशस में था, मैं त्रिवेणी से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया, तब वहां जो श्रद्धा का, आस्था का, उत्सव का माहौल था, वह देखते ही बनता था।'' उनके अनुसार, यह दिखाता है कि हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति, हमारे संस्कारों को आत्मसात करने की भावना कितनी प्रबल हो रही है।

मोदी ने कहा, ''आज पूरे विश्व में जब बिखराव की स्थितियां हैं, उस दौर में एकजुटता का यह विराट प्रदर्शन हमारी ताकत है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, यह हम हमेशा कहते आए हैं और इसी के विराट रूप का अनुभव हमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''हमारा दायित्व है, अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहें।''

प्रधानमंत्री ने लोकसभा में कहा कि महाकुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा, हमें इस बारे में जरूर सोचना चाहिए जिससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ में आएगा और नदियों की साफ-सफाई के साथ-साथ नदियों की रक्षा भी होगी।

## नौकरी के बदले जमीन घोटाला: राबड़ी देवी, उनके बेटे तेज प्रताप पटना में ईडी के समक्ष पेश हुए

**पटना,** (भाषा) बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी और उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव कथित ''नौकरी के बदले जमीन'' घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। सूत्रों ने यह जानकारी दी।



राबड़ी सुबह करीब साढ़े 10 बजे पटना में बैंक रोड स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचीं। इस दौरान उनकी बड़ी बेटी एवं पाटलिपुत्र से सांसद मीसा भारती भी मौजूद थीं जिनका नाम भी इस मामले में आरोपी के तौर पर दर्ज है।

पूर्व मंत्री एवं मौजूदा विधायक तेज प्रताप यादव अपराह्न से पहले के विधानसभा सत्र में शामिल होने के बाद ईडी कार्यालय पहुंचे।

ईडी दफ्तर के अंदर और बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर राजद के सैकड़ों कार्यकर्ता इकट्ठा हो गए और नारेबाजी की। इस दौरान राजद के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधायक भी मौजूद थे। सिंह ने आरोप लगाया, ''बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार लालू यादव के परिवार को परेशान कर रही है और उनकी छवि धूमिल करने के लिए केंद्रीय एजेंसी का गलत इस्तेमाल कर रही है।''

राजद के एक और प्रवक्ता एजाज अहमद ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, ''यह अब स्पष्ट हो गया है कि जब भी भाजपा को किसी राज्य में चुनाव का सामना करना पड़ता है तो वह अपने विरोधियों पर केंद्रीय एजेंसियों को तैनात कर देती है। हमने झारखंड और दिल्ली में ऐसा ही देखा। अब यह बिहार में देखा जा रहा है।'' इसी मामले में पूछताछ के लिए लालू प्रसाद को 19 मार्च को तलब किया गया है।

## नागपुर में हिंसा पूर्व नियोजित थी: फडणवीस 50 लोग गिरफ्तार, कर्फ्यू लगाया गया

नागपुर, (भाषा) औरंगजेब की कब्र के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हिंसा के संबंध में 50 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है और नागपुर के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने दावा किया कि हिंसा पूर्व नियोजित थी।

फडणवीस ने कहा कि फिल्म 'छावा' से लोगों की भावनाएं उमड़ी हैं, जिसमें संभाजी महाराज के खिलाफ औरंगजेब द्वारा किए गए क्रूर अत्याचारों को दर्शाया गया है।

नागपुर के पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार सिंघल ने बताया कि हिंसा के सिलसिले में पांच प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की रात साढ़े सात बजे के करीब मध्य नागपुर में हिंसा भड़क गई और पुलिस पर पथराव किया गया। उन्होंने बताया कि यह हिंसा इस अफवाह के बाद फैली कि औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान एक समुदाय के धार्मिक ग्रंथ को जला दिया गया। पुलिस के अनुसार, पुराने भंडारा रोड के पास हंसपुरी इलाके में रात साढ़े 10 से साढ़े 11 बजे के बीच एक और झड़प हुई। अनियंत्रित भीड़ ने कई वाहनों को जला दिया और इलाके में घरों तथा एक क्लिनिक में तोड़फोड़ की।





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को नागपुर के एक अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मिलने के बाद बताया कि हिंसा में 34 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, ''माहौल को खराब करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया और गृह विभाग की ओर से कोई चूक नहीं हुई, क्योंकि पुलिस हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच (हिंसा के दौरान) ढाल बनकर खड़ी रही, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए।''

बावनकुले ने कहा कि फिलहाल स्थिति थोड़ी तनावपूर्ण है, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल तैनात होने के कारण शहर में शांति है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकडगंज, पाचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाडा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाले इलाकों में कर्फ्यू लगाया गया है।

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना व तोड़ना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं होगा।''

शिवसेना (उबाठा) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने भी नागपुर में सोमवार को हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र की 'महायुति' सरकार पर निशाना साधते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हिंसा भड़काना, राज्य में अस्थिरता पैदा करना, नागरिकों को पिछले इतिहास में उलझाए रखना और राज्य की वित्तीय दुर्दशा, बढ़ते कर्ज के बोझ, बढ़ती बेरोजगारी और किसानों की आत्महत्या जैसे कठिन सवालों से बचना... । महाराष्ट्र को रणनीतिक रूप से निवेश के लिए अनाकर्षक बनाने की दिशा में ले जाया जा रहा है, इसका उद्देश्य पड़ोसी राज्य को लाभ उठाने में मदद करना है।''

## मनरेगा को कमजोर किया जा रहा, न्यूनतम मजदूरी और कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाई जाए: सोनिया गांधी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया और इस कानून के तहत न्यूनतम मजदूरी और कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की। राज्यसभा में शून्यकाल के तहत इस मुद्दे को उठाते हुए सोनिया ने इस कानून को जारी रखने और साथ ही इसका विस्तार करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किए जाने की भी मांग की।



उन्होंने कहा कि यह 'ऐतिहासिक कानून' लाखों ग्रामीण गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच रहा है। उन्होंने कहा, ''हालांकि यह गहरी चिंता का विषय है कि वर्तमान भाजपा सरकार ने व्यवस्थित रूप से इसे कमजोर कर दिया है। इसके लिए बजट आवंटन 86,000 करोड़ रुपये पर स्थिर बना हुआ है, जो जीडीपी के प्रतिशत के रूप में दस साल का सबसे कम प्रतिशत है।'' उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के हिसाब से देखा जाए तो प्रभावी बजट में 4,000 करोड़ रुपये की गिरावट है। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि आवंटित धन का लगभग 20 प्रतिशत, पिछले वर्षों से लंबित बकाया चुकाने के लिए उपयोग किया जाएगा।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष ने कहा कि इस कानून को आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यस्थल पर कार्यरत लाभार्थियों की समय पर उपस्थिति एनएमएमएस ऐप के माध्यम से दर्ज की जाती है। गांधी ने यह भी कहा कि मजदूरी भुगतान और मजदूरी दरों में लगातार देरी मुद्रास्फीति की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि इन चिंताओं के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि योजना को जारी रखने और इसका विस्तार करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किए जाएं। उन्होंने कहा, ''इसके साथ ही मजदूरी में प्रति दिन 400 रुपये की न्यूनतम वृद्धि की जाए, मजदूरी की राशि समय पर जारी की जाए, अनिवार्य एबीपीएस और एनएमएमएस आवश्यकताओं को हटाया जाए, गारंटी वाले कार्य दिवसों की संख्या में 100 से 150 दिन प्रति वर्ष की वृद्धि की जाए।'' उन्होंने कहा, ''ये उपाय यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि मनरेगा गरिमापूर्ण रोजगार और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करे।''

केंद्र सरकार ने पिछले साल आम चुनावों की घोषणा से ठीक पहले, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा मजदूरी में 3-10 प्रतिशत की मामूली वृद्धि की थी। अलग-अलग राज्यों में मजदूरी 237 रुपये (उत्तराखंड) से लेकर 300 रुपये (आंध्र प्रदेश) के बीच है। पिछले साल फरवरी में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद से यह दूसरा अवसर था जब सोनिया गांधी ने शून्यकाल के दौरान कोई मुद्दा उठाया है। इससे पहले उन्होंने जल्द से जल्द जनगणना कराए जाने की मांग उठाई थी ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गारंटीकृत लाभ मिल सके। शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने यह भी कहा था कि खाद्य सुरक्षा, विशेषाधिकार नहीं बल्कि नागरिकों का एक मौलिक अधिकार है।




# अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर का धरती पर अभिनन्दन

## स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का किया आभार और अभिनन्दन, परमार्थ निकेतन में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर की सुरक्षित घर वापसी हेतु किया विशेष यज्ञ

### स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर को घर वापस लाने हेतु किये इंतजाम के लिये एलन मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप को दिया धन्यवाद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आज एक ऐतिहासिक अवसर पर परमार्थ निकेतन में एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर की अविश्वसनीय यात्रा और उनकी साहसिकता को सम्मानित किया गया। स्वामी जी ने उनके दीर्घकालिक संघर्ष और धैर्य की सराहना करते हुये कहा कि उन्होंने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 9 महीने बिताए। यह उन दोनों वैज्ञानिकों की अदम्य इच्छाशक्ति और समर्पण के कारण ही सम्भव हो सका।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं जहां विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने हमारी सोच और जीवन जीने के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया है। अंतरिक्ष के अज्ञात और रहस्यमय क्षेत्र में कदम रखना, यह कोई साधारण कार्य नहीं है। सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर जैसे वैज्ञानिकों ने केवल अपने देश का नाम ही नहीं रोशन किया, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वामी जी ने यह भी कहा कि इन वैज्ञानिकों की यात्रा केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि ही नहीं है, बल्कि यह समर्पण, साहस और धैर्य की पराकाष्ठा का प्रतीक भी है। 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहते हुए इन वैज्ञानिकों ने जो कठिनाइयां झेलीं, वह किसी के लिए असाधारण है। इसके बावजूद, उन्होंने न केवल अपनी उम्मीदें बनाए रखीं, बल्कि नये अनुसंधानों और खोजों के जरिए वैज्ञानिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने इस बात पर जोर दिया कि विज्ञान और अध्यात्म दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, अध्यात्म व विज्ञान केवल भौतिक पदार्थों और तकनीकी विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर के ज्ञान और चेतना का विस्तार भी है। सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर ने जो कुछ भी हासिल किया, वह उनकी कठिनाइयों से पार पाने की मानसिक शक्ति और विश्वास का परिणाम है।

स्वामी जी ने भारतीय दर्शन के योग और ध्यान को भी वैज्ञानिक कार्यों में जोड़ते हुए यह कहा कि यदि हम आंतरिक शांति और समर्पण के साथ कार्य करें, तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता। यह ठीक उसी तरह है जैसे एक योगी अपनी साधना में लगकर कठिनतम कार्य को भी सहज बना लेता है। स्वामी जी ने बताया कि यह विशेष यज्ञ केवल सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर को सम्मान देने के लिए ही नहीं था, बल्कि यह समाज में वैज्ञानिक सोच और परिश्रम के महत्व को भी रेखांकित करने के लिए भी है। आज के समय में जब हम हर क्षेत्र में निरंतर विकास की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे में हमें धैर्य और साहस को प्रेरणा बनाने की जरूरत है। सभी अपने जीवन में भी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहें और हमेशा अपने कर्तव्यों को सर्वोत्तम तरीके से निभाएं।

स्वामी जी ने कहा कि जैसे सुनीता विलियम्स और बटच विलमोर ने अंतरिक्ष में अपनी यात्रा पूरी की, वैसे ही अब हमें पृथ्वी पर भी नये वैज्ञानिक प्रयासों का स्वागत करना चाहिए। इन वैज्ञानिकों ने न केवल अपनी यात्रा से नया ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि मानवता के कल्याण के लिए नई दिशा भी दी। उनका यह कार्य एक प्रेरणा है, जिसे आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी।

स्वामी जी ने यह भी कहा, हमारे वैज्ञानिक कार्य और मानवता के प्रति समर्पण हमें यह सिखाता है कि अगर हम सच्चे मन से अपने काम में लगे रहें, तो कोई भी मुश्किल हमें रोक नहीं सकती। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुये कहा कि वे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और मानवता के इस संगम में योगदान दें और अपने देश और पूरी दुनिया को महान बनाने के लिए अपने कर्तव्यों को निभाएं।

हमारे पास तकनीकी ज्ञान और विज्ञान है, लेकिन अगर हम अपने आंतरिक संसार को शुद्ध नहीं करेंगे, तो हम बाहरी दुनिया में वास्तविक सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। हम सब को मिलकर इस संसार में शांति, समृद्धि और धैर्य की स्थापना करनी है ताकि समाज को एक सकारात्मक दिशा प्राप्त हो सके।

## एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज में वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्रदर्शनी 19 मार्च से शुरू होगी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



Greater Noida: भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय एमएसएमई विकास कार्यालय, ओखला, नई दिल्ली द्वारा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) और द इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन (नॉर्दर्न रीजन) के सहयोग से 19 और 20 मार्च 2025 को ग्रेटर नोएडा के लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी परिसर में दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान दो दिवसीय ₹वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्रदर्शनी की तैयारियों की जानकारी साझा की गई। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रजनीश, आईएएस, अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई) द्वारा 19 मार्च को प्रातः 11 बजे दीप प्रज्ज्वलन कर किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी एवं कॉर्पोरेट संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी, औद्योगिक विशेषज्ञ और एमएसएमई क्षेत्र के दिग्गज मौजूद रहेंगे। लॉयड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. राजीव अग्रवाल ने इस आयोजन को एमएसएमई सेक्टर के लिए एक अहम कदम बताया और कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और एमएसएमई क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

**माइक्रो और स्माल एंटरप्राइजेज को सशक्त बनाना–** केंद्रीय एवं राज्य पीएसयू को एक प्लेटफार्म पर लाकर उद्यमियों को नए बिजनेस अवसर प्रदान करना।

**सरकारी उपक्रमों और स्टार्टअप्स के बीच नेटवर्किंग–** टेक्निकल सेशन्स और प्रदर्शनी के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र की संभावनाओं को बढ़ावा देना।

**वेंडर बनने का सुनहरा अवसर–** इच्छुक उद्यमी सीपीएसयू के साथ रजिस्ट्रेशन कर अपने उत्पादों और सेवाओं की आपूर्ति कर सकते हैं।

**एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं की जानकारी–** तकनीकी सत्रों में मंत्रालय की विभिन्न स्कीमों और प्रोग्रामों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम में इंडियन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल इंटरप्रेन्योर एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती समेत कई औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए यह कार्यक्रम एक शानदार अवसर होगा, जहां वे अपने बिजनेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन मुंबई द्वारा वैश्य एकता दिवस मनाया गया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक एवं मार्गदर्शक रामदास अग्रवाल भाईसाहब के स्मृति दिवस वैश्य एकता दिवस के पावन अवसर पर मुंबई इकाई द्वारा मुम्बई के जे जे अस्पताल मे जरूतमन्द मरीजों के साथ रह रहे रिश्तेदारों को सुबह का गरम नाश्ता एवं फल वितरित किया गया । अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी ने स्वर्गीय रामदास जी अग्रवाल भाईसाहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आदरणीय रामदास जी अग्रवाल भाईसाहब द्वारा संपूर्ण विश्व के विभिन्न वैश्य समुदाय को विश्व स्तर पर एक सशक्त व एकजुट करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन कि स्थापना कि गई ।

उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि आज अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के नेतृत्व मे वैश्य समाज द्वारा व्यक्तित्व विकास , समाज विकास एवं भारत राष्ट्र के विकास हेतु समर्पित भाव से अनेकानेक सेवाकार्य संपन्न हो रहे है।

सचिव शिव कनोडिया ने कहा कि मुंबई इकाई वैश्य एकता मिशन के संकल्प को पूरा करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस पावन अवसर पर अध्यक्ष दिलीप माहेश्वरी, सचिव शिव कनोडिया, उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता, विजय केसरकर , सी ए आलोक मेहता सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी के प्रयास से मुलंड में इंदिरा गांधी चौक हुआ नामकरण

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



मुंबई। वैशाली नगर के विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने मनपा के सहयोग से एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल के तहत घाटकोपर-मुलुंड वैशाली नगर की एक प्रमुख सड़क का नाम देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के नाम पर इंदिरा गांधी चौक रखा गया है। यह नामकरण इंदिरा गांधी के योगदान और क्षेत्र के ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक होगा। शेट्टी ने मनपा के महापौर, वार्ड अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पहल को सफल बनाने पर आभार माना। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय समुदाय को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र का विकास होगा। मनपा से चौके के रखरखाव और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने और चौक के सही उपयोग का अनुरोध किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के विकास के लिए की हमारी मनभावन घोषणाएं : राजेश नागर

### बोले, मेट्रो के जरिए पलवल और गुरुग्राम से जुड़ेगा फरीदाबाद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट 2025 में फरीदाबाद के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की है। उन्होंने फरीदाबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के विकास कार्यों के लिए दिए गए 600 करोड़ रुपए के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस राशि से शहर में पेयजल की आपूर्ति एवं सीवरज व्यवस्था और सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही सीईटीपी की स्थापना की जाएगी जिसमें सीवरेज के पानी का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

नागर ने कहा कि बजट में फरीदाबाद के लिए कुल 11 घोषणाएं की गई हैं। जिनके जरिए शहर के बुनियादी ढांचे के विकास, किसान, महिलाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब फरीदाबाद मेट्रो रेल के जरिए गुरुग्राम और पलवल से भी जुड़ेगा। इसके लिए बल्लभगढ़ से पलवल तक और बाटा चौक फरीदाबाद से गुरुग्राम तक मेट्रो के एक्सटेंशन को मंजूरी देने का भी उन्होंने स्वागत किया। इस बजट में किसानों के हित में भी कई घोषणाएं की गई हैं। इसके साथ साथ सूरजकुंड मेला अब साल में दो बार आयोजित किया जाएगा। नागर ने कहा कि यह बजट हरियाणा वासियों के लिए मनभावन है और खुशियों की सौगात लेकर आया है। उन्होंने कहा कि इससे बजट राशि मिलने से विकास में तेजी आएगी और नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा। राज्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 12 में से 6 मांगों को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री की इस घोषणा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे बाहर से नौकरी पर आने वाली महिलाओं को राहत मिलेगी।

सरकारी अस्पताल में अत्याधुनिक मातृत्व - शिशुत्व केंद्र स्थापना की घोषणा भी बजट में की गई है। इसके अलावा अस्पताल में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी निर्माण होगा। लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध होगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बल्लभगढ में नया बस स्टैंड बनाने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया। इससे बल्लभगढ़ से सफर करने वाले हजारों यात्रियों को फायदा होगा। मॉडल संस्कृति स्कूल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स की स्थापना की जाएगी जिससे छात्रों को आरम्भ से ही खेलों से जोड़ा जाएगा। नागर ने कहा कि फरीदाबाद में किसानों के लिए बीज प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना होगी। इससे किसान उच्च स्तर का बीज सही दामों पर खरीद सकेंगे। फरीदाबाद में बागवानी मिशन की शुरूआत भी एक नई सौगात है।

## वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन, खदावली पीएम श्री विद्यालय ने रचा कीर्तिमान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




फरीदाबादः पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खदावली में वार्षिक उत्सव का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह गौरव का विषय है कि यह विद्यालय जिले के पाँच चयनित पीएम श्री विद्यालयों में से एक है, जो केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित है। यह विद्यालय न केवल अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है, बल्कि खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी अपनी विशेष पहचान बना चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पार्षद चेयरमैन विजय लोहिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय लोहिया, वशिष्ठ अतिथि के रूप में सरपंच खदावली शोएब, पंचायत सदस्यों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, एनएसक्यूएफ स्किल प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतिस्पधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्रों से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिसमें लोकनृत्य, नाटक, संगीत और कविता पाठ विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारयुक्त मॉडलों को खूब सराहा गया तथा उन्हें प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। साथ ही, पूरे वर्ष जिला, ब्लॉक एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे उनकी उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर पहचान मिली। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विजय लोहिया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन दिया। अंत में प्रधानाचार्य शशि यादव ने सभी अतिथियों, शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय गुणवत्ता शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## आईपीएस अंशिका वर्मा को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बरेली ने सम्मानित किया

### ब्रिक्स चेंबर ऑफ कॉमर्स नई दिल्ली ने यूथ आइकॉन अवार्ड से नवाजा था



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

आज पुलिस लाइन सभागार में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने एसपी दक्षिणी क्षेत्र कुमारी अंशिका वर्मा को उन्हें ब्रिक्स चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यूथ आईकॉन का अवार्ड दिए जाने पर सम्मानित किया और बधाई दी। इस अवसर पर एसपी ट्रैफिक अफजल खान की भी उपस्थित रहे।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अनुज गुप्ता ने कहा की आईपीएस अंशिका वर्मा आज के सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं आज के युवाओं को उनसे सीख लेने की जरूरत है बरेली शहर के लिए गौरव की बात है कि उन जैसी महिला पुलिस अधिकारी हमारे शहर का प्रतिनिधित्व कर रही है और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है।

इस अवसर पर व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य माननीय पवन अरोड़ा जी भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल जी महानगर महामंत्री विक्की बग्गा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र पाल सिंह मोनू जिला युवा अध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल महानगर युवा अध्यक्ष मनजीत सिंह विकास प्रताप सिंह मोनू ठाकुर समाजसेवी जनार्दन आचार्य जी भी उपस्थित रहे।

## बटलर पैलेस को 'बुक कैफे' बनाने की प्रक्रिया शुरू, सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर विकसित करेगी योगी सरकार

### 1915 में राजा महमूदाबाद ने रखी थी नींव, अवध के डिप्टी कमिश्नर सर स्पेंसर हारकोर्ट बटलर की स्मृति में बने पैलेस के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



लखनऊः। उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण कर उसे सांस्कृतिक व ऐतिहासिक केन्द्र के रूप में पुनर्स्थापित कर रही योगी सरकार ने लखनऊ में स्थित बटलर पैलेस को ह्यबुक कैफेह्न बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के अनुसार, इस बुक कैफे में प्रदर्शनी, वर्कशॉप व आर्ट गैलरी समेत विभिन्न गतिविधियों का संचालन होगा। उल्लेखनीय है कि 1915 में राजा महमूदाबाद ने अवध प्रांत के डिप्टी कमिश्नगर सर स्पेंसर हारकोर्ट बटलर की स्मृति में पैलेस की नींव रखी थी। ऐसे में, योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने पैलेस की मूल संरचना को संरक्षित करते हुए मेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया को एलडीए द्वारा गठित विशिष्ट टीम द्वारा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) माध्यम से पूरा किया जाएगा।

### एक साल के भीतर संरक्षण कार्य होगा पूरा

परियोजना के अनुसार, मार्च 2025 तक बटलर पैलेस के बुक पैलेस के संरक्षण व विकास कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत साइट क्लीयरेंस, संरचनात्मक मरम्मत, बाहरी अग्रभाग संरक्षण, बुनियादी वायरिंग और संचालन जैसे कार्यों को विशिष्ट टीम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। भवन के सार्वजनिक संपर्क को बढ़ाकर स्थानीय लोगों में विरासत के प्रति जागरूक किया जाएगा। बटलर पैलेस का उपयोग मुख्यतः बुक कैफे के रूप में किया जाएगा जहां अध्ययन सामग्री के साथ ही स्नैक्स व पेय पदार्थ भी विजिटर्स के लिए उपलब्ध होगा। यहां विभिन्न प्रकार के आयोजन भी होंगे जिनके संचालन व प्रचार-प्रसार के लिए कोचिंग संस्थानों का सहयोग भी लिया जाएगा।

### आर्ट गैलरी, लाइट एंड साउंड शो का भी होगा आयोजन

बटलर पैलेस में बनने वाले बुक कैफे में स्थानीय संस्कृति व विरासत को बढ़ावा देने वाली कार्यशालाओं व कक्षाओं का आयोजन होगा। स्थानीय कलाकारों और ऐतिहासिक विषयों पर प्रकाश डालने वाले प्रदर्शनियों तथा फि ल्म स्क्रीनिंग के लिए भी जगह का उपयोग हो सकेगा। यहां एक आर्ट गैलरी की भी स्थापना की जाएगी, जो पैलेस व आसपास के क्षेत्र के इतिहास पर केंद्रित होगी। इसके साथ ही, लखनऊ के इतिहास और जनश्रुतियों से जुड़ी कहानियों को प्रदर्शित करने वाले लाइट एंड साउंड शो का भी यहां संचालन हो सकेगा। बटलर पैलेस का इस्तेमाल कला प्रदर्शनियों, शिल्प मेले, स्थानीय उत्पादों व हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी जैसे कार्यों के लिए भी हो सकेगा।

- **बुक कैफे के साथ ही सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर करेगा कार्य, प्रदर्शनी, वर्कशॉप, आर्ट गैलरी समेत विभिन्न गतिविधियों का होगा संचालन**
- **सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुरू की प्रक्रिया, पीपीपी माध्यम से कार्य होगा पूरा**
- **पैलेस की मूल संरचना को संरक्षित करते हुए किया जाएगा मेकओवर, एलडीए द्वारा विशिष्ट टीम की तैनाती की प्रक्रिया शुरू**

# बिरला ने किया दिल्ली विधानसभा को 'आदर्श विधानसभा' के रूप में विकसित करने का आह्वान

**नयी दिल्ली,** (भाषा) लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा को एक ''आदर्श'' विधानसभा के रूप में विकसित करने का आह्वान किया और नवनिर्वाचित विधायकों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकी को सीखने अपील की।

दिल्ली विधानसभा में विधायकों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बिरला ने कहा कि लोगों को विधायकों और राष्ट्रीय राजधानी की नयी सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

दिल्ली को 'लघु भारत' का रूप बताते हुए बिरला ने कहा कि यहां सभी राज्यों से विभिन्न भाषाओं, धर्मों और संस्कृतियों के लोग आते हैं, और उनकी अलग-अलग आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करना निर्वाचित प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों की अपने विधायकों और नयी सरकार से उच्च अपेक्षाओं को पूरा करने के तरीकों को सीखने में सहायक होगा।

विधानमंडलों को सार्थक संवाद का मंच बताते हुए बिरला ने कहा, ''सदन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए तथा असहमति को गरिमापूर्ण ढंग से तथा सार्थक संवाद के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए।'' उन्होंने सदस्यों से सार्वजनिक जीवन में आचरण तथा नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

बिरला ने कहा, ''लोकतंत्र का आधार संवाद और आम सहमति है, इसलिए संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका सकारात्मक और रचनात्मक होनी चाहिए।'' उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी भाषा, आचरण और तर्क संसदीय मानदंडों के अनुरूप हों।



बिरला ने कह कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उनके सकारात्मक योगदान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। विधानसभा की समितियों को 'लघु विधानमंडल' बताते हुए बिरला ने सदस्यों से समिति की बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

उद्घाटन सत्र में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और दिल्ली के सांसद भी शामिल हुए।

बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अच्छा श्रोता बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छा वक्ता बनने के लिये अच्छा श्रोता बनना आवश्यक है। उन्होंने विधायकों से विधानसभा के विधायी कार्यों में भाग लेने के लिए समय निकालने की अपील की। उन्होंने विधानमंडल को कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और सदस्यों को दक्ष बनाने पर भी जोर दिया। बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को विधानसभा के नियमों और प्रक्रियाओं, भारत के संविधान, विशेषकर उन धाराओं से परिचित होना चाहिए, जो उनके राज्य, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि विधि निर्माता को जितनी अधिक जानकारी होगी, वह विधान सभा में उतना ही अधिक प्रभावी होगा। बिरला ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि प्रौदयोगिकी का जितना अधिक इस्तेमाल करेंगे, उनकी चर्चाएं और विचार-विमर्श उतना ही बेहतर होगा।

बिरला ने विधायी प्रारूपण के ज्ञान के महत्व को दोहराते हुए कहा कि विधायी प्रारूपण में कुशल जनप्रतिनिधि अपने राज्य के विकास और शासन में सार्थक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे विधायी प्रारूपण के माध्यम से, विधायक विधान सभा की मदद कर सकता है तथा प्रभावी कानून बनाने और लोगों तक सेवाएं बेहतर ढंग से पहुंचाने में सरकार की मदद कर सकता है।

## रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक करेंगे 19 से 21 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा

नयी दिल्ली, (भाषा) रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी एस राणा 19 से 21 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

उनकी इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा खुफिया सहयोग को और मजबूत करना तथा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाना है। यात्रा के तहत लेफ्टिनेंट जनरल राणा ऑस्ट्रेलिया की अभियानगत रूपरेखा और संयुक्त कमान संरचनाओं की जानकारी हासिल करने के लिए मुख्यालय संयुक्त संचालन कमान (एचक्यू जेओसी) का भी दौरा करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''डीजी डीआईए 19-21 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जाने वाले हैं।'' यह यात्रा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहन खुफिया और सुरक्षा सहयोग को रेखांकित करती है, जो क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को बढ़ाएगी।

## अगस्ता वेस्टलैंड मामले में क्रिश्चियन को दोषी करार नहीं दिया गया : जेल अधिकारी

नयी दिल्ली, (भाषा) तिहाड़ जेल अधिकारियों ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कथित बिचौलिया क्रिश्चियन मिशेल जेम्स कोई भी छूट पाने का हकदार नहीं है, क्योंकि उसे अब तक दोषी नहीं करार दिया गया है।

जेल अधीक्षक ने विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल को यह भी बताया कि जेम्स की हिरासत के दौरान कोई सजा रिकॉर्ड में दर्ज नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि कारावास के दौरान उसका आचरण 'संतोषजनक' था। 0न्यायाधीश ने जेम्स की सजा में छह महीने की कटौती संबंधी याचिका के जवाब में एक रिपोर्ट भी मांगी।

ब्रिटिश नागरिक जेम्स को 4 दिसंबर 2018 को दुबई से प्रत्यर्पित कराया गया था, जहां उसे चार महीने हिरासत में रखा गया था।

जांच एजेंसियों ने इतालवी कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद में अनियमितताओं का दावा किया था। वह मामले में जांच के दायरे में आने



वाले तीन कथित बिचौलियों में से एक है और अन्य दो गुइडो हैश्के और कार्लो गेरोसा हैं।

सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में दावा किया है कि 55.63 करोड़ यूरो मूल्य के वीवीआईपी हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी 2010 को हुए सौदे के कारण सरकारी खजाने को 39.82 करोड़ यूरो (लगभग 2,666 करोड़ रुपये) का अनुमानित नुकसान होने का दावा किया गया था। जून 2016 में जेम्स के खिलाफ दायर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र के अनुसार, उसे अगस्ता वेस्टलैंड से तीन करोड़ यूरो (लगभग 225 करोड़ रुपये) मिले थे।

# दिल्ली सरकार आयुष्मान भारत योजना लागू करने के लिए 10 अप्रैल को करेगी एमओयू पर हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) को लागू करने के लिए राज्य सरकार 10 अप्रैल को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगी। उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य एक महीने के भीतर एक लाख लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए नामांकित करना है।

इस योजना को लागू करना फरवरी में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)द्वारा किये गए प्रमुख वादों में से एक था। पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने एबी-पीएमजेएवाई को लागू करने से इनकार करने के बाद अपनी स्वयं की योजना तैयार की थी। सिंह ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किराए की इमारतों में स्थापित, लेकिन काम



नहीं कर रहे मोहल्ला क्लीनिक बंद किये जाएंगे और उनके स्थान पर सरकारी भूमि पर नए क्लीनिक खोले जाएंगे। उन्होंने कहा, ''प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में करीब सात मोहल्ला क्लीनिक किराए के परिसर से चल रहे हैं। चूंकि हमारे पास अपनी जमीन है, तो क्यों न उन्हें (मोहल्ला क्लीनिक) वहां बनाया जाए? करीब 160 ऐसे क्लीनिक, जो किराए की इमारतों से संचालित हो रहे हैं और ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें बंद कर दिया जाएगा।''

एबी-पीएमजेएवाई आर्थिक रूप से कमजोर करीब 12.37 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लोगों को द्वितीयक और तृतीयक इलाज और अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करता है।

केंद्र सरकार ने 29 अक्टूबर, 2024 को 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार प्रदान करने के लिए एबी-पीएमजेएवाई का विस्तार किया।

## 'मन की बात' कार्यक्रम में उल्लेख होने पर बदल गई जर्मन गायिका कैसमै की जिंदगी

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जर्मन गायिका कैसमै की प्रशंसा की। उन्होंने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कैसमै के भजन और आध्यात्मिक गीतों को रेखांकित किया था।

मोदी ने 'मन की बात' नामक 'एक्स' हैंडल पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उक्त बात कही। इस पोस्ट में बताया गया था कि जब प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम में जर्मन गायिका का उल्लेख किया तो उनका जीवन हमेशा के लिए बदल गया। पोस्ट में कैसमै के हवाले से कहा गया, ''मुझे इस पर विश्वास नहीं हो रहा था।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से उनका जिक्र किए जाने के बाद मीडिया का ध्यान उनकी ओर गया।

कैसमै जन्म से दृष्टिहीन हैं और वह 12 भाषाएं जानती हैं।

# ईडी ने बेंगलुरु में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग एजेंसी और निवेश शाखा पर छापेमारी की

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु,** (भाषा)प्रवर्तन निदेशालय ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस द्वारा स्थापित 'निजी वित्तपोषण एजेंसी'' ओएसएफ और इसकी निवेश शाखा ईडीएफ के खिलाफ कथित विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के उल्लंघन मामले में मंगलवार को बेंगलुरु में छापेमारी की कार्रवाई की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि ओपन सोसाइटी फाउंडेशन (ओएसएफ) और इकनॉमिक डेवलपमेंट फंड (ईडीएफ) के कुछ लाभार्थियों के आठ परिसरों की विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तलाशी ली गई। इनमें से कुछ अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों से जुड़े लोग और एस्पाडा इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी शामिल है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सूत्रों ने बताया कि एस्पाडा इन्वेस्टमेंट्स भारत में सोरोस ईडीएफ (एसईडीएफ) का निवेश सलाहकार या कोष प्रबंधक है। यह मॉरीशस की एक इकाई की 'पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी' है। उन्होंने बताया कि एसईडीएफ ''ओपन सोसाइटी फाउंडेशन (ओएसएफ) की प्रभाव निवेश शाखा है''।



यह जांच सोरोस की दो संस्थाओं द्वारा कथित रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त करने तथा कुछ लाभार्थियों द्वारा फेमा दिशानिर्देशों का कथित उल्लंघन करते हुए इन निधियों का उपयोग करने से संबंधित है।

ईडी सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ओएसएफ को 2016 में गृह मंत्रालय ने 'पूर्व संदर्भ श्रेणी' में रखा था और इसे भारत में गैर सरकारी संगठनों को 'अनियंत्रित तरीके से' दान देने से 'प्रतिबंधित' किया गया था। उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध को निष्प्रभावी करने के लिए ओएसएफ ने भारत में सहायक कंपनियां बनाईं और एफडीआई तथा परामर्श शुल्क के रूप में धन लाया तथा इन निधियों का उपयोग एनजीओ की गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए किया गया, जो फेमा का उल्लंघन है।

सूत्रों ने बताया कि एजेंसी सोरोस ईडीएफ और ओएसएफ द्वारा एफडीआई के जरिये लाई गई अन्य राशि के अंतिम उपयोग की भी जांच कर रही है। 'पीटीआई-भाषा'ने ओएसएफ को ईमेल भेजकर इस संबंध में उससे जानकारी मांगी है और जवाब की प्रतीक्षा है।

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जॉर्ज सोरोस पर भारत के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया है। अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के दौरान उनके बयानों की भी पार्टी ने आलोचना की थी।

ओएसएफ के मुताबिक वह मानवाधिकार, न्याय और जवाबदेह सरकार का समर्थन करने वाले समूहों की दुनिया की सबसे बड़ी निजी वित्तपोषण एजेंसियों में से एक है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2021 के दौरान भारत के लिए इसका कुल व्यय 4,06,000 अमेरिकी डॉलर था। ओएसएफ ने 1999 में भारत में काम करना शुरू किया तथा भारतीय संस्थानों में अध्ययन और शोध करने के लिए छात्रों को छात्रवृत्ति और अध्येतावृत्ति प्रदान की।

# उच्चतम न्यायालय ने पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई राहत 15 अप्रैल तक बढ़ाई गयी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर से मंगलवार को कहा कि उन्हें एक ''सामान्य उम्मीदवार'' और एक 'दिव्यांग उम्मीदवार' के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अलग-अलग अवसर नहीं मिल सकते।

खेडकर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और गलत तरीके से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) तथा दिव्यांगता कोटा का लाभ उठाने का आरोप है।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को तय की है, क्योंकि उनके वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा।

शीर्ष अदालत ने 15 जनवरी को खेडकर को प्रदान किये गए गिरफ्तारी से संरक्षण को 15 अप्रैल तक बढ़ा दिया। दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने कहा कि यूपीएससी के अभ्यर्थियों के लिए फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र तैयार करने के कथित प्रकरण में शामिल बिचौलियों की पहचान करने के लिए खेडकर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने



की जरुरत है।

खेडकर की ओर से पेश हुईं अधिवक्ता बीना माधवन ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी को पत्र लिखकर जांच में सहयोग करने की उनकी इच्छा से अवगत कराया है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने एएसजी राजू से कहा, ''यदि आप बिचौलियों की पहचान करना चाहते हैं तो वह (खेडकर) जांच में सहयोग करने को तैयार हैं।''

इस पर राजू ने दलील दी, ''हम उन्हें हिरासत में लेना चाहते हैं, अन्यथा वह इसमें शामिल बिचौलियों की पहचान का खुलासा नहीं करेंगी।''

एएसजी ने कहा कि खेडकर को नियमित पाठ्यक्रम में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए नौ अवसर दिये गए थे, लेकिन फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र तैयार करके उन्होंने परीक्षा के लिए अतिरिक्त अवसर प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि खेडकर 2012 से यूपीएससी की परीक्षा दे रही थीं और फिर उन्होंने परीक्षा में सफल होने के लिए कुछ अतिरिक्त मौके पाने के मकसद से फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाया।

राजू की दलील का खंडन करते हुए माधवन ने कहा कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए खेडकर को एम्स के मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ा था, जिसने उनकी दिव्यांगता की पुष्टि की थी।

खेडकर की वकील ने कहा, ''जैसा कि आरोप लगाया गया है, कोई धोखाधड़ी नहीं की गई। मुझे 2018 में दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिला और एक दिव्यांग उम्मीदवार के रूप में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए मेरे अवसर समाप्त नहीं हुए हैं।'' माधवन ने दलील दी कि वह अपने दावे की पुष्टि करने के लिए रिकॉर्ड पर ऐसी सामग्री रख सकती हैं।

राजू ने दलील दी कि न केवल उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र फर्जी है, बल्कि फॉर्म में उनके विवरण भी गलत और भ्रामक हैं, इसलिए उन्होंने न्यायालय से मामले की सुनवाई के लिए नजदीक की तारीख देने का आग्रह किया।

पीठ ने कहा कि वह 15 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

## सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी जारी, 91,000 रुपये के पार निकला, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली, (भाषा) विदेशों में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये की तेजी के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत 1,300 रुपए की तेजी के साथ 90,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंची थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये बढ़कर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा जो इससे पहले कल 90,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, सोने ने मंगलवार को बढ़त जारी रखी और अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ-साथ घरेलू बाजार में भी नया रिकॉर्ड बनाया।

# विहिप ने नागपुर हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

नयी दिल्ली, (भाषा) विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग को लेकर नागपुर में हुई हिंसा की मंगलवार को निंदा की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ ''कड़ी कार्रवाई'' की मांग की।

नागपुर जिले के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि सोमवार को भड़की हिंसा के सिलसिले में कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में 34 पुलिसकर्मी एवं पांच अन्य लोग घायल हुए हैं।

घटना की निंदा करते हुए विहिप के महासचिव (संगठन) मिलिंद परांडे ने आरोप लगाया कि एक विशेष समुदाय के ''एक वर्ग'' ने हमले किए और आगजनी की।

उन्होंने एक बयान में कहा, ''हमारी युवा शाखा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के घरों पर हमला किया



गया, उन्होंने कई घरों को निशाना बनाया... विश्व हिंदू परिषद इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है।''

उन्होंने कहा, ''यह बेहद शर्मनाक है कि एक तरफ यह झूठ फैलाया गया कि हिंदू समुदाय ने कुरान के पन्ने जलाए हैं...दूसरी तरफ हिंसा भड़काने का घिनौना प्रयास किया गया। ऐसे सभी असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।''

विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र का महिमामंडन बंद किया जाना चाहिए तथा इसकी देखरेख का काम नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा, ''इसके बजाय, औरंगजेब को हराने वालों धनाजी जाधव, संताजी घोरपडे और छत्रपति श्री राजारामजी महाराज का एक विजय स्मारक वहां बनाया जाना चाहिए।''

परांडे ने कहा, ''विश्व हिंदू परिषद मांग कर रही है कि मराठा साम्राज्य के तहत औरंगजेब की हार की याद में वहां एक विजय स्तम्भ बनाया जाए। इसलिए हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।''

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मध्य नागपुर के चिटनिस पार्क में हिंसा भड़क उठी, जब यह अफवाह फैली कि औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान कुरान के पन्नों को जला दिया गया।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
7080333338
facebook fb/groups/nationalexpressindia

## कोहाट एन्क्लेव में बुजुर्ग दंपत्ति मृत पाए गए; रात्रि परिचारक लापता

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कोहाट एन्क्लेव क्षेत्र में 70 वर्षीय एक व्यक्ति और उनकी पत्नी अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, उनका रात्रि परिचारक गायब था और घर में चोरी के स्पष्ट संकेत मिले हैं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान मोहिंदर सिंह और उनकी पत्नी दिलराज कौर के रूप में हुई है, जो अकेले रहते थे। उनके शव सड़ी-गली हालत में पाए गए।

अधिकारी ने बताया, ''मंगलवार को सुभाष प्लेस थाने में सूचना मिली की एक घर से दुर्गंध आ रही है। कोहाट एन्क्लेव में मकान नंबर 317 पर पहुंचने पर पुलिस को इमारत की तीसरी मंजिल पर अलग-अलग कमरों में बुजुर्ग दंपति के शव पड़े मिले।''

अधिकारी ने बताया कि सिंह को आखिरी बार रविवार रात करीब आठ बजे जीवित देखा गया था और रात में उनके साथ रहने वाला एक पारिचारक लापता है।

पुलिस को यह भी पता लगा है कि घर के अंदर एक 'लॉकर' तोड़ने का प्रयास किया गया था।

लापता परिचारक की तलाश शुरू कर दी गई है और मामला दर्ज कर लिया गया है।

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' नीति का मतलब 'केवल अमेरिका' नहीं : तुलसी गबार्ड

**नयी दिल्ली,** (भाषा) अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' की नीति को ''केवल अमेरिका'' के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'भारत प्रथम' की प्रतिबद्धता जैसी ही है। 0गबार्ड ने 'रायसीना डायलॉग' के एक सत्र में अपने संबोधन में कहा कि ट्रंप प्रशासन हिंद-प्रशांत क्षेत्र समेत विभिन्न क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करने के लिए नयी दिल्ली के साथ सुरक्षा समेत विभिन्न पहलुओं पर संबंध प्रगाढ़ करने की दिशा में काम कर रहा है।

हालांकि, उन्होंने अमेरिका की जमीन से खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियों पर या ट्रंप द्वारा अमेरिका के साझेदारों और अन्य देशों पर दो अप्रैल से टैरिफ लगाए जाने पर भारत की चिंताओं का कोई उल्लेख नहीं किया।

गबार्ड हिंदू धर्म का पालन करने वाली अमेरिकी नेता हैं। उन्होंने अपना संबोधन 'नमस्ते और जय श्री कृष्ण' के साथ शुरू किया और कहा कि ये शब्द हमारे सभी के हृदयों में मौजूद आंतरिक दैवीय भावना को झलकाते हैं और याद दिलाते हैं कि ''हम सभी जाति और धर्म से परे आपस में जुड़े हैं'' अमेरिका राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को लेकर आशावादी दृष्टिकोण रखा और कहा कि विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने का बड़ा अवसर है। गबार्ड ने कहा कि ट्रंप की 'अमेरिका प्रथम' नीति



और अमेरिकियों की सुरक्षा तथा स्वतंत्रता को उनकी नीतियों में आगे रखने को 'केवल अमेरिका' के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सोच प्रधानमंत्री मोदी की 'भारत प्रथम' की प्रतिबद्धता या न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की 'न्यूजीलैंड प्रथम' की नीति की तरह ही है। उन्होंने कहा, ''किसी भी नेता से अपने लोगों की सेवा करने की और अपने फैसलों में उनके हितों को आगे रखने की प्रतिबद्धता की अपेक्षा की जाती है।''

गबार्ड ने कहा कि ट्रंप के बारे में यह गलत धारणा नहीं बननी चाहिए कि वह ऐसे राष्ट्रपति हैं जो अन्य देशों के साथ संबंधों का महत्व नहीं समझते। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति साझा हितों की दिशा में काम करने में विश्वास रखते हैं। गबार्ड रविवार सुबह यहां पहुंचीं। वह डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की उच्चस्तरीय यात्रा करने वाली ट्रंप प्रशासन की पहली वरिष्ठ अधिकारी हैं।

भारत में अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात का जिक्र करते हुए गबार्ड ने कहा कि नेताओं को समय पर खुफिया जानकारी देने के संदर्भ में भी अवसर मिले। उन्होंने कह कि भारत-अमेरिका साझेदारी आपसी हितों को बढ़ाने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता लाने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। गबार्ड ने कहा, ''हमारे दोनों देशों के बीच साझेदारी दशकों से मजबूत रही है और यह दो महान नेताओं और दो महान मित्रों, राष्ट्रपति ट्रंप तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, और शांति व स्वतंत्रता, सुरक्षा और समृद्धि के हमारे साझा मूल्यों में निहित है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि हमारे दोनों देशों और दोनों नेताओं के बीच यह साझेदारी और मित्रता बढ़ती और मजबूत होती रहेगी।''

भूराजनीतिक उतार-चढ़ाव के संदर्भ में गबार्ड ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अडिग होकर मजबूती के साथ शांति ला रहे हैं।

शीर्ष अमेरिकी अधिकारी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने देश की नीति पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, ''यह एक विशाल और महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो सिर्फ एक भौगोलिक स्थान नहीं है, यह 21वीं सदी के लिए भू-राजनीतिक केंद्र है। इसलिए, यहां शांति और स्थिरता लाना हमारी सामूहिक सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि के हमारे उद्देश्य और हमारे समय की बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए मिलकर काम करने की हमारी क्षमता के लिए आवश्यक है।''

# मुखबिर की सूचना पर धरे गए हिस्ट्रीशीटर के हत्यारे

## बिथरी चैनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना बिथरी चैनपुर के हिस्ट्रीशीटर धर्मवीर की हत्या करने के दोनों आरोपियों को मंगलवार सुबह पुलिस ने बेनीपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास हत्या में प्रयुक्त नल का हत्था और बांका भी बरामद हुआ। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। थाना बिथरी चैनपुर के प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह मगनापुर गांव निवासी हत्यारोपी ख्यालीराम और प्रेमशंकर उर्फ नेशू के बेनीपुर पुलिया के पास मौजूद होने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थाने में पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में उन्हें जेल भेज दिया गया।

**दोनों पक्षों के बीच 12 साल से चल रही रंजिश:** वर्ष 2008 में थाना बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के मगनापुर निवासी चौकीदार पन्नालाल का पुत्र ख्यालीराम उसी गांव के मुरारी की पत्नी को भगा ले गया था। तभी मुरारी ने ख्यालीराम के विरूद्ध दुष्कर्म का मुकदमा लिखाया था, जो कोर्ट में विचाराधीन है। ख्यालीराम के जमानत पर जेल से आने के बाद मुरारी की पत्नी दोबारा ख्यालीराम के साथ चली गई। इसी रंजिश में मुरारी, उसके भाई धर्मवीर, अन्ना पुत्र जमुना प्रसाद और उनके साथी हरविन्द पुत्र जगदीश ने मिलकर ख्यालीराम के पिता पन्नालाल की हत्या कर दी थी। इस मामले में मुरारी, धर्मवीर, अन्ना, हरविन्द जेल गये थे। इसके बाद वे अपराध की दुनिया में शामिल हो गए। वर्ष 2009 में उनके खिलाफ थाना बिथरी चैनपुर में गैस्टर एक्ट का मुकदमा लिखा गया था।

### होली से एक दिन पहले 13 मार्च को दिया था वारदात को अंजाम

होली से एक दिन पहले 13 मार्च को धर्मवीर जेल से छूटकर आया था। तभी उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अभियुक्त ख्यालीराम के घर जाकर गाली गलौज की। तभी मारपीट के दौरान हैंडपम्प के हत्थे और लाठी-डंडे से पीटकर धर्मवीर की हत्या कर दी गयी। उसके भाई नेमचन्द को भी चोटें आई थीं। नेमचन्द ने ख्यालीराम पुत्र पन्नालाल और प्रेमशंकर उर्फ नेशू पुत्र रामसहाय निवासी मगनापुर थाना बिथरी चैनपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# बच्ची का रेपिस्ट और हत्यारा अधेड़ पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस

घर पर अकेला पाकर पड़ोस में 11 साल की बच्ची से की थी दरिंदगी, फिर कर दिया था कत्ल

बरेली। फरीदपुर में बच्ची से दरिंदगी के बाद हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। बीती रात परिजनों ने आरोपी रघुवीर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसके बाद पुलिस ने आज उसे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने हमला कर दिया, पुलिस ने अपने बचाओ में गोली चलाई। आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे धर दबोचा।

बरेली के फरीदपुर में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली सनसनीखेज वारदात सामने आई थी। जहां 11 साल की बच्ची जब घर पर अकेली थी और उसके मां बाप होली मिलने गए हुए थे। तभी 36 साल का रघुवीर बच्ची के घर में घुस गया और उसके साथ दरिंदगी की। क्योंकि बच्ची आरोपी को पहचानती थी इसलिए उसने उसे जान से मार दिया। ताकि सच सामने न आ सके। फरीदपुर थाने के इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि रात में परिजनों ने रघुवीर के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस घटना वाले दिन से ही आरोपी की तलाश कर रही थी और आज सुबह फरीदपुर में खेतों के पास से3 आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी, तभी पुलिस को भी बचाव में गोली चलानी पड़ी।

## शिक्षक ही कर सकते हैं ग्रामीण प्रतिभाओं का निखार: खण्ड शिक्षा अधिकारी

सरेनी(रायबरेली)।खण्ड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में आज भी ऐसी प्रतिभाएं मौजूद हैं,जिन्हें निखार कर सफलता के शिखर पर पहुंचाने का काम शिक्षक कर सकते हैं।यह दूलापुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने करके दिखा भी दिया है।वे विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शिक्षकों,अभिभावकों एवं बच्चों को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस गांव के इस विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों ने जनपद में अक्टूबर 2024 में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में क्रमशः 24वीं व 36वीं रैंक हासिल कर साबित भी करके दिखा दिया है।इसके पूर्व उन्होंने दोनों बच्चों पंकज (24वीं रैंक),काजल (36वीं रैंक) व उनके माता-पिता को विशेष रूप से सम्मानित किया।इसके अलावा समारोह में उपस्थित समस्त अभिभावकों को भी सम्मानित किया।विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका दीपिका बाजपेयी ने सभी का आभार जताया तथा बच्चों की सफलता के लिये बधाई भी दी।इस अवसर पर डी.सी. बालिका श्यामसुंदर पाण्डेय,प्रधान धर्मराज, एस.एम.सी. अध्यक्ष राजाराम, एआरपी जितेन्द्र पटेल,आनन्द प्रकाश तिवारी,स.अ. माधुरी देवी,सुनील कुमार, आदि उपस्थित रहीं।

# अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

■समस्त जिला एवं अपर जिला शासकीय अधिवक्ताओं व अभियोजन संवर्ग के अधिकारियों को मा0 न्यायालयों में प्रचलित वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

■जिला मजिस्ट्रेट ने बेहतर कार्य करने वाले विशेष लोक अभियोजक पास्को एक्ट सरनाम सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित समस्त जिला एवं अपर जिला शासकीय अधिवक्ताओं व अभियोजन संवर्ग के अधिकारियों को मा. न्यायालयों में प्रचलित वादों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में बेहतर कार्य करने वाले विशेष लोक अभियोजक पास्को एक्ट सरनाम सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री सरनाम सिंह, विशेष लोक अभियोजक, विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट जनपद बरेली द्वारा राज्य की ओर से महिलाओं से सम्बन्धित मामलों में विशेष रुचि एवं कठिन परिश्रम से प्रभावी अभियोजन कार्य सम्पादित करते हुए माह 2024 में कुल 03 मामलों में 02 प्रकरणों में 03 अभियुक्तों को 20 वर्ष का कारावास से तथा 01 मामलों में 01 अभियुक्त के विरुद्ध 10 वर्ष की सजा करायी गयी।

श्री सरनाम सिंह के उक्त सराहनीय कार्य हेतु जिला मजिस्ट्रेट, जनपद बरेली द्वारा अभियोजन की मासिक गोष्ठी की समीक्षा बैठक के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर श्री सरनाम सिंह को सम्मानित किया गया और कहा गया कि श्री सरनाम सिंह के द्वारा प्रभावी अभियोजन से सजा होने के कारण अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण भी होगा जिससे भविष्य में ऐसे अपराधों में सजा होने के कारण लोगों में सकारात्मक सन्देश जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश प्रताप सिंह, अभियाजन अधिकारी सहित शासकीय अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# सिकलापुर गोली कांड, भतीजा ही निकला चाचा का हत्यारा

●चाचा की थी भतीजे की पत्नी पर बुरी नजर, और भतीजे की नजर चाचा की संपत्ति पर

●एसपी सिटी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने 15 घंटे में किया हत्या का खुलासा

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिकलापुर चौराहे के पास घर में सो रहे बुजुर्ग दयाशंकर की सगे भतीजे ने जमीन के विवाद में गोली मारकर उनकी हत्या की थी। घटना के बाद उसने अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए उनके खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी। एसपी सिटी मानुष पारीक ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**भतीजे की पत्नी पर चाचा की नजर और भतीजे की नजर संपत्ति पर:** 15 घंटे में पुलिस द्वारा खुलासा करने के बाद एसपी सिटी मानुष पारीक द्वारा मीडिया को अवगत कराया गया की पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया उसे डर था कि उसके चाचा अपनी संपत्ति गलत जगह न बेच दें। वहीं उसने यह भी बताया कि उसकी पत्नी पर चाचा की बुरी नजर थी। इसी का बदला लेने के लिए उसने चाचा की हत्या कर दी।

**चाचा को ठिकाने लगाकर दी कोतवाली पुलिस को सूचना:** सिकलापुर निवासी रितिक ने रविवार रात एक बजे कोतवाली में दीवान को कॉल करके अपने चाचा दयाशंकर की हत्या की सूचना दी।

सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव और इंस्पेक्टर अमित पांडेय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। यहां बुजुर्ग का शव उनके बिस्तर पर पड़ा मिला। रितिक ने जो बातें बताई वह चौंकाने वाली थीं। उसने पांच लोगों के नाम बताए। कहा कि यह लोग उसे मारने आए थे और उसके चाचा को धोखे में गोली मारकर चले गए।

**गिरफ्तार करने वाली टीम:** आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम कोतवाली इंस्पेक्टर अमित पांडेय, इंस्पेक्टर क्राइम लव सिरोही, दरोगा जितेन्द्र कुमार, वीरभग्र सिंह, नीतू तोमर, रूची सोलंकी, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह, अखिलेश यादव और कपिल तोमर शामिल रहे।

### कोतवाली पुलिस द्वारा 15 घंटे में चौंकाने वाला खुलासा

एसपी सिटी मानुष पारीक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने निर्देश दिया तो पुलिस ने रात में नीरज, अमित, सचिन, वासू व अप्पू को इनके घर से पकड़ लिया। अधिकांश लोग घरों में बेफिक्र होकर सो रहे थे। पुलिस ने इनसे पूछताछ व सभी तरीकों से जांच शुरू कर दी। पूछताछ के बाद साफ हो गया कि हत्या रितिक ने ही की है। करीब 15 घंटे तक चली जांच में रितिक ने आरोप कबूल कर लिया। आरोपी के पास से एक 315 तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारसूत, एक पेचकस और एक प्लास बरामद हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### गौसगंज क्रॉसिंग के पास लटका मिला युवक का शव

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव इनायतपुर में सोमवार देर शाम एक व्यक्ति का शव गौसगंज क्रॉसिंग के पास नीम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय बादशाह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। मृतक के भतीजे राजेश के अनुसार, बादशाह सोमवार शाम घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकले थे। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गौसगंज क्रॉसिंग के पास एक व्यक्ति का शव नीम के पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने शव की पहचान बादशाह के रूप में की और परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब परिजनों से पूछताछ की गई तो उन्होंने किसी भी तरह के विवाद या दुश्मनी से इनकार किया। मृतक की पत्नी कृष्णा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। बादशाह खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। वह अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। पुलिस कर रही मामले की जांच फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह आत्महत्या है या किसी साजिश के तहत उनकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### जमीनी विवाद के चलते परिवार में खूनी संग्राम

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। मामला जिले के आंवला क्षेत्र के मजरा दौलतपुर गाव का है जहां बीती रात जमीनी विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच खूनी संग्राम हो गया। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे पर लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला किया। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार गांव के रामेश्वरी और उसके भाई रम्मू के बीच काफी समय से संपात्ति और रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार को विवाद इतना बढ़गया कि रम्मू अपने बेटे जितेंद्र और बलराम के साथ रामेश्वर के घर में घुस गया। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडो से हमला कर दिया, जिससे अफरा तफरी मच गई। रामेश्वर का आरोप है कि झगड़े के दौरान उसे और उसके परिवार को मारने की धमकी दी गई और गंदी गालियां दी गईं। हमले में रामेश्वर को गंभीर चोटें आई, जिसके बाद वह थाने गया और तहरीर दी। दूसरी ओर रम्मू ने भी रामेश्वर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रम्मू का कहना है कि वह गांव के कुछ सम्मानित लोगों के साथ रास्ते के विवाद को सुलझाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इसी दौरान रामेश्वर ने लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में रम्मू के सिर पर गंभीर चोट आई और हाथ में भी गहरी चोट आई। इतना ही नहीं रम्मू का आरोप है कि झगड़े के दौरान रामेश्वर के बेटे रविंद्र की पत्नी हसिया लेकर आई औ जान से मारने की धमकी दी। आंवला थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गाय है और जांच शुरू कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों को आत्मनिर्भर बना रहे वलौली के किसान: महीप त्रिवेदी

नेशनल एक्सप्रेस/लालगंज(रायबरेली)।क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली के रहने वाले महीप त्रिवेदी किसानों के लिए नई राह बना रहे हैं।वह सहकारिता विभाग से संबद्ध किसान उत्पादक संगठन चलाते हैं,जो क्षेत्रीय किसानों को कैश क्रॉप की ओर आकर्षित कर रहा है।उनके संगठन का मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।महीप त्रिवेदी खुद मशरूम फार्मिंग,बी फार्मिंग (मधुमक्खी पालन) और कच्ची घानी सरसों के तेल का उत्पादन करते हैं।वह किसानों को परंपरागत खेती से अलग हटकर व्यावसायिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।उनके अनुसार,कैश क्रॉप खेती से किसान कम समय में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।उनका संगठन किसानों को प्रशिक्षण देने के साथ ही बेहतर बीज,आधुनिक तकनीक और विपणन सुविधा भी उपलब्ध कराता है।इससे छोटे और मध्यम वर्ग के किसान बिचौलियों पर निर्भर हुए बिना सीधे बाजार से जुड़ रहे हैं।

महीप त्रिवेदी का यह प्रयास किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है।उनकी इस पहल से न सिर्फ क्षेत्रीय किसान सशक्त हो रहे हैं,बल्कि रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं।

# दबंगों द्वारा पहले जमकर मारा पीटा फिर गाड़ी से उड़ाया

## फनसिटी के सामने युवक को गाड़ी से उडाया,घटना सीसीटीवी में कैद, 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र का है जहां कुछ दबंगों ने होली रंग वाले दिन एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया इसके उपरांत उसे गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। पीड़ित के भाई ने मामले की शिकायत पुलिस से की जिसके आधार पर इज्जतनगर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें इज्जतनगर की सनसिटी विस्तार कॉलोनी निवासी बुईनिश शंखधार के अनुसार उनका भाई होली वाले दिन मोहनिश शंखधार दुकान से सामान लेने गए थे। तभी मोहनिश का दुकानदार मो कमर से उसकी किसी बात पर कहा सुनी हो गई उसी समय, वहां मौजूद जो पहले से वहां उपस्थित थे आदित्य प्रताप सिंह, यश जौहरी, युवराज सिंह, तुषार भारद्वाज और प्रियांशु विष्ट शराब पी रहे थे। दुकानदार के इशारे पर इन लोगों ने मोहनिश को पकड़ लिया और धार्मिक टिप्पणी करते हुए बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।



**गाड़ी से कुचलने की कोशिश, घटना सीसीटीवी में कैद:** पीड़ित किसी तरह खुद को छुड़ाकर भागा, लेकिन तभी तुषार भारद्वाज ने गुस्से में कहा कि ह्लइसे गाड़ी से कुचलकर मार डालेंगे। इसके बाद उसने तेज रफ्तार कार मोहनिश पर चढ़ाने की कोशिश की। मोहनिश सड़क पर गिरने के बजाय पार्क की ओर गिर गया, जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन कार उसके पैर के ऊपर से निकल गई, जिससे उसकी हड्डी टूट गई। कॉलोनी गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। घायल मोहनिश को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके पैर में गंभीर चोटें पाई गईं।

**इन आरोपियों पर एफआईआर, पुलिस जांच में जुटी:** पीड़ित की शिकायत के बाद इज्जतनगर पुलिस ने सन सिटी विस्तार निवासी आदित्य प्रताप सिंह, यश जौहरी, युवराज सिंह, राजेंद्र नगर निवासी तुषार भारद्वाज और कुर्मांचल नगर निवासी प्रियांशु विष्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। जल्द की आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रॉली चोर गैंग का पुलिस ने किया भंड़ाफोड़

## ट्रैक्टर से अलग खड़ी ट्रॉलियों को निशाना बनाते थे शातिर चोर गैंग के चार शातिर चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार एक रायबरेली व तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं शातिर चोर

नेशनल एक्सप्रेस



रायबरेली।मंगलवार को रायबरेली पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पदार्फाश किया है जिसके निशाने पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां होती थी।गैंग के सदस्य बाइक पर घूम घूम कर पहले ट्रैक्टर से निकाल कर खड़ी की गई ट्रॉली को चिन्हित करते थे।इसके बाद रात में ट्रैक्टर लाकर उसमें अटैच कर फरार हो जाते थे।सलोन पुलिस को जानकारी मिली थी कि उनके इलाके से दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां गायब हुई हैं।पुलिस ट्रॉली मालिकों से तहरीर प्राप्त कर इसकी तलाश में जुटी थी तभी मालूम हुआ कि प्रतापगढ़ जिले के कुछ शातिर चोर यहां के हिस्ट्रीशीटर से मिलकर इस घटना को अंजाम दे रहे हैं।इंस्पेक्टर सलोन जेपी सिंह की टीमें एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में लगीं तो यह शातिर गैंग हत्थे चढ़ गया।गैंग के चार सदस्यों में से तीन प्रतापगढ़ के हैं और एक रायबरेली जिले का ही निवासी है।इन चारों दीपक कुमार तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम कंचनपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़,विवेक वर्मा उर्फ लवकुश पुत्र रामशंकर वर्मा,नवनीत शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासीगण पूरे चोप सिंह मजरे अगई थाना लालगंज जिला प्रतापगढ़ व राहुल पटेल पुत्र फूलचंद पटेल निवासी अईवा का पुरवा मजरे कमालुद्दीनपुर थाना सलोन जनपद रायबरेली ने सलोन इलाके से दो ट्रॉलियां चोरी की थीं जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की दो बाइकें और एक ट्रैक्टर भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि बीती 20 फरवरी 2025 को सलोन थाना क्षेत्र के ग्राम चपई का पुरवा ममुनी निवासी सुनील कुमार व बीती 2 फरवरी 2025 को सलोन थाना क्षेत्र के ही ग्राम रायपुर कसिहा निवासी दलबहादुर सिंह ने ट्रैक्टर ट्राली चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।मामले की जांच के लिए टीमें गठित कर माल बरामदगी व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा था।जिनका मंगलवार को सलोन पुलिस टीम द्वारा सफल अनावरण करते हुए चोरों के गैंग के कुल चार शातिर अभियुक्तों को थाने क्षेत्र के अंतर्गत पूरे बदऊ मोड़ से चोरी की योजना बनाते समय चोरी करने वाले उपकरणों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले से भी चोरी समेत विभिन्न धाराओं में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर मोटरसाइकिल चोरी करते थे।रोड़ के किनारे खड़े ट्रैक्टर की ट्रॉली को ट्रैक्टर से लाकर टोचन करते थे।चोरी के बाद वाहनों को सुनसान जगह पर छिपा देते थे फिर जरुरतमंद लोगों को अपनी मजबूरी का हवाला देकर कम कीमत में बेंच देते थे।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।बरामद किए गए वाहनों की कीमत लगभग 8 लाख रुपये है।पकड़े गए आरोपियों में दीपक कुमार तिवारी के खिलाफ प्रतापगढ़ व रायबरेली में लगभग एक दर्जन आपराधिक मुकदमें पंजीकृत हैं।वहीं विवेक वर्मा,नवनीत शर्मा व राहुल पटेल के खिलाफ क्रमशः 5 व तीन-तीन अभियोग पंजीकृत हैं।

# हरे पेड़ों की हो रही कटाई, अधिकारी नहीं कर रहे ठोस कार्यवाही

नेशनल एक्सप्रेस



सरेनी(रायबरेली)।वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है।इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है।प्रशासन भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है।जबकि हर वर्ष सरकार व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है।इस पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं,विभिन्न संस्थाएं भी लगातार जागरूक करते हुए पौधरोपण कर रही हैं,जिससे हमारा क्षेत्र व देश हरा भरा रहे और प्रकृति संरक्षण का सपना साकार हो सके।जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरतते हैं।एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोतवाखेड़ा गांव में बेखौफ वन माफिया ने बिना परमिट वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से प्रतिबंधित हरे नीम के पेड़ को काटकर जमींदोज कर दिया।जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुई तो खुद का दामन बचाने के लिए वन विभाग ने महज खानापूर्ति करते हुए मुकदमा पंजीकृत करने हेतु तहरीर दी है।वहीं जब उक्त संबंध में वन दरोगा ओपी सिंह से जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने काल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।वहीं जब वन रक्षक आशीष कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि सोतवाखेड़ा गांव में अवैध कटान की सूचना मिली थी।मौके पर पहुंचने से पहले ही लकड़कट्टा एक हरे नीम को काटकर लकड़ी लेकर जा चुका था।उक्त संबंध में थाने तहरीर दी गई है,संबंधित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।उल्लेखनीय है कि बढ़ते पर्यावरण संकट के समाधान के लिए पर्यावरणविद्, वैज्ञानिक,समाजसेवी तथा सरकार द्वारा भले ही हर वर्ष पौधरोपण कराकर वन संरक्षण का प्रयास किया जा रहा हो लेकिन मौके की स्थिति बेहद चौकाने वाली है।वनों से कीमती लकड़ियों के काटे जाने से वन समाप्त होते जा रहे हैं।वन विभाग के लोग वन माफियाओं के सहयोगी जैसी भूमिका अदा करते हैं।वनों से साखू, सागौन, वियजसाल, खैर, चिलबिल,बबूल के पेड़ सिर्फ नाम मात्र के बचे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहेः डीएम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /सम्भल बहजोई। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कलक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद के प्रत्येक ग्राम में कोई भी पात्र व्यक्ति जो आवास विहीन है तथा कच्चे मकान हैं उनके सर्वे के लिए प्रत्येक विकासखंड के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन लोगों को जागरूक करेंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहे तथा कोई भी पात्र कच्चे मकान में न रहे सभी को आवास प्राप्त हो सकें, इसके लिए सर्वेयर लगाए गयें है प्रत्येक सर्वेयर को तीन ग्राम सर्वे के लिए दिये गये हैं तथा यह सर्वे का कार्य उनको 31 मार्च तक पूर्ण करना होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल के रसोईघर में चोरी प्रधानाध्यापक ने थाने में दी तहरीर

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी थाना क्षेत्र के गांव बुधनगरखंडवा में कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने चंदौसी कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बताया की होली के अवकाश के बाद विद्यालय सोमवार को खोला गया तो पाया कि स्कूल से अज्ञात चोरो द्वारा स्कूल रसोईघर से गैस,सिलेंडर, पंखा, भागोने,कुकर,बाल्टी भट्टी, व राशन का सामान आदि चोरी कर लिया गया है ' इसको लेकर चंदौसी कोतवाली में तहरीर दी है और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की ' इस मामले की जानकारी देते हुए चंदौसी कोतवाली प्रभारी द्वारा बताया गया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

### 6 घरों में पकड़ी बिजली चोरी, 12 लोगों के बकाया होने पर काटे कनेक्शन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। सोमवार को उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार मय प्रवर्तन दल के अजय कुमार चौरसिया उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड प्रथम चंदौसी । आलोक कुमार अवर अभियंता तहसील, तथा लाइन स्टाफ के साथ घरेलू विद्युत चेकिंग अभियान सुबह 10:00 बजे से मोहल्ला कुरेसियान,तथा पंजाबियान चंदौसी शहर में चलाया गया । चेकिंग के दौरान कुल 06 विद्युत चोरी पाए गए जिनका कुल भार 5 किलोवाट पाया गया । यह कटिया डालकर तथा इनकमिंग केवल में कट लगाकर विद्युत चोरी करते पाए गए। साथ ही इस अभियान के तहत 36 घरों को चेक किया गया जिसमें की 12 लोगों की लाइन बकाए पर कटवाए गए। जो विद्युत चोरी में लिप्त थे उनके खिलाफ विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा रही है। इस माह मे अभियान लगातार शहर के सभी मोहल्लो में जारी रहेगा। अतः सभी से अनुरोध है कि अपने विद्युत बकाये को समय से जमा करा दें तथा किसी भी अप्रिय कार्रवाई से बचें।

### 22 मार्च को होगा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /सम्भल। मंगलवार को आमिर जुबैर,जिला सेवायोजन अधिकारी, द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय संभल एवं इशरत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, तुतीपुर इल्हा संभल के संयुक्त तत्वाधान से एक दिवसीय रोजगार मेला इशरत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज के प्रांगण में दिनांक 22 मार्च 2025 दिन शनिवार को लगाया जाना प्रस्तावित है। रोजगार मेला प्रातः 10:30 बजे से 3:00 तक रहेगा। जिसमें इंडियन सिक्योरिटी फोर्स, एल0आई0सी0, शिवशक्ति एग्रीटेक नवभारत फर्टिलाइजर्स, श्री गणेशा कंसल्टेंसी, हायर एप्लायंसेज, पुखराज हेल्थ केयर, इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। उपरोक्त सभी कंपनियां डेस्क जॉब, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सिक्योरिटी गार्ड, बीमा सलाहकार एवं अन्य कंपनी पदों के रूप में भर्ती करेंगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल १ड्ड१२ल्लौं.४स्त्र.ड्ड५.ल्ल पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक आई0टी0आई0 (समस्त वर्ग ) रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ यह भी बताया कि रोजगार मेला निःशुल्क है।

### अवैध शस्त्र के आरोपी को जेल में बितायी अवधि व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कनविक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में मंगलवार को मु0अ0सं0 371/1998 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बहजोई जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त अजय सिंह निवासी पवाँसा थाना बहजोई जनपद सम्भल को न्यायालय ए०सी० जे०एम० सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को उपरोक्त अभियोग में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि 02 दिवस के कारावास व 1500/- रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में राकेश शुक्ला ए.पी.ओ, हे०का० हारुन मलिक कोर्ट मोहर्रिर तथा कोर्ट पैरोकार का० देवेश सैनी का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएम और एसपी ने उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु के साथ की बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**





सम्भल बहजोई। मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अंतर्गत उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह के द्वारा विभिन्न एजेण्डा बिंदुओं से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया । एमएसएमई नीति, तकनीक उन्नयन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसको लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। ओडीओपी सीएफसी का विद्युत कनेक्शन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी व्यक्त की जिसको लेकर संबंधित को प्रकरण का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। निवेश मित्र के लंबित पांच प्रकरण पर भी चर्चा की गयी जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री उद्यमी स्वरोजगार योजना के ऋण वितरण की कम प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्ति की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उद्योग बंधु के सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव रखे गए जिनको लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ई-रिक्शा की समस्या को लेकर भी उद्योग बंधुओं ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने एक अभियान चलाकर ई-रिक्शा की करवाई बढ़ाने के निर्देश दिए। सरायतरीन में साइन बोर्ड की समस्या को लेकर अवगत कराया जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत उपायुक्त राज्य कर द्वारा बैठक के एजेंडा बिन्दुओं से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिसमें संबंधित से किस बिन्दु पर क्या कार्यवाही हुयी उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रेलवे क्रासिंग बहजोई के 50 मीटर दोनों ओर नो पार्किंग जोन घोषित करने को लेकर भी चर्चा की तथा चंदौसी में हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अन्तर्गत दुकानों के आवंटन, आधार कार्ड के अंदर सशोधन को लेकर चर्चा की। रेलवे क्रॉसिंग बहजोई को लेकर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका एवं पुलिस की एक टीम बनाई जाए और उसके द्वारा जांच करते हुए समस्या का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। चंदौसी में नालों की तली झाड़ साफ सफाई को लेकर व्यापार बंधुओ ने समस्या रखी इसको लेकर नगर पालिका चंदौसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल निगम के द्वारा पाइपलाइन लीकेज के प्रकरण के विषय में व्यापार बंधुओ ने अवगत कराया जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने जल निगम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में ठंडे पानी के फ्रीजर को ठीक कराने की समस्या को लेकर अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए कहा कि समय रहते हुए समस्त फ्रीजर को ठीक कराया जाए और सभी संचालित रहें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ,उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह ,कमल कौशल वार्ष्णेय, अरविंद कुमार गुप्ता,ताहिर सलामी एवं संबंधित अधिकारी तथा उद्योग बंधु व्यापार बंधु के सदस्य उपस्थित रहे।

## सरकार द्वारा चलाई गई योजना लाभार्थी तक पहुंचे : ब्लॉक प्रमुख



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी तहसील के विकास खण्ड बनियाखेड़ा मे ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने सरकार द्वारा संचालित समस्त लाभार्थी परक योजनाओं की समीक्षा बैठक की जिसमे ग्राम पंचायत की योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से समीक्षा की,खराब प्रगति बाली ग्राम पंचायत पर तैनात सचिवों से नाराजगी व्यक्त करते हुए, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को प्रगति मे सुधार करने एवं प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के स्पष्ट निर्देश निर्गत किये,प्रत्येक ग्राम पंचायत मे विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं की की समीक्षा करते हुए ग्राम पचांयत पर ही समस्त प्रकार की पेंशन योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने को कहा, यंहा बताते चले डॉ सुगंधा सिंह के द्वारा ब्लॉक प्रमुख का पदभार ग्रहण करते ही सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं पेंशन योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से निःशुल्क शिविर का संचालन भी कराया ताकि लाभार्थियों को इधर उधर परेशान न होना पड़े,ब्लॉक प्रमुख ने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आबास, व मनरेगा, पेंशन, कृषि आदि समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा ली।

## जावेद अंसारी को आजाद समाज पार्टी का जिला कोषाध्यक्ष बनाया



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी में मंगलवार को जिला अध्यक्ष हिन्दवीर सिंह के द्वारा हुई बैठक मे मोहम्मद जावेद अंसारी एडवोकेट को आजाद समाज पार्टी लीगल सेल के जिला कोषाध्यक्ष संभल के पद पर नियुक्त किया गया और बताया कि हम अपेक्षा करते है की ये अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से निभायेगे और पार्टी को अपना पूर्ण योगदान देंगे इसके साथ है सभी साथियो ने मोहम्मद जावेद अंसारी एडवोकेट को दिल से आजाद पार्टी मे शामिल होने पर दिल से बधाईया दी।

## कैप्सूल कवर धार्मिक भावनाओं के आहत व मानसिक तनाव का बनता है कारणः जिलाध्यक्ष

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपते हुए बताया कि दवाओं में इस्तेमाल होने वाले कैप्सूल के पैकेट या डिब्बे पर उसमें मौजूद मेडिसन कंटेंट की जानकारी तो होती है लेकिन ज्यादातार मामलों में कंपनियां ये नहीं लिखती है कि उक्त कैप्सूल कवर किससे बना है।, कैप्सूल कवर दो प्रकार से निर्माण किया जाता है। या तो जिलेटिन से या सैल्यूलस से। जिलेटिन जानवरों की हडिडयों या फिर खाल को उबाल कर निकाला जाता है। जो प्रोसेसिंग कर चमकदार व लचीला कैप्सूल कवर बनाया जाता है। दूसरा सेल्यूलस से कवर बनाया जाता है जो पेड़ों की छाल व विशेष प्रकार की पत्तियों से प्रोसेसिंग कर बनाया जाता है। उक्त विषय में डीएम से निम्न प्रकार से आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया है कि कैप्सूल कवर पर उसके निर्माण की कंटेंटस का न लिखा होने से धार्मिक भावनाओं के आहत होने व मानसिक तनाव का कारण बनता है।क्या खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त कैप्सूल कवर का कोई परीक्षण कराया गया है कि वह जिलेटिन से बना है या सेल्यूलस से। जिससे सनातन धर्म के मानने वालों को स्थिति स्पष्ट हो सके।व्यापार मण्डल यह मांग करता है कि प्रत्येक कैप्सूल पर, स्ट्रिप व डिब्बे पर स्पष्ट लिखा होना चाहिये कि कैप्सूल का कवर वेज है या नोनवेज है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि जनहित व व्यापारिक हित में उक्त विषय पर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। जिससे समस्त जन मानस को भ्रामक स्थिति से अवगत कराया जा सके।

## भारतीय महिला सेवा मंडल ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**



चंदौसी। भारतीय महिला सेवा मंडल द्वारा होली मिलन समारोह सीता रोड पर स्थित श्री गीता सत्संग भवन में बड़े हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया ।होली हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है जो बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रेम और रंगों का प्रतीक है यह त्यौहार भक्त प्रहलाद की याद में मनाया जाता है जब होलीका प्रहलाद को जलाना चाहती थी लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से बच गए थे और होलिका जल गई थी। इसलिए भक्त प्रहलाद की याद में होली जलाई जाती है। सर्वप्रथम ग्रुप की अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रुप में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी, साथ ही सभी सदस्यों ने भी अबीर, गुलाल लगाकर आपस में सभी को होली खेली और बधाई दी ।कार्यक्रम में कई प्रकार के गेम आयोजित किए गए जिसमें पंचवल्टी,हाउसिंग,होली गीत मल्हार,फूलों की होली,कृष्ण राधा के साथ डांस, इत्यादि का आयोजन किया गया। ग्रुप की महिलाओं ने ढोलक बजा कर सभी सदस्यों के साथ गणेश वंदना मेरा खो गया वाजू बंद रसिया होली में होली खेल रहे नंदलाल, आज विरज में होली रे रसिया, होली आयी रे कन्हाई रंग बरसे आदि होली के गानों पर नृत्य करके बहुत ही आनंद किया।साथ ही होली पर मनोरंजन गेम्स, तमोला गेम खेल कर खूब मस्ती की विजेताओं को उपहार दिए गए, सभी उपस्थित जनो को भी उपहार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन भारतीय महिला सेवा मंडल की अध्यक्ष ने किया। अंत में सभी ने जलपान का आनंद लिया।

## दो मासूम बच्चों ने रखा अपना पहला रोजा, पूरे दिन रोजे में इबादत कर मांगी अल्लाह से दुआ

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



समभल। माह-ए-रमजान का पाक महीना चल रहा है मुस्लिम समुदाय के लोगों में इबादत और रोजे को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सम्भल की पंजू सराय निवासी दस वर्षीय राहिब ने भी अपना पहला रोजा रखा उसी के छोटे भाई आठ वर्षीय अब्दुल रहमान इस बड़े संकल्प को देखकर परिवार और आसपास के लोग उसकी हिम्मत की सराहना कर रहे हैं। करीब 13 घंटे तक बिना कुछ खाए-पिए राहिब व अब्दुल रहमान ने रोजे की तमाम परंपराओं का पालन किया और पांचों वक्त की नमाज अदा कर अल्लाह से दुआ मांगी। धूप में भी उसने पूरे संयम के साथ रोजे का एहतराम किया, ताकि उसका रोजा कबूल हो। नन्हे रोजेदारों का यह जज्बा बड़ों को भी प्रेरित कर रहा है। रमजान इस्लाम धर्म में 12 महीनों में सबसे पाक माना जाता है। इसमें हर बालिग पर रोजा फर्ज है, लेकिन छोटे बच्चे भी खुदा को राजी करने के लिए पीछे नहीं हैं। पूरे उत्साह के साथ वे इबादत और रोजे में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान रिहान मिर्जा, रिजवान मिर्जा, सलीम मिर्जा, मोहम्मद जैद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अकिल, मारिब,हसिर, रजान, जोहान, अली मिर्जा, शाहरुख मिर्जा यावर, फाइज आदि मौजूद रहे।

## डेढ लाख रुपए की हुई चोरी में से 26110 रुपए के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




सम्भल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार बिश्नोई के आदेश के अनुपालन मे व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द के कुशल निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना कोत० सम्भल पर दिनांक 08.03.25 को मंडी समिति परिसर में व्यापारी से हुई डेढ लाख रुपए की चोरी जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0 बनाम अज्ञात के सफल अनावरण हेतु प्र०नि० अनुज तौमर के निर्देशन में गठित ठीम द्वारा मंगलवार को मुखबिर द्वारा प्राप्त सचूना पर अभियुक्तगण सकेर सिंह नि० रावद थाना बेटमा जिला इन्दौर मध्य प्रदेश, जोवंशी नि० मुण्डीखेड़ी थाना जाबर जनपद सीहोर मध्य प्रदेश,नूरीन नि० ग्राम काकरिया खेड़ी थाना जावर जनपद सीहोर मध्य प्रदेश को भूरे खां की ज्यारत के पास से समय करीब 11.05 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 26110 रुपये व एक आधार कार्ड व एक पासबुक पीएनबी बैंक, व एक मोटरसाईकिल यामाहा एफजेडएस रजि०नं0 उ्छ5रअढ1611 व एक मोबाईल वीवो कम्पनी बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे की बढौतरी कर वैधानिक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को भूरे खां की ज्यारत के पास से उ०नि० सत्यम बालियान थाना कोतवाली सम्भल जनपट सम्भल, है0का0 संतोष कुमार,हे0का0 संजय सिंह,का0 प्रदीप कुमार,का0 वीरेश कुमार,का0 शेर सिंह के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष भेजा गया।

# बगिया वाली माता की जात के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

**बगिया वाली मंदिर में पूर्ण होती हैं सभी मनोकामना**

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**





चंदौसी। होली के बाद प्रथम मंगलवार को बगिया वाली मंदिर पर हजारों की संख्या में लोगों ने लगाई जात, नगर के सीता रोड पर रघुनाथ ब्रह्मचय आश्रम ट्रस्ट के कई मंदिर हैं। इसमें मूछों वाले शंकर जी का मंदिर, हनुमान जी का मंदिर तथा बगिया वाली देवी का मंदिर प्रसिद्ध है।बगिया वाली मंदिर का नाम बगिया में देवी मंदिर स्थापित होने के कारण पड़ा। मान्यता है कि इस मंदिर में सभी मनोकामना पूरी होती है। वर्तमान में आम की बगिया पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। इस मंदिर में शीतला माता की मूर्ति स्थापित है। यह मूर्ति पहले मठिया के अंदर थी। अब इसने भव्य मंदिर का रूप ले लिया है। पंडित हनुमान सिंह के परिवार के सदस्य मुनीश शर्मा ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 1931 में पंडित हनुमान सिंह द्वारा की गई थी। इसके बाद पंडित काली चरन शर्मा द्वारा इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। पहले शीतला माता की मंदिर में अकेली मूर्ति स्थापित थी। बाद में माता काली की मूर्ति स्थापित हुई। ट्रस्ट के पूर्व मंत्री हरी शंकर शर्मा की प्रेरणा से पंडित सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2011 में नौ देवी की मूर्ति की स्थापना की गई।

## संपादकीय

# शीर्षता की सूची में

**भारत** के प्रमुख शैक्षिक, प्रौद्योगिकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों के लिए बेहद अच्छी खबर है। अब भारत भी शीर्षता की वैश्विक सूची में उपस्थित है। देश के 9 संस्थान शीर्ष 50 संस्थानों की जमात में शामिल हैं और 79 भारतीय विश्वविद्यालयों को भी शीर्षता के तौर पर चिह्नित किया गया है। बीते साल यह संख्या 69 थी। एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे संस्थान और विश्वविद्यालय 500 शीर्ष की सूची में भी नहीं आते थे। उसमें भी कोई राजनीतिक और भारत को 'पिछड़े देश' के तौर पर आंकने की मानसिकता रही होगी, क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में भारत शीर्ष देशों की श्रेणी में रहा है। नालंदा, तक्षशिला इसके सांस्कृतिक उदाहरण रहे हैं, लेकिन वक्त के मुताबिक, शिक्षा के आयाम और क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आज कृत्रिम बौद्धिकता, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग का बिल्कुल परिवर्तित युग है, लिहाजा रोजगार की अपेक्षाएं भी बदली हैं। सुखद और प्रोत्साहित खबर यह है कि भारतीय विश्वविद्यालयों के 24 इंजीनियरिंग संस्थान, सोशल साइंस के 20 और प्राकृतिक विज्ञान के 19 संस्थान शीर्षता की सूची में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह उपलब्धि ऐसे समय हासिल हुई है, जब बहुधा रपटों और सर्वेक्षणों के निष्कर्ष सामने आ रहे थे कि भारतीय स्नातकों में कौशल, हुनरमंदी का घोर अभाव है। अब क्यूएस रैंकिंग सूची में विश्वविद्यालयों और संस्थानों के कौशल संबंधी प्रयासों का भी उल्लेख किया गया है, नतीजतन स्नातकों की वरीयता में नियोक्ताओं (एंप्लायर) की अपेक्षाओं और दृष्टिकोण में भी काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी हालिया साक्षात्कार में कहा है कि दुनिया कुछ भी कर ले, लेकिन भारत के बिना 'एआई' (कृत्रिम बौद्धिकता) अधूरी है।

हालांकि भारत सरकार में कौशल मंत्रालय का गठन प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्र रूप से किया था, लेकिन कौशल के नाम पर कुछ भाषण देना या सुनना के अलावा हम ठोस और व्यावहारिक तौर पर इसे आंदोलन नहीं बना सके हैं, लिहाजा हमारे युवा वैश्विक ही नहीं, घरेलू आधार पर भी पिछड़े हैं। बहरहाल हम शीर्षता की जमात में शामिल हो गए हैं, लेकिन क्यूएस 2025 में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत ज्ञान और अर्थव्यवस्था का शीर्ष गंतव्य, गढ़ बनने में अब भी पीछे है। यह भी रेखांकित किया गया है कि भारत के संभ्रांत और विशिष्ट विश्वविद्यालयों को अपने छात्रों के सीखने के अनुभवों में सुधार की गुंजाइश बेहद जरूरी है। उसी के बाद वे वैश्विक तौर पर अपनी उपस्थिति साबित कर पाएंगे। छात्रों के सीखने के अनुभवों और उन्हें प्रशिक्षित बनाने में बेहतर शिक्षकों, निरंतर निरीक्षण और पाठ्यक्रम विकास आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सूची में शामिल विश्वविद्यालय और संस्थान क्यूएस वरीयता प्रणाली के ऐसे मानदंडों पर लगभग खरे साबित हुए हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली में पर्याप्त प्रशिक्षित शिक्षकों और उनके काम करने की माकूल स्थितियां आज भी हमारी उच्च शिक्षा के लिए बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं।

संस्थानों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं अथवा छात्रों के अनुपात में अध्यापक बहुत कम हैं। 2023 की एक कैग रपट में खुलासा किया गया था कि आईआईटी संस्थानों में शिक्षकों की भर्ती नियमित रूप से की जाती रही है, लेकिन अब भी वे उतने नहीं हैं, जितने छात्रों के अनुपात में होने चाहिए। ऐतिहासिक कमजोरी यह है कि ऐसे शिक्षकों की संख्या को वैज्ञानिक तौर पर कभी भी तय नहीं किया गया। 2009 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक कार्यबल का गठन किया था। उसे फैकल्टी की संख्या और उनकी गुणवत्ता के मानक तय करने थे। उसके डाटा को प्रत्येक शैक्षिक संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराना था, लेकिन कार्यबल ने जो अनुशंसाएं कीं, उन्हें आंशिक तौर पर लागू किया गया। आज शिक्षा का बजट देश के जीडीपी का उतना हिस्सा नहीं है, जितना होना चाहिए।

# क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?



ललित गर्ग

> भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? 0भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान्‌ शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है।

फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है। हो सकता है आजमी का यह औरंगजेब प्रेम एवं मुस्लिम कट्टरतावादी सोच हो, लेकिन औरंगजेब ने संभाजी महाराज को 40 दिनों तक जो यातनाएं दीं, वह क्या थी? उनकी आंखें निकाली गईं, जीभ काटी गई, उनके शरीर को लहूलुहान करके उस पर नमक छिडका और फिर उनकी हत्या कर दी गई, इस तरह क्रूरता एवं बर्बरता बरतने वाले शासक को कैसे आदर्श कहा जाये? असंख्य महिलाओं एवं बच्चों पर अत्याचार करना, जबरन धर्म परिवर्तन कराना, हिन्दू मन्दिरों को तोड़ना, देश की समृद्धि का गलत उपयोग करना कैसे प्रेरणास्पद हो सकता है?

औरंगजेब पोत राज्यों, राजपूताना और मराठा शासकों के परिवारों का अपहरण कर लेता था और उन्हें बंधक बना लेता था। ताकि वह निर्विरोध शासन करते हुए सम्पूर्ण भारत पर आधिपत्य कर सके। उसने सभी गैर-मुस्लिम प्रजा और पोत राज्यों से धार्मिक असहिष्णुता कर "जज़यि" वसूला। औरंगजेब एक असहिष्णु, क्रूर एवं कट्टरपंथी था और उसकी कट्टरता के कारण करोड़ों लोगों को कष्ट सहना पड़ा। शांति और बहुसंस्कृतिवाद की भूमि भारत में ऐसे अत्याचारी को आदर्श नहीं बनाया जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब औरंगजेब जैसे मुगल शासकों के प्रति प्रेम का प्रदर्शन उमड़ा हो, जब दिल्ली की एक सड़क का नाम औरंगजेब रोड से बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया था, तब भी बहुत हाय-तौबा मचाई गयी थी। उस समय भी अनेक लोगों ने औरंगजेब को महान शासक बताया था। जबकि इतिहासकारों ने भी दर्ज किया है छल से छत्रपति संभाजी को पकड़ने के बाद औरंगजेब ने अत्याचार एवं अमानवीयता की सभी हद पार करते हुए जुल्म किए। औरंगजेब छत्रपति संभाजी को इस्लाम कबूल करने के लिए मजबूर कर रहा था लेकिन छत्रपति ने सब प्रकार के कष्ट सहे लेकिन इस्लाम कबूल नहीं किया। जब फिल्मकार ने इस सच को सिनेमा के माध्यम से सबके सामने रखा तो अबू आजमी ने सच को स्वीकारने की बजाय इतिहास को ही झुठलाने का प्रयास किया। उनके बयान की पक्ष-विपक्ष सबने आलोचना की है। कुल मिलाकर, औरंगजेब की तारीफ करने पर चौतरफा घिरे सपा विधायक अबू आजमी को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। उनके खिलाफ दो एफआईआर भी दर्ज की गई हैं जब मामला और बिगड़ गया तो अबू आजमी ने माफी मांगी। हालांकि, उनका कहना है कि उन्होंने जो कहा, वह इतिहासकारों के हवाले से कहा। लेकिन बड़ा प्रश्न है कि वे कौन से इतिहासकार हैं जिनका हवाला अबू आजमी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि अबू आजमी सरीखे कुछ चाटुकार एवं चारण लोग इतिहासकारों में भी हुए हैं, कांग्रेस के शासन में ऐसे इतिहासकारों से मुगल शासन को महिमामंडित करके लिखवाया गया एवं स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर हिन्दुस्तान की रग-रग में उतारा गया है। औरंगजेब जैसे तानाशाही शासकों के क्रूर चेहरे को छिपाने के लिए झूठे-सच्चे कुछ किस्सों का सहारा लिया है। परंतु ये फर्जी इतिहासकार सच को छिपा नहीं सके। सिद्धांत, सच और व्यवस्था के आधारभूत मूल्यों को मटियामेट कर सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्तर पर कीमत वसूलने की ऐसी कोशिशों से बहुत नुकसान हो चुका है, अब इन मनसूंबों को कामयाब नहीं होने दिया जा सकता। सत्य को ढका जाता रहा है पर स्वीकारा नहीं गया। और जो सत्य के दीपक को पीछे रखते हैं वे मार्ग में अपनी ही छाया डालते हैं, भ्रम पालते हैं, झूठ एवं फरेब के सहारे गलत को सही ठहराने की कुचेष्ठा करते हैं।

शिवाजी की मृत्यु के बाद उनके बेटे संभाजी ने मराठा साम्राज्य को संभाला। उन्होंने स्वराज्य के संकल्प को ही आकार नहीं दिया बल्कि एक नवीन राज्य निर्मित किया एवं एक नवीन महत्तर महाराष्ट्र को पुनर्जीवित किया। मराठों में साहसिक वीरता, उत्कृष्ट सहनशीलता, घोर निराशा में आशा की भावना, आत्मविश्वास, उच्च आदर्शों के प्रति निष्ठा, श्रेष्ठ सैनिक नैतिक बल, आत्म बलिदान, राष्ट्रीय और देशप्रेम की उत्कृष्ट भावना जैसे गुण विकसित किए और इससे वे इतने शक्तिशाली हो गए कि आगामी 3 पीढ़ियों में वे उत्तरी भारत में विजेता के रूप में पहुंच गए। छत्रपति शिवाजी एवं उनके वंशज देश के अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की हर कोशिश को नाकाम करते रहे हैं।

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।



## 19 मार्च :इतिहास की अहम घटनाएं

1932 सिडनी हार्बर ब्रिज , ऑस्ट्रेलिया का एक प्रमुख स्थल, सिडनी, और दुनिया का सबसे ऊंचा स्टील आर्च ब्रिज खोला गया था।

1941 यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी एयर कॉर्प्स की पहली अखिल अफ्रीकी अमेरिकी इकाई टस्केगी एयरमेन को सक्रिय किया गया।

1954 अमेरिकी पूल (पॉकेट बिलियर्ड्स) खिलाड़ी विली मोस्कोनी एक प्रदर्शनी सीधे पूल के दौरान 526 लगातार गेंदों से चूक गए।

1962 अत्यधिक प्रभावशाली अमेरिकी संगीतकार बॉब डायलन ने अपना पहला एल्बम जारी किया।

1970 पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के नेता 1949 में जर्मनी के विभाजन के बाद पहली बार मिले।

1978 लेबनान पर इजरायल के आक्रमण के जवाब में, संयुक्त राष्ट्र ने इज़रायल से अपनी सेना को तुरंत वापस लेने के लिए कहा, और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल की स्थापना की।

1987 अमेरिकी टेलीविज़नवादी जिम बेकर ने एक सेक्स स्कैंडल के बीच ThePTL क्लब के प्रमुख के रूप में इस्तीफा दे दिया।

1990 रोमानिया के त्रेगुर म्योर में रोमानियन और हंगेरियन के बीच जातीय संघर्ष हुआ, जिसमें कई लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए।

1990 कनाडा की राजधानी ओटावा में महिलाओं की पहली विश्व आइस हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

1994 जापान के योकोहामा में एक लाख 60 हजार अंडों से विश्व का सबसे बड़ा 1383 वर्गफुट आकार का आमलेट तैयार किया गया।

1995 प्लायमाउथ थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में अनुवाद खुल गया। इसने 25 प्रदर्शन किए हैं।

1995 फीनिक्स के बाहर एरिज़ोना नए क्षेत्र कोड 520 का उपयोग शुरू करता है।

1995 ब्रिटिश स्केट्स के बोनी ब्लेयर महिला विश्व रिकॉर्ड बिंदु कुल (156.450)।

1996 विनी मंडेला ने शादी के 38 साल बाद दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला को तलाक दिया।

2004 अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन में पहली बार चीन पर मुकदमा ठोका।

2005 पाकिस्तान ने शाहीन-II प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।

2008 गामा-रे फट GRB 080319B, सबसे दूर की वस्तु जो नग्न आंखों से देखी जा सकती थी, देखी गई।

2008 पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत की फ़ांसी 30 अप्रैल, 2008 तक रोकी।

2010 ईरान के पूर्व उपराष्ट्रपति, होसैन मारशी को दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई है।

2011 चंद्रमा अपने सबसे तेज बिंदु पर 30% तेज और 14% बड़ा दिखाई देता है। यह 1993 से पृथ्वी के अपने निकटतम बिंदु तक पहुँचता है।

2011 केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के प्रमुख के रूप में 14 वें दलाई लामा के इस्तीफे को तिब्बती संसद ने निर्वासन में खारिज कर दिया है।

2011 लीबिया के गृहयुद्ध-फ्रांसीसी वायु सेना ने ओपेरेशनहार्मट्टन का शुभारंभ किया, जिसमें लीबिया में विदेशी सैन्य हस्तक्षेप की शुरुआत हुई।

2012 सोमाली राष्ट्रीय रंगमंच दो दशकों के बाद मोगादिशु में फिर से खुल गया। इसे गृहयुद्ध के कारण बंद रखा गया था।

2013 रोम, इटली में, पोप फ्रांसिस के लिए पोप का उद्घाटन समारोह रोम, इटली में सेंट पीटर स्क्वायर में आयोजित किया जाता है। समारोह में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

2014 फ्लैपी बर्ड ऐप के निर्माता, डोंग गुयेन ने घोषणा की कि वह भविष्य में ऐप को फिर से तैयार करेंगे। उन्होंने फरवरी में यह महसूस करते हुए ऐप हटा दिया था कि यह बहुत अधिक नशे की लत है।

## समसामयिक

# ट्रंप-स्तुति का भावार्थ



ऋषभदेव शर्मा

**लेक्स** फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में अपने चर्चित साक्षात्कार के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ऐसा साहसी व्यक्ति बताया जो अपने फैसले ख़ुद करते हैं और अमेरिका के प्रति अटूट भाव से समर्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अपने बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता बताया और कहा कि वे बेहतर तरीके से एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, क्योंकि वे हर चीज से ऊपर अपने राष्ट्रीय हितों को रखने में विश्वास करते हैं।

कहना न होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गद्गद भाव से की गई राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस स्तुति के कई संभावित निहितार्थ हो सकते हैं, जो भारत-अमेरिका संबंधों, व्यापार वार्ताओं और भू-राजनीतिक समीकरणों से जुड़े हुए हैं। इस भरमुँह प्रशस्ति की जड़ में शायद यह विचार सक्रिय है कि कूटनीति, आर्थिक व्यावहारिकता और अपने घरेलू हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लचीला होना प्रायः श्रेयस्कर होता है। वह भी तब जब प्रसंग ट्रंप जैसे आत्ममुग्ध प्राणी का हो! ख़ैर, और कुछ हो न हो, प्रधानमंत्री के ये मधुर वचन तनाव कम करने की इच्छा के सूचक तो हैं ही।

सयाने बताते हैं कि ट्रंप को व्यक्तिगत प्रशंसा पसंद है; और कई राष्ट्राध्यक्षों ने इसे कूटनीतिक रूप से इस्तेमाल किया है। मोदी पहले भी 'हाउडी, मोदी' और 'नमस्ते, ट्रंप' जैसे मौकों पर ट्रंप के साथ गर्मजोशी भरे संबंध दिखा चुके हैं। यह बयान भी ट्रंप के अनिश्चित और अप्रत्याशित स्वभाव को भारत के पक्ष में बनाए रखने का ऐसा ही एक नरम तरीका हो सकता है। ग़ौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान ऐसे वक़्त आया है जब राष्ट्रपति ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति सहयोगियों को अपनी आर्थिक और सैन्य निर्भरताओं पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करती दिख रही है। डर है कि कहीं 'प्रतिशोधी टैरिफ' एक पूर्ण व्यापार युद्ध में न बदल जाए, जिससे आपूर्ति शृंखलाएँ बाधित हों और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच जाए। इसके अलावा, ट्रंप की नाटो के बारे में धमकियाँ और अप्रत्याशित विदेश नीति ने विशेष रूप से यूरोप में कई सहयोगियों को अपनी सैन्य रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है। ऐसे में, इस सच को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से व्यापारिक खटपट चल रही है। ख़ासकर टैरिफ और बौद्धिक संपदा अधिकारों को लेकर। बहुत पहले, ट्रंप प्रशासन ने भारत को जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस (जीएसपी) से बाहर कर दिया था, जिससे भारत के कई उत्पादों पर अतिरिक्त टैरिफ लग गए। अचरज नहीं होना चाहिए अगर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ट्रंप की प्रशंसा भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं को सकारात्मक दिशा में ले जाने का एक कूटनीतिक पैंतरा हो!

याद रहे कि अमेरिका और भारत 'क्वाड' समूह का हिस्सा हैं, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रभाव को संतुलित करने के लिए बना है। ट्रंप प्रशासन भारत को एक अहम रणनीतिक साझेदार मानता रहा है, खासकर रक्षा और हथियारों के सौदों में। मोदी के प्रशंसाभाव से यह संकेत भी मिल सकता है कि भारत अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। यही नहीं, ट्रंप की प्रशंसा चीन को यह संकेत दे सकती है कि भारत अमेरिका के साथ खड़ा है। साथ ही, पाकिस्तान को भी यह संदेश जाता है कि भारत अमेरिका का करीबी सहयोगी बना रहेगा।कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री का ट्रंप के प्रति प्रशंसाभाव न तो केवल सामान्य राजनयिक शिष्टाचार है, और न चापलूसी ही। असल में तो यह भारत-अमेरिका संबंधों में दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ लेने की सोची-समझी नीति का हिस्सा भर है। इसे व्यापार वार्ताओं, सैन्य सहयोग, चीन-पाकिस्तान पर दबाव और ट्रंप के साथ व्यक्तिगत संबंध मजबूत करने की दिशा में एक कूटनीतिक कदम कहना बेहतर होगा।

# इंसानी साँसों की कीमत पर विकास ,बदहाल जलवायु



संजीव ठाकुर

अपने विकास की क्रमिक उन्नति में मनुष्य ने जितने भी अविष्कार और विकास के कार्य किए हैं सब के सब प्रकृति एवं पर्यावरण के विरोध में ही रहे हैं। भोजन पकाने हेतु जंगल से लकड़ी काटकर धूंआ पैदा करने का काम भी मनुष्य ने ही किया है। इसी क्रम में सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को औद्योगिकरण की नीति ने किया है,बड़े बड़े उद्योगों से निकलने वाले वैश्विक स्तर पर प्रदूषित वायु अपशिष्ट पदार्थों के साथ नदियों तथा समुंदर में विषैले अपशिष्ट को छोड़ने से शुद्ध जल विषैला होकर जीव जंतुओं को नष्ट करते आ रहा है। इसके पश्चात प्राकृतिक रूप से भी बाढ़, ज्वालामुखी ने प्रकृति तथा पर्यावरण को नष्ट करने का काम बखूबी किया है, पर मानव जाति ने अपने आराम तथा सुविधा के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार और परिवहन के लिए ट्रक और डीजल एवं कोयले से चलने वाली लोकोमोटिव ने प्रकृति तथा पर्यावरण को को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्लास्टिक तथा पॉलीथिन के अविष्कार ने मानव तथा जीव जंतुओं को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है। क्योंकि पॉलिथीन एक ऐसा पदार्थ है जो अत्यंत ज्वलनशील होने के साथ-साथ नष्ट ना होने वाला पदार्थ है जो मनुष्य के साथ जीव जंतुओं के लिए सर्वाधिक नुकसानदायक साबित हो रहा है। इसके अलावा घरों कार्यालयों और कारखानों में लगाए जाने वाले वातानुकूलित यंत्रों से निकलने वाले वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से बढ़ते जा रही है जो मानव जाति के लिए खुद नुकसानदेह है, किंतु मानव ही पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है।शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां ,असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा, ।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय 'पर' यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है,किंतु जब वायु ,जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है। प्रगति और वातावरण यानी की पर्यावरण ने हमें सब कुछ दिया है, स्वच्छ हवा से हमें ऊर्जा,स्वच्छ जल और नवजीवन की उत्प्रेरणा प्राप्त होती है। भोपाल में मिक नामक गैस रिसाव से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाने से हजारों लोगों की मृत्यु एवं उसके पश्चात शरीर में अनेक बीमारियों को जन्म दिया, जिस की विभीषिका आज भी भोपाल वासी झेल रहे हैं। इसके पश्चात मई 2020 को आंध्र प्रदेश के पॉलीमर कंपनी द्वारा स्टाइलिन नामक गैस का रिसाव हुआ एवं जून में असम गैस रिसाव से मानव जीवन को प्रभावित कर पूरे पर्यावरण को प्रदूषित कर मानव जाति तथा जीव जंतुओं के संपूर्ण जीवन को दांव पर लगा दिया था। वातावरण को सुरक्षित करने के लिए हमें पर्यावरण को वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, रेडियोधर्मी प्रदूषण, समुद्र प्रदूषण, ई कचरा प्रदूषण, अंतरिक्ष प्रदूषण तथा सबसे खतरनाक प्लास्टिक प्रदूषण से बचा कर रखना होगा। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा। प्रदूषण को हमें सदैव वायु प्रदूषण यानी ज्वालामुखी विस्फोट, जंगल की आग, कोहरा, परागकण, उल्कापात आदि प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न वायु प्रदूषण से नियंत्रण में रखकर उसका संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। मानवीय अवांछित क्रियाकलाप भी प्रकृति तथा वातावरण और पर्यावरण के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, जिस तरह वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है मोटर वाहनों का बेतरतीब प्रयोग लकड़ी कोयला तथा अन्य पदार्थों के जलाने से उत्पन्न हुआ बेतहाशा कारखानों का निकलता धूंआ, ताप विद्युत गृह, खनन तथा रासायनिक पदार्थों के साथ आतिशबाजी द्वारा वायु प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। जिससे पर्यावरण अत्यंत असुरक्षित हो गया, इसके अलावा पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रकृति के साथ खिलवाड़ के कारण प्रकृति का तापमान भी अत्यधिक बढ़ गया है, फल स्वरूप जलवायु परिवर्तन की विभीषिका को हम बुरी तरह से झेल रहे हैं। हमें पेट्रोल की जगह गैस फ्यूल का उपयोग कर वातावरण को बचाने का प्रयास किया जाना चाहिए। वातावरण में उपस्थित अवांछित गैसीय पदार्थों के कारण अंधापन ,त्वचा रोग तथा फेफड़ों की बीमारी से होने वाले दमा रोग में बढ़ोतरी हुई है। विगत 2 वर्षों से कोविड-19 के संक्रमण में पर्यावरण प्रदूषण के कारण लोगों को फेफड़ों में स्वच्छ ऑक्सीजन नहीं मिलने से लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हुए, यह एक पर्यावरण असंतुलन का सबसे बड़ा उदाहरण है ।रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन में भारी बमबारी तथा गोलीबारी से वातावरण को तहस-नहस कर दिया, वहां कई किलोमीटर क्षेत्र में शहरों में वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोग मृत्यु की कगार पर पहुंच गए हैं एवं लाखों लोगों ने वहां से पलायन भी किया, यह सब पर्यावरण प्रदूषण के एकदम ताजा उदाहरण है जो मानवीय जीवन के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा भूकंप बाढ़ तथा औद्योगिक कचरे तथा विषाक्त कार्बनिक पदार्थों सहित अन्य उत्पादकों का जल स्रोतों में डाला जाना भी पर्यावरण प्रदूषण के लिए भारी खतरा बन गया है, इसी तरह बंदरगहों में रिफाइनरी से पेट्रोलियम पदार्थ, तेल युक्त तरल पदार्थ को समुद्रों में बाहर जाना भी समुद्र में रह रहे जीव जंतुओं के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हुए हैं। जल प्रदूषण से जल से फैलने वाली बीमारियां जैसे मलेरिया, हैजा, टाइफाइड, डेंगू पीलिया, पेचिश तथा उदर रोगों के लिए अत्यंत हानिकारक माना गया है। अन्य प्रदूषण में मृदा प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण आदि वातावरण को प्रदूषित करते पृथ्वी तथा मानव जाति के लिए काल बन चुके हैं। तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद पर्यावरण प्रदूषण को कम नहीं किया जा सका है। अंतर्राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार भारत की दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी है। और कोविड-19 के संक्रमण के दौरान यहां पर सबसे ज्यादा मौतें पर्यावरण प्रदूषण के कारण भी हुई है। प्रदूषित वातावरण के कारण बच्चों तथा बुजुर्गों की जिंदगी को सबसे ज्यादा वैज्ञानिकों ने खतरा माना है और ईससे निजात पाने के लिए शुद्ध वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया है। पर्यावरण को सुरक्षित ना रख पाने की दो प्रमुख वजह प्राकृतिक तथा मानव निर्मित प्रदूषण ही हैं। यह तो तय है कि प्रकृति पर मानव का कोई नियंत्रण नहीं है अतः प्राकृतिक प्रदूषण को रोक पाना मानव जाति के लिए थोड़ा कठिन एवं कष्ट साध्य कार्य सोने के अलावा थोड़ा असंभव भी प्रतीत होता है, किंतु मानव जाति द्वारा फैलाए गए प्रदूषण को रोकने के प्रयास में हमें हर संभव मदद करने की आवश्यकता होगी। और यह तो सर्वविदित तथ्य है कि यदि हमें पर्यावरण प्रदूषण को पृथ्वी तथा प्रकृति से हटाना एवं मानव जीवन को सुरक्षित रखना है तो शासकीय प्रयासों के अलावा हर व्यक्ति को वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने पर जोर देना होगा अन्यथा ओजोन परत के क्षरण के कारण मानव तथा जीव जंतु तथा प्रकृति के प्रति संकट गहराता जाएगा एवं हम पर्यावरण प्रदूषण के सामने हाथ पर हाथ धरे रह जाएंगे।



## न्यूज ब्रीफ

### अनुभवात्मक अधिगम के तहत किया साइबर सुरक्षा व अग्निशमन ऑफिस का भ्रमण

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और पुलिस विभाग के तत्वाधान में 30 दिवसीय छात्र पुलिस अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में फि रोजाबाद जिले के पुलिस नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। प्रोग्राम के तहत जनपद के पाँच महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के चयनित 40 छात्र-छात्राओं ने साइबर थाना और अग्निशमन ऑफिस का शैक्षिक भ्रमण किया। साइबर थाना फिरोजाबाद में सीओ सदर चंचल त्यागी ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर सुरक्षा के नियमों, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों, डिजिटल लेनदेन में सतर्कता, सोशल मीडिया सुरक्षा और पासवर्ड प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। इस अवसर पर थानाप्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि अगर कोई साइबर अपराध होता है, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करायी जानी चाहिए। विशेषज्ञों ने रियल-टाइम साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए और उनसे बचाव के उपाय समझाए और थाने का भ्रमण करवाया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने फायर ब्रिगेड स्टेशन का दौरा किया, जहाँ अग्निशमन अधिकारी दुर्वेश कुमार त्यागी और उनके स्टाफ ने उन्हें अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आग लगने के कारणों, अग्नि सुरक्षा नियमों और आपातकालीन बचाव तकनीकों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया। एनएसएस की नोडल अधिकारी डॉ. शुभी पटेल (नारायण कॉलेज) ने कहा कि छात्र अब साइबर अपराध और अग्निशमन से जुड़ी स्थितियों में ज्यादा सतर्क और जागरूक रहेंगे।

### होलिकोत्सव पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद टूंडला इकाई के तत्वावधान में एम. एल. एस. जूनियर हाई स्कूल में होलिकोत्सव के पावन अवसर पर मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष स्कूल संचालक सुरेन्द्र झा व कार्यक्रम के संयोजक तहसील प्रमुख रवि सक्सेना चित्रांश रहे। विजई प्रतिभागियों को कार्यक्रम संयोजक के द्वारा सर्टिफिकेट व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रवि सक्सेना चित्रांश ने कहा कि बसंत ऋतु में होलिकोत्सव का पावन पर्व मनाया जाता है। बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा माना जाता है। प्रकृति स्वयं का श्रृंगार करती है। चारों ओर हरियाली होती है। वृक्ष पुष्पित व पल्लवित होते है जो अपनी सुगंध और सौंदर्य से सबको अपनी ओर आकर्षित करते है। अपनी ज्ञान परम्परा और संस्कृति से नव पीढ़ी को अवगत कराने के उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद टूंडला समय समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। उसी श्रृंखला में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। स्कूल संचालक सुरेन्द्र झा ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों में उत्साह, पढ़ने में रुचि और ज्ञान का संचार करती हैं। विद्यार्थी परिषद टूंडला द्वारा प्रश्नोत्तरी के जरिए देश के भावी नागरिकों में देशभक्ति व अपनी संस्कृति के लिए गौरव का भाव संचारित करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। संस्कृति ही देश के इतिहास को संरक्षित रखती है और देश के गौरवपूर्ण, वैभवशाली भविष्य का निर्माण करती है। कार्यक्रम में स्कूल प्रिंसिपल कुमकुम झा, मैनेजर अमन झा, स्कूल शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कंज्यूमर कान्फेडरेशन आफ इंडिया के पदाधिकारियों ने स्टेशन पर परखी खान पान की व्यवस्थाएं



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। कंज्यूमर कान्फेडरेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंगलवार को टूंडला रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण कर खान पान की व्यवस्थाओं को देखा। जहां खराब क्वालिटी के समोसे रेल यात्रियों को बेचे जा रहे थे। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए रेल यात्रियों को अच्छा खाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीसीआई के मुख्य संरक्षक डॉ अनंत शर्मा दोपहर दो बजे टूंडला रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने वेंडरों द्वारा यात्रियों को परोसे जाने वाले समोसे को खाकर चेक किया। जिसकी क्वालिटी काफी घटिया थी। उन्होंने जिस तेल में समोसे बनाए गए, उस तेल को घटिया बताया। उन्होंने खान पान निरीक्षक को रेल यात्रियों को अच्छा खाना परोसे जाने के निर्देश दिए। इस दौरान वेटिंग हाल में कार्यकताओं के साथ बैठक की। जिसमें पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वह इंडियन लीगल मेटोलोजी इंस्टीट्यूटी रांची में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे हैं। उसके बाद वह मुरी एक्सप्रेस से रांची के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति पांड्या, कार्यकारिणी अध्यक्ष एस सेल्फराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मिस्टर मैथ्यू, राष्ट्रीय महासचिव भूप सिंह पाल, के थिरवूवन, कुसुम शर्मा, जया शर्मा, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सोलर प्लेटें चोरी करने का लगाया आरोप





नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। थाना जसराना के बनवारा अरांव मार्ग पर पेट्रोल पंप एवं सोलर आटा चक्की पर लगी सोलर प्लेटें एवं अन्य सामान को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जानकारी होने पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना जसराना के गांव खेरिया अहमद निवासी रवींद्र सिंह बनवारा अरांव मार्ग पर पेट्रोल पंप एवं मां शारदा सोलर आटा चक्की चलाते हैं। आटा चक्की एवं पेट्रोल पंप चलाने के लिए सोलर पैनल लगा हुआ है। रविवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने वहां लगी 28 सोलर प्लेटों के साथ अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह घटना के बारे में जानकारी होने पर पीडित ने घटना के बारे पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलने पहुंची पुलिस ने पीडित पक्ष से जानकारी लेने के साथ पूरे मामले में तहकीकात की। रवींद्र सिंह ने बताया चोर 5.5 लाख रुपए की कीमत का सामान चुरा ले गए हैं।

# चोरों ने दीवार तोड़कर दिया चोरी को अंजाम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद/टूंडला। मंगलवार को थाना क्षेत्र टूण्डला के मौहम्मदाबाद निवासी दुकानदार ने रोज की तरह अपनी दुकान का शटर उठाया तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। दुकान के पीछे वाली दीवार में एक बड़ा छेद नजर आया और उसने सामान चेक किया तो काफी मात्रा में समान अज्ञात चोर चुरा ले गए थे। दुकानदार ने तत्काल डायल 112 पर चोरी की सूचना दी। आपको बता दें कि बीती रात आगरा रोड पर ठाकुर बीरी सिंह में बनी दुकान की पीछे से दीवार तोड़कर अज्ञात चोर कई हजार का माल चुरा ले गए। मंगलवार को दुकानदार विशाल पुत्र मुरारी लाल निवासी मोहम्मदाबाद में आकर जब दुकान का शटर उठाया तो वह अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया दुकान के पीछे वाली दीवाल में एक बड़ा छेद नजर आया जब उसने सामान चेक किया तो उसमें बड़ी कोल्डरिंग की बोतले और बड़ी स्टिंग की बोतल वह बीड़ी, सिगरेट और गुटके आदि गायब मिले। आनन-फानन में उसने डायल 112 पर फोन किया। डायल 112 पुलिस ने आकर दुकानदार से पूछताछ की। बीते 6 महीने के अंदर ठाकुर बीरी सिंह में बनी कई दुकानों में अज्ञात चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। जबकि सुभाष चौराहे से यह दुकान महज चंद कदमों की दूरी पर है जहां पर हर समय पुलिस पैकेट तैनात रहती है फिर भी चोरों ने घटना को बेखौफ अंजाम दे दिया।

## महादेवी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर

**सीखी गई बातों को अपने जीवन में भी उतारें - डा सुनील**

शिकोहाबाद । श्रीमती महादेवी महाविद्यालय सिद्धबाबा आश्रम भारौल द्वारा एनएसएस का सात दिवसीय शिविर श्री महानंद अवधूत आश्रम मोहम्मदपुर अल्लापुर घिरोर (मैनपुरी) में चलाया गया, जिसका अंतिम दिन रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर समापन हुआ। शिविर की अवधि में महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने शिविर में होने वाले प्रतिदिन कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की ।

एनएसएस स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने दहेज रहित शादी करने हेतु नाटक प्रस्तुत कर समाज को जागरूक किया। उक्त शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ एम. एस.उस्मानी , श्रीमती ब्रजेश एवं श्रीमती सोनी यादव के निर्देशन में किया गया ।

शिविर के समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार यादव, विशेष अतिथि श्यामवीर सिंह चौहान, काकुल शर्मा, चंदन गुप्ता ( सभासद) ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत, कर्तव्य, लक्ष्य, नियम आदि के सम्बन्ध में अवगत कराया । उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों से सात दिनों में सीखी हुई एक्टिविटी को अपने जीवन में उतारते हुए सामाजिक कार्यों में भी भागीदार बनने को कहा। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीपी सिंह ने उक्त कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथिगणों का आभार जताया ।इस मौके पर महाविद्यालय के प्रवक्तागण भानुशेखर, श्रीमती सोनी यादव, ब्रजेश यादव, श्रीमती अंजना, ज्योति शर्मा, मनी तोमर, ब्रह्म महेश, गौतम राजपूत, औरंगजेब, वरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, असद जमील आदि मौजूद रहे ।

## प्राचीन मां शीतला देवी मंदिर पर होगा मेले का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद ।प्राचीन मां शीतला देवी मंदिर हजीरा, लालपुर , पर 21 अप्रैल 2025 को होगा बांसौड़ा पूजन के अवसर पर मेले का आयोजन जिसमें प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि होंगे तथा विशिष्ट अतिथियों में शहर विधायक मनीष असीजा , मेयर कामिनी राठौर , पूर्व विधायक शिकोहाबाद हरिओम यादव , पूर्व एमएलसी डॉ. दिलीप यादव , सदर ब्लाक प्रमुख डॉ लक्ष्मीनारायण यादव एवं गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय होंगे। प्राचीन मां शीतला देवी मंदिर एवं मेला महोत्सव समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर एडवोकेट एवं सचिव रामनिवास यादव ने वताया कि मंदिर प्रांगण मे साफ सफाई के लिए नगर निगम और शांति व्यवस्था को पुलिस विभाग को अवगत कराया गया है खेल तमाशे खानपान की दुकानों को स्थान चयन कर दिया गया है तथा मंदिर एवं मेला कमेटी पूरी तरह से सक्रिय रहकर व्यवस्थाये देखेगी सभी धर्म प्रेमियों , भक्तो से अनुरोध है मेले मे आकर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस दौरान भुवनेश्वर एडवोकेट अध्यक्ष, रामनिवास यादव , राधेश्याम यादव , गयाप्रसाद पप्पू , शैलेन्द्र यादव , ब्रजेश कुमार यादव , दाताराम यादव , देवेंद्र सिंह यादव , शेलन्द्र शुक्ला , शिवदेश यादव , संदीप कुमार , प्रहलाद यादव , सत्यवीर सिंह , जयराम यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने दिए सख्त निर्देश अधिकारी सत्यापन का कार्य ससमय करें पूरा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । आवासीय योजना के दूसरे फेस की सर्वे प्रक्रिया के तहत चल रहें सर्वेक्षण कार्य की पारदर्शिता व समीक्षा के लिए जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। गांव-गांव जाकर चैपाल के माध्यम से अधिकारी हकीकत परखेंगे जिससे वंचित पात्रो को लाभांवित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जिलें में इन अधिकारियों को सत्यापन कार्य की जिम्मेदारी दी गई है, जिलाधिकारी के निर्देश पर आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 का डाटा की पुष्टि एवं वेरिफिकेशन के लिए जनपद स्तर से प्रत्येक विकासखंड में निम्न अनुसार जनपद स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गयी है, जिनका विवरण इस प्रकार है, जिनमें परियोजना निदेशक डीआरडीए सुभाष चंद्र त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे विकासखंड मदनपुर, जिला विकास अधिकारी प्रेमचंद राम, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सरिता राय टूण्डला, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी के0एम0 सिंह एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह को शिकोहाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी जगदीश राम गौतम व उपायुक्त श्रम रोजगार सुभाष चंद्र को एका, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार व जिला उद्यान अधिकारी संजीव वर्मा को अरांव, उप निदेशक कृषि सत्येंद्र सिंह व जिला कार्यक्रम अधिकारी केसरी नंदन तिवारी को नारखी, सहायक श्रम आयुक्त यशवंत सिंह व जिला प्रोवेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार को फिरोजाबाद, सहायक अभियंता लघु सिंचाई बलबीर सिंह व जिला कृषि अधिकारी सुमित चैहान को हाथवंत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विश्वजीत सिंह व भूमि संरक्षण अधिकारी चतुर्थ शैलेंद्र कुमार को विकासखंड जसराना नामित अधिकारी रहेंगे।

उन्होंने निर्देशित किया है कि उपरोक्त नियुक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 के सर्वे डाटा की सूची सत्यापन एवं वेरिफिकेशन कार्य अनिवार्य रूप से निर्धारित अवधि 31 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी एवं इस कार्य हेतु किसी भी प्रकार का मानदेय व भत्ता देय नहीं है।

## संस्कार भारती परिवार ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद ।संस्कार भारती परिवार की ओर से मंगलवार को सी वी फार्म हाउस में होली मिलन समारोह एवं सदस्यता अभियान चलाया । इस दौरान कवियों ने हास्य व्यंग की कविताएं सुनकर सभी के मन को मोहने का कार्य किया साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रमो की भी प्रस्तुति लोगों के लिए आकर्षक का केंद्र रही ।

मंगलावर को जनपद के थाना उत्तर क्षेत्र स्थित सी वी फार्म हाउस में संस्कार भारती परिवार की ओर से होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अध्यक्ष जनपद के प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी देवी चरन अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इसके बाद कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया जिसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई तथा कमेटी द्वारा मातृ शक्ति का भी मंच पर सम्मान किया गया वहीं मातृ शक्ति द्वारा होली के भजन गाकर कार्यक्रम की शोभा को चार चांद लगाए । कार्यक्रम में मुख्य रूप से हास्य कवि पंकज टूटपडे ने सबको हंसा हंसा कर मन को मोहा , वहीं कवि चंद्र प्रकाश ' चंद्र ' व कवि विष्णु उपाध्याय ' विशु ' ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी ।कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख रूप से संस्था के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता , कोषाध्यक्ष रविंद्र बंसल , महामंत्री प्रवीन अग्रवाल , कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ डी के सिंह ,दीपक गुप्ता , संरक्षक शैलेश अग्रवाल ,प्रांतीय मंत्री शिवकांत पलिया ,उद्देश्य तिवारी , मिडिया प्रभारी आग्रह गोपाल आदि रहे वहीं मौजूद लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया ।

## हमारी संस्कृति को जीवंत रखते हैं मेले, तीज महोत्सव के दौरान निकाली गई शोभायात्रा

**दो दर्जन से अधिक झांकियों ने मोहा लोगों का मन, मुख्य अतिथि पहुंचे सुमित प्रताप सिंह**

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

सिरसागंज। सैकडों वर्षों की पहिचान मेला तीज महोत्सव के शुभारम्भ के बाद। शाम को धूमधाम से नगर में तीज शोभायात्रा निकाली गई। विभिन्न आकर्षक झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा ने सभी का ध्यानाकर्षण किया। लगभग दो दर्जन से अधिक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। सोमवार की देर सांय 8 बजे लक्ष्मीनारायण धर्मशाला से शोभायात्रा का प्रारंभ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि इं. सुमित प्रताप सिंह ने भगवान स्वरूपों की आरती उतारकर तिलक किया। जिसके बाद परिषद के अध्यक्ष संजय शर्मा व कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह पप्पू व अन्य ने मुख्य अतिथि का पगड़ी पहिनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मेले सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि वर्तमान पीढी को पुरानी पीढी के विचारों से अवगत कराने का भी माध्यम होते है। मेले दो पीढियों की कडी को आपस में जोडते है। हमारी संस्कृति को जीवंत रखने में मेलों का विषेष योगदान होता है। इस दौरान मेले को देखने के लिए नगर के लोगों की भीड़ उमड़ पडी। नगर की सड़कें और मकानों के चबूतरे लोगों से पटे नजर आए । सुरक्षा की जिम्मेदार संभाले सीओ अनिवेष कुमार व थाना प्रभारी वैभव कुमार पुलिस फोर्स के साथ



चल रहे थे। मौके पर एसडीएम गजेंद्र पाल सिंह, चेयरमैन रंजना सिंह, समाजसेवी गुरूदत्त सिंह, प्रबंधक महेश गर्ग, संरक्षक योगेश गुप्ता व राजीव यादव वाले, सचिव ठा. नितिन सिंह, संजय मित्तल, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेष राजपूत, प्रवीन सिंह नीटू, ठा. राघवेंद्र सिंह, देशदीपक गुप्ता, अंशुल खण्डेलवाल, शिवम गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आगरा से भैंस चोरी करके भागे बदमाश फिरोजाबाद में गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद। फरिहा पुलिस ने आगरा से पशु चोरी कर भाग रहे पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। चोरों के कब्जे से चोरी की दो भैंस बरामद हुई हैं।

पूरा मामला आगरा के एत्मादपुर स्थित नवलपुर गांव की है। चोर सुबह करीब 4 बजे भैंस चुराकर फरार हो गए। मालिक को जैसे ही चोरी की जानकारी मिली, उन्होंने अपनी कार से बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते समय कुबेरपुर में चोरों ने मालिक की कार में टक्कर मार दी। लेकिन मालिक ने पीछा जारी रखा। इसी दौरान उन्होंने अवागढ़ रोड के पास डायल 112 को सूचना दी। थाना फरिहा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने फरिहा क्षेत्र के गांव नगला रंजीत के पास चोरों को दबोच लिया। चोरों के कब्जे से मैक्स पिकअप यूपी 83 टी 4659 में ले लाई जा रही चोरी के दो भैंस बरामद हुई है। पुलिस द्वारा जांच में चोरों ने अपने नाम भेंदू उर्फ उलकाम पुत्र रहीशबक्श बंजारा उर्फ सन्तरा निवासी बडाहार घिरोर, इरफान पुत्र फिरोज निवासी नदरई थाना कासगंज, ईमरान पुत्र रहीश निवासी नदरई थाना कासंगज, रिजवान पुत्र मौहसीन निवासी नदरई थाना कासगंज और पतंगा उर्फ कुल्हड पुत्र अहमद निवासी नदरई थाना कासगंज बताया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

## दिहुली कांड: भाग रहा है पकड़ो और गोली मार दो के आरोपियों को 44 साल बाद मिली सजा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

जसराना। थाना क्षेत्र के गांव दिहुली में 18 नवंबर 1981 को हुए जातीय संघर्ष में 24 लोगों द्वारा ताबडतोड फायरिंग कर 25 लोगों की हत्या करने के मामले में सोमवार को आए अदालती निर्णय के बाद पीडित परिवार एवं गांव के लोगों ने आंखों देखी घटना बयान की तो उनकी आंखों से भी आंसू निकल आए। पीडित छोटेलाल ने आंखों देखी घटना को सूनाते हुए बताया कि सायं के लगभग पांच बजे अचानक गांव में लोगों का झुंड आ गया। गांव के बाहर मौजूद खेतों में धान की कटाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान देखते देखते ताबडतोड फायरिंग होने लगी। गांव के पास मौजूद ज्वालाप्रसाद को पहले गोली मारी गई। उसके बाद गांव में जो मिला उसे मारते चले गए। इसी दौरान खेतों में कार्य कर रहे लोग भागने लगे। लोगों को भागते देख हत्यारे चिल्लाने लगे पकडो और गोली मार दो। काई बचना नहीं चाहिए। छोटेलाल ने बताया वो भी खेतों में धान की कटाई का कार्य रह रहे थे। अचानक हुई फायरिंग और हो रही मौतों से डर गए। बताया उनकी उम्र उस समय 16 वर्ष थी। उन्होंने भागकर पडौस के गांव जाजूमई में जाकर अपनी जान बचाई थी। सुबह पुलिसकर्मियों एवं पीएसी के आने पर वो गांव में आए थे। वहीं महिला चमेली देवी ने बताया कि घटना के समय वो घर में थी। अचानक फायरिंग एवं चीखपुकार मची तो उन्होंने भागने का प्रयास किया। इस दौरान कई हत्यारों ने उनको भी मारने का प्रयास किया। लेकिन वो दीवाल कूद गई। इस दौरान उनका पैर टूट गया। हत्यारे उनको मरा हुआ समझकर छोड गए। मामले में प्रमुख गवाह रहे बनबारी लाल ने बताया कि उनके पिता ज्वाला प्रसाद के साथ दो सगे भाई एवं एक चचेरे भाई की हत्या हुई थी। डर के मारे में उन्होंने छिपकर अपनी जान बचाई थी।

### दिहुली सामूहिक हत्याकांड में तीन को सजा ए मौत

मैनपुरी/फिरोजाबाद : बहुचर्चित दिहुली सामूहिक नरसंहार मामले में आखिरकार फैसला आ ही गया । अदालत ने 44 साल बाद इस नरसंहार मामले में तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है इस जाति आधारित हिंसा में 24 दलित समुदाय के लोगों की हत?या कर दी गई थी ।कोर्ट ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाते हुए उन?हें मैक्सिमम पनिशमेंट यानि सजा ए मौत दी । इसके साथ ही इन सभी पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है ।

## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर डीएम निधि गुप्ता वत्स आज करेगी पार्टी जिलाध्यक्षों, प्रतिनिधियों संग बैठक

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स आज अपराह्न 12 बजे से जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों, प्रतिनिधियों के साथ कलक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आहूत की है। उक्त बैठक में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली के संबंध में समय-समय पर प्राप्त कराये जाने वाले अभिलेखों एवं विभिन्न प्रकार की अन्य जानकारी प्रदान की जायेगी। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकरियों द्वारा विधानसभा स्तर पर आयोजित की गई बैठकों में राजनैतिक दलों द्वारा उठाये गये बिन्दुओं की समीक्षा भी की जायेगी।

अतः सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में नियत दिनांक व समय पर कलक्ट्रेट सभागार में आप स्वंय या अपने प्रतिनिधि के साथ आयोजित बैठक में प्रतिभाग अवश्य करें। यदि आपके पास मतदाता सूची के संबंध में कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो उनको भी बैठक में उपलब्ध कराया जा सकता है ।

## युवक की मौत में नया मौड़, हत्या की आशंका जता परिजनों ने पुलिस को सौंपी तहरीर

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



गजरौला। दिल्ली हाइवे पर रविवार की रात के समय डीसीएम से कुचलकर हुई युवक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के पिता ने एक कारीगर व एक टैंट स्वामी पर बेटे के साथ मारपीट करको डीसीएम से कुचलवाकर हत्या करने का संदेह जताते हुए पुलिस को घटना को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। बता दें कि नगर के मोहल्ला जवाहरनगर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रामनाथ सिंह के अक्षित विश्नोई की रविवार की रात को नाईपुरा स्थित एक होटल के सामने एक डीसीएम से कुचलकर मौत हो गई थी। लेकिन मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि यह घटना महज एक हादसा नहीं बल्कि एक सोची समझी साजिश थी। उनके द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक उनके बेटे के पास लगभग नौ बजे एक कारीगर का फोन आया, जिसने एक टैंट हाउस स्वामी के संबंध में बातचीत की और नाईपुरा मिलने के लिये बुलाया। जिसके बाद अक्षित विश्नोई अपने दो दोस्तों के साथ नाईपुरा पहुंच गया। आरोप है कि यहां पर कारीगर व टैंट हाउस स्वामी के भेजे गए लड़कों ने अक्षित को घेर लिया। एक स्कूटी पर सवार युवक ने पास में ही ढ़ाबे पर बैठे युवकों को आवाज देकर बुलाया। जिसके बाद सभी युवकों ने अक्षित विश्नोई को पीटना शुरू कर दिया और मारते मारते हाइवे किनारे ले गए, और पीछे से आ रही एक डीसीएम के सामने फेंक दिया। जिससे कुचल. कर अक्षित की जान चली गई। पिता का आरोप है कि अक्षित के जो दोस्त उसके साथ गए थे, उन्होंने घटना के बारे में जानकारी दी। कुलदीप ने पुलिस को तहरीर देकर कारीगर, टैंट हाउस स्वामी व सभी हमलावरों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने उन्हें जांच करके कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## मंदबुद्धि युवक को महिला ने मारपीट कर किया जख्मी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। महिला ने मंद बुद्धि युवक को लाठी व सरियों से मारपीट कर जख्मी कर दिया। युवक को गंभीर चोटें आ गई। युवक के परिजनों की और से थाने में तहरीर देकर महिला के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला चामुंडा में प्रदीप शर्मा का परिवार रहता है जिनका एक पुत्र विकास मंद बुद्धि है। बीते दिनों विकास नगर की शेरपुर चुंगी स्थित एक आचार की दुकान चलाने वाली महिला की तरफ से निकला जा रहा था। किसी बात को लेकर महिला ने युवक को पकड़ कर उसको लाठी डंडों व सरियों से बेरहमी के साथ पीट डाला जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंद बुद्धि युवक ने अपने परिजनों को जाकर आप बीती सुनाई जिस पर उसके परिजन युवक को लेकर थाने पहुंचे और मारपीट करने वाली महिला के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस ने युवक का मेडिकल कराया और कार्यवाही करने की बात कही थी। लेकिन मामले में अभी तक भी पुलिस की और से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने महिला के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की थी।

## सड़क हादसे मे दो महिलाओ सहित तीन घायल

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गजरौला। ई-रिक्शा सड़क पर खड़े रोड रोलर से टकरा गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक व सवार शिक्षिका व सीएचओ घायल हो गए। स्थानीय सीएचसी से दो घायलों को बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर रेफर किया गया है। बता दें कि जनपद बागपत निवासी शिक्षिका अंतिम रतनपुर गांव स्थित स्कूल से ई-रिक्शा से लौट रही थी। ई-रिक्शा में स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ पूनम सिंह भी बैठीं थीं। बताते हैं कि जब ई-रिक्शा फौंदापुर गांव के पास पहुंची तभी किसी वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर एक रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक उमेश निवासी गांव गंदू पाल थाना बछरायूं व शिक्षिका अंतिम व सीएचो पूनम सिंह घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिये नगर के साम. दायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। यहां से चिकित्सक ने फर्स्ट एड के बाद को हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर ई-रिक्शा चालक, सीएचओ व शिक्षिका के परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए थे।

## 'शौर्य यात्रा' मोटर साइकिल रैली बिहार से गुजरी



पटना (भाषा) असम राइफल्स, भारतीय सेना और आम नागरिकों की लगभग 4,000 किलोमीटर की संयुक्त बाइक रैली मंगलवार को पटना के दानापुर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लिए रवाना हुई। इस संयुक्त बाइक रैली को 12 मार्च को अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले के विजयनगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इसका समापन असम राइफल्स के 190वें स्थापना दिवस के अवसर पर 24 मार्च को गुजरात के कच्छ के रण में होगा। इसे 'शौर्य यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। इस शौर्य यात्रा का नेतृत्व कर्नल जे एस मेहता कर रहे हैं। इसे पटना जिले के दानापुर छावनी क्षेत्र में स्थित झारखंड-बिहार उप-क्षेत्र और भारतीय सेना के बिहार रेजिमेंटल सेंटर से हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर कर्नल मेहता ने संवाददाताओं से कहा, अपनी यात्रा के दौरान मोटरसाइकिल सवार स्कूली बच्चों से बातचीत कर रहे हैं और उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येयवाक्य पर आयोजित की जा रही है और मोटरसाइकिल रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना तथा एकता, साहस और राष्ट्रीय गौरव का संदेश देते हुए सशस्त्र बलों के बलिदान के प्रति सम्मान प्रकट करना है। मेहता ने कहा कि रैली में भाग लेने वालों ने भूतपूर्व सैनिकों से बातचीत की जिन्होंने अपनी दिल की बातें साझा कीं। उन्होंने कहा कि यह रैली नौ राज्यों से होकर गुजरेगी और करीब चार हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी। मेहता ने कहा, (रैली में शामिल) बाइकर्स (मोटरसाइकिल सवारों) का लक्ष्य प्रतिदिन कम से कम 400 से 450 किलोमीटर की दूरी तय करना है। हम आज रात वाराणसी पहुंचेंगे....और कल हम ग्वालियर के लिए रवाना होंगे ।

# चौकी प्रभारी के निलंबन की मांग, अधिवक्ताओ ने किया प्रदर्शन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन/मथुरा । पिछले शुक्रवार को सड़क दुर्घटना को लेकर अधिवक्ता एवं स्थानीय चौकी प्रभारी में हुए वाद विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

अधिवक्ताओं द्वारा मामले को लेकर कलेक्ट्रेट के अतिरिक्त जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। अधिवक्ताओं एवं पुलिस के बीच झड़प भी हुई जिससे पूरे दिन स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

गत 14 मार्च को सड़क दुर्घटना को लेकर कृष्णा नगर की रहने वाले अधिवक्ता अमरजीत सिंह एवं कृष्ण नगर पुलिस चौकी प्रभारी विक्रांत तोमर के बीच वाद विवाद इतना बढ़ गया था की चौकी प्रभारी विक्रांत तोमर के द्वारा अधिवक्ता अमरजीत सिंह के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था।

जिसे लेकर वकीलों द्वारा चौकी प्रभारी के निलंबन की मांग वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखी गई थी। जब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई तो वकीलों के सब्र का बांध टूट गया और वकील पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने दरोगा के निलंबन तथा उसे जेल भेजने की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी।

इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस लाइन के सामने जाम लगा दिया गया जिसे खुलवाने आई पुलिसकर्मियों को अधिवक्ताओं के कोप का सामना करना पड़ा। बाद में कई थानों की फोर्स ने जाम स्थल पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पाया। इस दौरान वादकारियों के साथ-साथ अन्य राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## नागपुर हिंसा : धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में विहिप और बजरंग दल के खिलाफ मामला दर्ज

नागपुर (भाषा) महाराष्ट्र के नागपुर में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कुछ पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गणेशपेठ थाने में महाराष्ट्र और गोवा के विहिप प्रभारी सचिव गोविंद शेंडे व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मध्य नागपुर के महल इलाके के चिटनिस पार्क में सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे हिंसा भड़क उठी। पुलिस पर पथराव किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इलाके में यह अफवाह फैली कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विहिप के आंदोलन के दौरान एक समुदाय के धर्म ग्रंथ को जला दिया गया।

उन्होंने बताया कि आंदोलन के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी, जिसमें एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया।

गणेशपेठ थाने के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

उन्होंने बताया कि विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी में अमोल ठाकरे, डॉ. महाजन, तयानी, रजत पुरी, सुशील, वृषभ अर्खेल, शुभम और मुकेश बारापात्रे के नाम भी शामिल हैं।अधिकारी ने बताया कि अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात को शहर में हिंसा भड़कने के बाद पुलिस ने मंगलवार तड़के करीब 4.30 बजे कर्फ्यू लगा दिया। उन्होंने बताया कि कोतवाली, गणेशपेठ और लकड़गंज सहित कई इलाकों में कर्फ्यू लागू है, जहां केवल आवश्यक आवाजाही की अनुमति है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल शहर में 11 अति संवेदनशील स्थानों पर गश्त कर रहे है।

## मंत्री कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक लगाने के फैसले में फिलहाल हस्तक्षेप नहीं: बंबई उच्च न्यायालय

मुंबईः (भाषा) बंबई उच्च न्यायालय ने 1995 के धोखाधड़ी और जालसाजी मामले में महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे की दोषसिद्धि पर रोक लगाने के नासिक सत्र न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है।



माणिकराव कोकाटे और उनके भाई सुनील कोकाटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले पूर्व मंत्री दिवंगत तुकाराम दिघोले की बेटी अंजलि राठौड़ ने नासिक सत्र न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर रोक लगाने के पांच मार्च को दिये फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। राठौड़ की याचिका मंगलवार को न्यायमूर्ति आर एन लड्ढा की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। कोकाटे के वकील अनिकेत निकम ने दलील दी कि याचिका विचारणीय नहीं है, क्योंकि याचिकाकर्ता अंजलि राठौड़ मामले में शिकायतकर्ता नहीं हैं और इसलिए याचिका नहीं दाखिल कर सकती हैं।

उच्च न्यायालय ने कहा कि इस स्तर पर वह सत्र न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करेगा तथा प्रतिवादियों - राज्य सरकार और कोकाटे बंधुओं को नोटिस जारी करने के बाद मामले की सुनवाई 21 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी।

नासिक जिले की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 20 फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)नेता और उनके भाई सुनील कोकाटे को सरकारी कोटे के तहत फ्लैट पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने के मामले में दोषी ठहराया और उन्हें दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

## शराब गोदाम पर फायरिंग, गोली लगने से चार कर्मी गंभीर

### बदमाश गोदाम से 1.60 लाख लूट कर हुए फरार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः सूरजकुंड इलाके में शराब के गोदाम पर बदमाशों ने धावा बोल दिया। सुबह पौने चार बजे हुई इस वारदात में चार हथियारबंद बदमाशों ने गोदाम में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और बदमाशों की तलाश की ला रही है।



वहीं बदमाशों के हमले में गोदाम के दो कर्मचारी सोनू और पंकज के साथ-साथ गाड़ी ड्राइवर चंद्रप्रकाश और मोहित घायल हो गए। सभी घायलों को फरीदाबाद के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं। थाना सूरजकुंड के प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि बदमाश अपनी गाड़ी को रोड पर खड़ी कर पैदल ही गोदाम में घुसे। उन्होंने पांच राउंड फायरिंग की और करीब 1 लाख 60 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

पुलिस कमिश्नर सत्येंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर बदमाशों की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच की पांच टीमें गठित की गई हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि फरीदाबाद में किसी भी प्रकार के अपराध और अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। घटना की हर दिशा से जांच की जा रही है।

## नागपुर हिंसा साजिश प्रतीत होती है ; छावा फिल्म ने लोगों की भावनाओं को फिर से जगा दिया : फडणवीस

मुंबईः (भाषा) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि नागपुर में हुई हिंसा साजिश प्रतीत होती है। हिंसा के संबंध में 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है और नागपुर के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।



फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि छावा फिल्म ने मुगल शासक औरंगजेब के खिलाफ लोगों की भावनाओं को जगा दिया है। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा ने लोगों के सामने मराठा शासक का सच्चा इतिहास पेश किया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा कि वह औरंगजेब के महिमामंडन के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी और दावा किया कि नागपुर हिंसा की साजिश रची गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मध्य नागपुर के चिटनिस पार्क इलाके में तब हिंसा भड़क उठी जब अफवाह फैली कि औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान एक समुदाय का धर्मग्रंथ जलाया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर के एक अस्पताल में घायल पुलिसकर्मियों से मिलने के बाद बताया कि हिंसा में 34 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बावनकुले ने कहा कि फिलहाल स्थिति थोड़ी तनावपूर्ण है, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल तैनात होने के कारण शहर में शांति है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना व तोड़ना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं होगा।

शिवसेना (उबाठा) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने नागपुर में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार पर निशाना साधते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हिंसा भड़काना, राज्य में अस्थिरता पैदा करना, नागरिकों को पिछले इतिहास में उलझाए रखना और राज्य की वित्तीय दुर्दशा, बढ़ते कर्ज के बोझ, बढ़ती बेरोजगारी और किसानों की आत्महत्या जैसे कठिन सवालों से बचना... महाराष्ट्र को निवेश के लिए अनाकर्षक बनाने की दिशा में ले जाया जा रहा है, इसका उद्देश्य पड़ोसी राज्य को लाभ उठाने में मदद करना है।

## तरबूज से भरा ट्रक पलटा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः डबुआ पाली रोड पर बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। तरबूज से भरा एक ट्रक दूसरी गाड़ी को बचाने के प्रयास में बेकाबू होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। बताया जा रहा है कि डबुआ मंडी से ट्रक तरबूज भर के धर्म कांटे पर वजन करने के लिए जा रहा था कि तभी यह हादसा हो गया। घटना रात 12 से 1 बजे के बीच की है। जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर सलीम डबुआ से तरबूज लेकर वजन कराने जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के प्रयास में उसने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया। ट्रक सीधा बिजली के खंभे से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बिजली का खंभा टूट गया और ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक में भरे सभी तरबूज सड़क पर बिखर गए। ड्राइवर सलीम को मामूली चोटें आईं। वहीं ड्राइवर को बादशाह खान सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। स्थानीय प्रशासन ने जेसीबी की मदद से ट्रक को सीधा करने का काम शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई सड़क पर आवाजाही सुचारू रखने के लिए की जा रही है।

# पंजाब में एक अप्रैल से मादक पदार्थों के खिलाफ शुरू होगा जन आंदोलन : केजरीवाल

लुधियानाः (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि पंजाब में एक अप्रैल से मादक पदार्थों के खिलाफ जन आंदोलन शुरू किया जाएगा और नशे के आदी लोगों की पहचान कर उन्हें उचित उपचार मुहैया कराने के लिए उनकी गणना की जाएगी।



केजरीवाल ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए पंजाब में जारी मादक पदार्थ रोधी अभियान के लिए भगवंत मान सरकार की सराहना की और कहा कि इस अभियान से राष्ट्र विरोधी ताकतें बौखला गई हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभूतपूर्व कार्रवाई कर रही है।

केजरीवाल ने कहा, हमने मादक पदार्थों के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया है। आप पिछले 20 दिनों से इस जंग की आहट देख सकते हैं, जिसमें बड़े-बड़े मादक पदार्थ तस्करों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त किया जा रहा है। करोड़ों की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। पहली बार किसी सरकार ने इन तस्करों से सीधे भिड़ने की हिम्मत की है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा, गुजरात और दिल्ली जैसे कई राज्यों में मादक पदार्थ बिक रहे हैं लेकिन वहां कोई भी पार्टी या सरकार मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं करती।

केजरीवाल ने कहा, केवल पंजाब में ह्यआपह्न सरकार ने मादक पदार्थ की बुराई के खिलाफ जंग छेड़ी है। उन्होंने कहा कि करीब 70 फीसदी मादक पदार्थ ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से आ रहे हैं।

आप संयोजक ने कहा कि जब से मादक पदार्थों के खिलाफ जंग शुरू हुई है, तब से पाकिस्तानी तस्कर ड्रोन से गिराए जाने वाले मादक पदार्थों को उठाने के लिए लोगों को नहीं ढूंढ पा रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणाली खरीदी जा रही है, जिसे ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात किया जाएगा।

# निगम ने स्मार्ट के बजाय नर्क बना दिया शहर

**कविता**

फरीदाबादः शहर में नगर निगम के द्वारा जहां एक तरफ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर के विभिन्न हिस्सों में देखा जाए, तो शहर में ऐसा है, कि वहां से निकलना भी दुर्भर हो जाता है। नेशनल एक्सप्रेस ने निगम से कुछ दूर स्थित एक शौचालय की बाहरी सुंदरीकरण तो कर दिया और अंदर साफ सफाई करना ही भूल गया। खबर पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम कमिश्नर ने तुरंत ही जेई को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया था। लेकिन उज्ञत नोटिस के बाद भी शौचालय का हाल बेहाल बना हुआ है। ऐसे में साफ कहा जा सकता है कि नगर निगम के कर्मचारी नगर निगम की कमिश्नर के नोटिस के बाद भी अपना कार्य नहीं करते है। वहीं दूसरी तरफ शहर में जहां जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। वहीं शहर के विभिन्न हिस्सों में गंदगी के ढ़ेर लगे हुए है। सीवरेज ओवरक्रलों की समस्या से लोगों को जूझना पड़. रहा है।

जानकारी के मुताबिक शहर में नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर लगातार जागरूकता का संदेश देते हुए दीवारों को पेंट करवा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ विज्ञापन के बड़े बड़े बोर्ड लगाकर जागरूक कर रहा है। लेकिन शहर इन जागरूकता संदेशों के बाद भी स्मार्ट के बजाय नर्कबन गया है। शहरवासियों को नर्कमें जिदंगी जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसा ही शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल रहा है।

## निगम के बाहर कचरा

नगर निगम के बाहर ही जहां स्वच्छता को दशार्ती हुई पेंटिग्स बना दी है। उसी के सामने निगम के कर्मचारियों ने कचरे का ढेर लगा दिया। जिस कारण वह स्वच्छता का संदेश ही बेकार होता नजर आया।



नगर निगम की दीवार के निकट पड़ा कचराः फोटो- ओमप्रकाश पांचाल

ऐसा ही शहर के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिल रहा है। जहां कचरे के ढ़ेर है और साथ ही निगम के दक्रतर है।

## कचरा और आवरा पशु



कचरे में मंडराते आवरा पशुः फोटो ओमप्रकाश पांचाल

शहर में जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए है। जिस पर आवारा पशुओं को मंडराते हुए देखा जा सकता है। इसे देखकर लगता है कि नगर निगम के कर्मचारी कार्य ही नहीं कर रहे है, क्ष्योंकि जहां शहर को गंदगी मुश्चत करना है, वहीं आवरा पशु मुश्चत करवाने के निर्देश भी है। लेकिन न तो शहर कचरा मुश्चत हुआ और न ही आवरा पशु मुश्चत हुआ है।

## खुले सीवरेज के होल



सड़कों पर खुले मैनहोल नर्क के द्वार की तरह

शहर में जगह जगह सीवरेज के मेल होल खुले हुए है। जिनमें नर्क के द्वार की तरह खुले मैनहोल में गिरकर लोग मर रहे है या घायल हो रहे है। ऐसे में मात्र एफआईआर दर्ज करके खानापुर्ति कर दी जाती है। लेकिन उश्चत मैनहोल के ढ़श्चकन ही नहीं लगाए जाते है। जिससे कई बड़े हादसे हो जाते है।

## किसानों को किया जागरूक



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः कृषि केंद्र विज्ञान विभाग द्वारा किसानों का बहुत बड़ा मेला लगाया गया और उसमें किसानों के लिए अन्य अलग अलग स्टाल लगाई। जैसे दूध उत्पादन, प्राकृतिक कृषि, मछली पालन, पशु बीमा, फसल बीमा, जिसमें एक हमारी आरोह फाउंडेशन की तरफ से स्टाल लगाई गई। जिसमें किसानों को जागरूक किया गया। उनको किसानों के लिए केसीसी स्कीम, पीकेकेसीसी और पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, सुकन्या समृद्धि योजना, जन धन खाते अन्य स्कीमो से अवगत कराया गया। जिसके लिए एग्रीकल्चर, फार्मर्स वेलफेयर डिपार्टमेंट की तरफ आरोह फाउंडेशन के सीएफएल फरीदाबाद को अच्छे काम के लिए सराहानीय सर्टिफिकेट दिया गया।

## निगम ने सील की 10 यूनिट बकाया था लगभग 35 लाख

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः नगर निगम द्वारा एनआईटी जॉन दो में आज लगभग 10 संपत्तियों को सील किया गया है इनमें ऊपर लगभग 35 लाख रुपए का टैक्स बकाया था। सीलिंग कार्यवाही के दौरान एक चलती ही वर्कशॉप ओर रेस्टोरेंट भी शामिल है। नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है निगम का करोड़ों रुपए का टैक्स अभी बकाया है जिसे वसूल करने के लिए सीलिंग की कार्यवाही शुरू की गई है। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के आदेशों पर एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल के मार्गदर्शन में जोनल कर अधिकारी सुमन रत्रा की टीम ने सुबह से ही स्पेशल ड्राइव चलाकर सीलिंग की कार्यवाही शुरू की जिसमें बड़खल एरिया में लगभग 10 प्रॉपर्टी को सील किया। उन्होंने बताया कि सील की गई यूनिटों पर 50 हजार से लेकर 23 लाख तक का टैक्स बकाया है जो प्रॉपर्टी मालिकों ने नोटिस देने के बाद भी जमा नहीं कराया इसलिए निगम द्वारा यह सीलिंग कार्यवाही की गई है जो आगे भी जारी रहेगी। निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल ने फरीदाबाद निगम क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि अपने शहर के विकास और उसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स समय से जमा कराएं ताकि शहवासियों को उनकी मूलभूत सुविधाएं और शहर के विकास का कार्य निरन्तर चलता रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

## 23 को 12 हजार एनएचएम कर्मी सीएम आवास का घेराव



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फरीदाबादः स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में लघु सचिवालय पर विशाल प्रदर्शन कर जिला फरीदाबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौपा। 23 मार्च को एनएचएम के 12000 कर्मचारी कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर मंगलवार को समस्त भारतवर्ष के सभी राज्यों के जिला मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया गया। जिसमें फरीदाबद से भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रोग्राम भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष नीरज मावी की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय पर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार विशिष्ट वक्ता के तौर पर उपस्थित थे। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ फरीदाबाद द्वारा इस विशाल प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया तथा सैकड़ो कर्मचारियों ने आज प्रदर्शन किया स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान व राज्य मंत्री हरियाणा धर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला उपयुक्त को एनएचएम का मांग पत्र भी सौंपा गया तथा मांगे पूरी न होने पर 23 तारीख को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास के घेराव का भी ज्ञापन दिया गया। धर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 2018 में ही एनएचएम कर्मचारियों को बायलॉज दिए थे और 2023 में इन बायलॉज को फ्रीज कर दिया गया है।

## निगम की तरफ से आमजन को ब्रांड एम्बेसडर दे रहे स्वच्छता सर्वेक्षण का संदेश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः जारी स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के अपने विशेष क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों को हासिल करने वाले निगम द्वारा बनाये गए ब्रांड एंबेसडर फरीदाबाद वासियों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है । जारी स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छता और उसके प्रति शहरवासियो को जागरूक करने के लिए उद्योगपति और पर्यावरणविद श्रीमती सरला गर्ग जिन्होंने अपने स्वम के घर को पिछले करीब 22 साल से कूड़ा रहित बना रखा है वो सोशल प्लेटफार्म और लोगो से जुड़कर स्वच्छता का संदेश दे रही हैं। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय गोल्डमेडिलिस्ट शूटर अनमोल जैन ने भी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने शहर को स्वच्छ बनायेंगे तभी हम धरती माँ को बचा पाएंगे।

इसके अतिरिक्त ब्रांड एंबेसडर बाड़ी बिल्डर लोकेश राजपूत के साथा साथ वॉलीवुड सिंगर दिल्ली रत्न से सम्मानित अलीशा अरोड़ा ने भी लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक का आदेश देकर अपील की है कि सभी पर्यावरण और अपने शहर को स्वच्छ रखने की दिशा में नगर निगम का सहयोग करें ।नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल ने बताया कि सभी ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम के साथ मिलकर फरीदाबाद शहरवासियों को जागरूक कर रहे हैं और लोगों में काफी जागरूकता देखने में आ रही है। निगम के सफाई कर्मचारी भी स्वच्छता सर्वेक्षण में निष्ठा के साथ कार्य कर रहें हैं और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य से शहर में सफाई व्यस्त को दिन प्रतिदिन दुरुस्त किया जा रहा है ।

## मतदाता सूची संशोधन पर विभिन्न राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श बैठक संपन्न

### सीईओ जिला परिषद ने बैठक कर मांगे सुझाव कहा, मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण चुनाव की महत्वपूर्ण कड़ी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फरीदाबादः पारदर्शी, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने में चुनाव आयोग की महती भूमिका है। यह बात सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आज चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर राजनीतिक प्रतिनिधियों से चर्चा के समय कही। उन्होंने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ना, मतदाता सूची से नाम हटाना, मतदाता सूची से संबंधित सुझाव, बी.एल.ओ से संबंधित मुद्दे एवं अन्य उपयुक्त विषयों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल कर मतदाता सूची का संशोधन कार्य किया जा रहा है। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर और ऑनलाइन पोर्टल का इस्तेमाल कर त्वरित माध्यम से गलतियों पर सुधार का काम किया जाता है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील कर कहा कि वह भी इस प्रक्रिया में प्रशासन का साथ दें। इससे त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में मदद मिलेगी। साथ ही निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया जारी रखी जा सकेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों को अपने अपने क्षेत्रों में 18-19 आयु वर्ग के युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने, छूटे हुए निर्वाचकों का नाम जोड़ने एवं मृत मतदाताओं का नाम हटाने के लिए अपने स्तर से प्रचार-प्रसार एवं सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची संशोधन को लेकर सुझाव मांगे जिस पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची में मृतक मतदाताओं की संख्या, नए मतदाताओं को जोड़ना, मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने के अलावा सभी मतदाताओं के वोटर कार्ड का आधार कार्ड से लिंक कराने के लिए कहा। राजनीतिक दलों के प्रतिनि-धियों ने अपील कर कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि एक परिवार के सभी वोट मतदाता सूची में एक ही पृष्ठ और एक ही मतदान केंद्र पर सुनिश्चित हो। साथ ही मतदान केंद्र की दूरी दो किलोमीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्थानांतरित और दोहरे मतदाताओं के नाम भी सूची से हटाने की मांग की।

# अलीगढ




## आज का राशिफल

ज्योतिर्विद

डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'



Mob:-9760800271


**मेषः** आज का आपका दिन मिश्रित फलदाई रहेगा।कार्यक्षेत्र मेंसंघर्ष अधिक रहेगा। अपव्यय सम्भव है। आरामतलबी से बाहर आएं, जीवन में प्रगति के नए मार्ग खुलने वाले हैं। पढ़ाई में सुधार होगा किन्तु अभी भी सुधार की बहुत गुंजाइश है। परीक्षा परिणाम सकारात्मक रहेगा। कम्फर्ट जोन से बाहर रहें।

**वृषभ :** आज आपका दिन शुभ रहेगा। स्वास्थ्य चिंता का विषय बन सकता है। पेट में दर्द या गले में समस्या सम्भव है। गुस्से व जिद्द से दूर रहें। अनावश्यक क्रोध आएगा इसलिए आत्म- नियन्त्रण की आवश्यकता है। परीक्षा परिणाम बेहद सकारात्मक रहेगा।

**मिथुन :** आज आपका दिन विशेष शुभ है। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। भूमि से धनलाभ का योग है, इसलिए आज जमीन में इन्वेस्ट कर सकते हैं, भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए संघर्ष से भरा रहेगा, किन्तु शाम तक उस संघर्ष का सुपरिणाम निकलेगा। मन थोड़ा उद्विग्न रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। क्रोध से बचें, नुकसान हो सकता है। बुद्धिमानी से खर्च करें, जल्दबाजी से बचें।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए तनाव भरा रहेगा। हालाँकि परिणाम आशानुरूप रहेंगे इसलिए दिन के अन्त तक अच्छा महसूस करेंगे। क्रोध पर काबू रखें, तो आज अवश्य लाभ मिलेगा। सिर या पैर दर्द की समस्या बन सकती है। परीक्षा परिणाम अच्छा रहेगा।

**कन्या :** आज आपका दिन विशेष शुभ है। लाभ का योग है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। पढ़ाई में मन कम लगेगा किन्तु परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेगा।

**तुला :** आज का दिन कष्टकारक हो सकता है। फालतू खर्च से परेशानी हो सकती है। सम्भव है कि स्वास्थ्य के कारण अपव्यय हो। पढ़ाई भी ठीक नहीं चलेगी। परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहेगा। जीवन साथी से अनबन सम्भव है।

**वृश्चिक :** आज का दिन शुभ फलदाई है। लाभ का योग है। आय के नवीन स्रोत अवश्य बनेंगे। स्वास्थ्य पर अवश्य ध्यान दें। पढ़ाई में सुधार आएगा।परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहेगा।

**धनु :** आज आपका का दिन मध्यम शुभ है। मन में उत्साह रहेगा और लाभ का योग बनेगा। आज क्रोध या जिद्द से बचें, अकारण समस्या बन सकती है। भाग्योदय का योग है। पढ़ाई में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम सकारात्मक रहेगा।

**मकर :** आज आपका दिन शुभ है। सुख के साधन बढ़ेंगे। वाहन क्रय कर सकते हैं। जीवन साथी से प्रेम व सहयोग प्राप्त होगा। जमीन या किसी नए प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करना शुभ रहेगा।

**कुंभ :** आज आपका दिन मिश्रित फलदाई है। भागदौड़ अधिक रहेगी। फालतू के खर्चों पर नियन्त्रण नहीं हो पा रहा है। परीक्षा परिणाम अच्छा रहेगा, विशेषकर सरकारी नौकरी के लिहाज से। पढ़ाई में सुधार आएगा, मन विचलित ना करें। पैरों में दर्द सम्भव है।

**मीन :** आज का आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। आप आज बहुत व्यस्त और उलझे रहेंगे, किन्तु उसका सुपरिणाम भी मिलेगा।

## सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अलीगढ़। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन उत्सव गार्डन, रामघाट रोड में किया गया। शिविर के पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शर्मिला शर्मा द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. शर्मिला शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को जीवन में सफल होने के लिए कठिन परिश्रम, दृढ़संकल्प, सत्यता, ईमानदारी के पथ पर हमेशा अडिग रहने के लिए प्रेरित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्त्व के विषय में जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं को सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार कराया गया और इसी सत्र में नगर निगम की ओर से आई टीम में आइ. इ. सी. इंचार्ज फिरदौस रजा, लुबना अहमद, नाजरीन द्वारा एनएसएस की 150 स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया। आईसी इंचार्ज फिरदौस द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की

## किशोरी ने लगाई फांसी

अलीगढ़। छर्रा थाना क्षेत्र के गांव बाहशाह नगला में मां की डांट से नाराज एक किशोरी ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाहशाह नगला निवासी बाबू खान ने बताया- उसकी 17 वर्षीय सीमा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली है। सोमवार को घर में खेलने के दौरान ही उसका अपनी बहनों से विवाद हुआ थाजिस पर सीमा की मां ने दोनों को डांटा था और कमरे में भेज दिया था।इसके बाद सीमा गुमसुम थी और किसी से बात नहीं कर रही थी। वह चुपचाप घर से निकल गई और गांव से थोड़ी दूरी पर जंगल में जाकर फांसी लगा दी।

## शहर के कचरे से बनी खाद जल्द पहुंचेगी घर-घर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अलीगढ़। आने वाले दिनों में अलीगढ़ के नगरीय क्षेत्र में निकलने वाले रोजाना के कचरे से बनी खाद शहर के घर घर बनी नर्सरी के साथ साथ उद्यान विभाग, कृषि विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉर्टिकल्चर डिपार्मेंट, किसानों और नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा पौधरोपण के लिए बहुत ही रियायती दरों पर मिलने वाली है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने सुस्ती में चल रहे ए0टू0जेड0 प्लांट को दोबारा से आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरू कर दी है।

मंगलवार को ए0टू0जेड0 प्लांट का निरीक्षण करने पहुँचे नगर आयुक्त ने आग लगने की संभावना को देखते हुए अग्निशमन उपाय का भौतिक सत्यापन किया उन्होंने ए0टू0जेड0 प्लांट की 220 मीट्रिक टन कैप्सिटी को बढ़ाने के लिए भी कहा रोजाना लगभग 500 से 550 मीट्रिक टन निकलने वाले कचरे के सापेक्ष 220 एमटी के निस्तारण करने से लिगेसी वेस्ट की मात्रा बढ़ रही है। नगर आयुक्त ने ए0टू0जेड0 प्लांट के उत्तरदायी जितेंद्र को 220 एमटी कचरे के निस्तारण से बनने वाली खाद का प्रचार प्रसार करने व इस ऑर्गेनिक खाद का इस्तेमाल करने के लिए जिला विभाग जिला उद्यान विभाग अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट नगर निगम उद्यान विभाग व अलीगढ़ के आसपास के किसानों से प्लांट में बनने वाली खाद को इस्तेमाल करने के लिए संपर्क करने के लिए कहा। नगर आयुक्त ने ए0टू0जेड0 प्लांट जितेंद्र को अर्बन कंपनी से समन्वय स्थापित कर डोर टू डोर नर्सरी रखने वाले घरों में इस खाद को रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही साथ ए0टू0जेड0 में कचरे से तैयार सिमेंटेट ईंट का इस्तेमाल के लिए अलीगढ़ के आसपास के ईद भट्ट चालकों से संपर्क करने के लिए कहा। निरीक्षण के समय ए0टू0जेड0 प्लांट में अर्बन कंपनी के कचरा उठाने वाले वाहन बिना तिरपाल खुले में कचरा लाते हुए दिखाई दिए जिस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई मौके पर अर्बन कंपनी के हेड एहसान सैफी को प्रत्येक दशा में मोटे ट्रिपल से कचरा को ढक कर प्लांट के अंदर लाने के निर्देश दिए। ए0टू0जेड0 प्लांट में नगर आयुक्त ने आपात स्थिति उत्पन्न होने व पिछले साल आग की घटना का संज्ञान लेते हुए अग्निशमन उपाय का भौतिक सत्यापन प्लांट में लगे कचरे के ढेर पर पानी का छिड़काव करके देखा साथ ही साथ यहां उठने वाली बदबू के समाधान के लिए नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से सभी सरकारी खाते वापस लेने के दिए निर्देश

### क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक को दिया नोटिस

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अलीगढ़ः मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की विकास भवन सभागार में समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से विभिन्न बैंक शाखाओं में 2155 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए जिसके सापेक्ष मात्र 213 प्रकरणों पर ऋण वितरण की कार्यवाही की गई। भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा प्रेषित 461 के सापेक्ष 183 आवेदन पत्र निरस्त किए गए, जो कि जिले में सर्वाधिक हैं। सीडीओ ने इस पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक और जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक के विरूद्ध मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को पत्र प्रेषित किए जाने का निर्देश दिया गया।

सीडीओ ने निरंतर कई बैठकों में प्रतिभाग न करने एवं सीएम युवा उद्यमी योजना में रुचि न लेने पर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में संचालित सभी विभागीय खातों को वापस लिए जाने के निर्देश देते हुए हुए सभी शाखा प्रबंधकों को हिदायत दी कि यह योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं सभी मंडलों में जाकर योजना से संबंधित कार्यक्रम कर रहे हैं उनके द्वारा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में 25 मार्च 2025 को सीएम युवा उद्यमी विकास योजना का वृहद ऋण वितरण शिविर भी जिले में आयोजित किया जाएगा। समीक्षा में पाया गया कि अनेक बैंक शाखाओं में आवेदन पत्र स्वीकृति के उपरांत वितरण के लिए काफी लंबे समय से लंबित हैं। ऐसे शाखा प्रबंधकों को चेताते हुए निर्देशित किया कि उक्त कार्य शासकीय कार्य में बाधा के रूप में माना जाएगा और यदि 25 मार्च 2025 तक स्वीकृतियों के सापेक्ष शत-प्रतिशत ऋण वितरण नहीं किया गया तो संबंधित शाखा प्रबंधक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित शाखा प्रबंधकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश भी अग्रणी जिला प्रबंधक को दिए गए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक सहित अनेक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## इमरान मिंटो समाज सेवक की टीम में फ्री इफ़्तार बाट रहे हैं



जैसा कि आप सब जानते हैं हमेशा से सामाजिक कार्य में रुचि रखते हुए इमरान मिंटो हमेशा लोगों के लिए मदद करते रहते हैं और उन्होंने बताया एक छोटी सी कोशिश है हम लोग पहले जो लोग जरूरतमंद, गरीब होते हैं हम लोगों ने कैंप लगाया कि जो भी रोजदार होते हैं।

जो भी जरूरतमंद आए हमारे कैंप से आकर इफ्तार ले जाएं। इसके अलावा हम मदरसा में भी जो गरीब बच्चे और यतीम होते हैं उनका भी इफ़्तार करवाते हैं।

आप लोग अपने घर के आसपास पड़ोसी को देखें जो भी लोग हैं जरूरतमंद उनको भी इफ़्तार करवाये उनकी मदद करें उनका ध्यान रखें आप लोगों से दुआ की दरखास्त है।

## पुलिस ने 12.22 लाख के मोबाइल किए बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अलीगढ़। जिले में विभिन्न मामलों में चोरी हुए और गुमशुदा हुए 71 मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। साइबर क्राइम की टीम ने यह मोबाइल बरामद किए, जिसके बाद इन्हें शिकायतकर्ताओं को वापस किया गया। यह मोबाइल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गायब हुए थे और पीड़ितों ने थाने में लिखित शिकायत दी थी। जिसके बाद टीम लगातार इन मोबाइलों को ट्रेस कर रही थी।धीरे-धीरे करके पुलिस ने इन्हें बरामद किया है, जिसके बाद इन्हें मंगलवार को लोगों को वापस किया गया। एसपी क्राइम ममता कुरील ने शिकायतकर्ताओं को मोबाइल वापस किए।

एसपी क्राइम ममता ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों से CEIR पोर्टल पर गुमशुदा मोबाइलों की सूचना रजिस्टर्ड की जाती है। जिसके बाद साइबर और सर्विलांस की टीम लगातार इनकी तलाश कर रही थी। अब टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से 71 मल्टीमीडिया मोबाइल बरामद किए हैं। जिसकी बाजार कीमत लगभग 12 लाख 22 हजार 966 रुपए है। मोबाइल मिलने के बाद सभी शिकायत कताओं से संपर्क किया गया था और उन्हें मंगलवार को पहचान के लिए पुलिस लाइन में बुलाया गया। शिकायतकताओं को बुलाने के बाद उनके मोबाइलों की पहचान कराई गई।

## खबरें फटाफट

### प्यार से इंकार पर दबंग की प्रताड़ना से जहर खाकर मर गई कानपुर की किशोरी

कानपुर। जबरन प्यार कराने की दबंग की इच्छा एक किशोरी की असमय मौत का कारण बन गई । उसने इसी दबंग की प्रताड़ना से भयभीत होकर मौत को गले लगा लिया। उसने जहर खा लिया, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था ,जहां उसने इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक किशोरी के घर से बाहर जाने के दौरान यह दबंग उससे फोन पर बात करने के लिए भी दबाव डालता था और बात नहीं मानने पर बदनाम करने की धमकी भी दे रहा था। घटना की सूचना के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस ने जांच के साथ आरोपी की तलाश भी शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार बिल्हौर के खजूरी कला गांव निवासी किसान की बेटी क्लास 7 में पढ़ती थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पिता ने बताया कि गांव में ही रहने वाला सत्येंद्र राठौर आए दिन बेटी को फोन करके परेशान करता था। सूत्रों की माने तो दबंग उसे खुद से प्यार करने के लिए धमकता भी था। इसी इरादे से वह से फोन पर बात करने का भी दबाव बनाता था।

पिता के मुताबिक जब बेटी ने बात करने से इनकार किया तो वह उसके स्कूल के रास्ते में रोकने लगा और जबरन बात करने का दबाव बनाता था। इससे बेटी काफी सहम गई और उसने जहर खा लिया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच के साथ आरोपी की भी तलाश कर रही है।

### सीएमआरएस के निरीक्षण के बाद शहरवासी कर सकेंगे मेट्रो में सफर : सुशील कुमार

कानपुर, 18 मार्च (हि.स.)। कानपुर मेट्रो ने चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक यात्री सेवाओं के विस्तार की तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेट्रो यात्री सेवाओं के विस्तार से पहले सीएमआरएस द्वारा जायजा लेना बाकी है। सीएमआरएस अपनी टीम के साथ 20 और 21 मार्च को कानपुर मेट्रो के



मोतीझील से कानपुर सेंट्रल तक अंडरग्राउंड और एलिवेटेड सेक्शन की बारीकियों को करीब से जानने के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देंगे। यह जानकारी मंगलवार को यूपीएमआरसी प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने दी।

मेट्रो सेवाएं शुरू करने से पहले मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना आवश्यक होता है। सीएमआरएस के आगमन से पूर्व उनकी टीम द्वारा जमीनी हकीकत को जानने की प्रक्रिया पहले ही आरंभ हो चुकी है। चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक सभी पांच स्टेशनों पर टनल वेंटिलेशन सिस्टम, एंवॉयरमेंट कंट्रोल सिस्टम, एएफसी सिस्टम, पैसेंजर इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम आदि सभी जरूरी सिस्टम्स और उपकरणों के इंस्टॉलेशन का काम पूरा होने के बाद यात्री सेवाओं के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सीएमआरएस से एनओसी मिलने के बाद शीघ्र ही मेट्रो की यात्री सेवाओं के विस्तार का शुभारंभ कर दिया जाएगा।

# दोस्त के साथ गंगा बैराज घूमने गया कारोबारी का एकलौता बेटा गंगा में डूबा



नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह

कानपुर। कानपुर में सोमवार शाम अपने दोस्त के साथ गंगा बैराज घूमने गया कारोबारी का एकलौता बेटा गंगा में डूब गया। साथ में मौजूद दोस्त ने वहां मौजूद गोताखोरों और अन्य लोगों की मदद से उसको बाहर निकाला और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के हत्या की आशंका जताने पर दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आज सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवारी जनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक की मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

दोस्त का कहना है कि उसने हमको गंगा बैराज घूमने की बात कहकर बुलाया था और साथ में बीयर पीने के बाद गंगा नहाने उतरा था। लेकिन गहराई में जाने व बहाव तेज होने के कारण अचानक डूब गया। नहाने से पहले उसने हमसे गंगा में नहाकर पाप धुलने की बात कही थी। दोस्त और एक युवती के साथ गंगा बैराज गया था घूमने

कल्याणपुर आईआईटी के पास रहने वाले हरिनाम सिंह यादव बड़े कारोबारी हैं। हरिनाम की कंस्ट्रक्शन कंपनी, आयरन शॉप, सिक्योरिटी एजेंसी और ट्रांसपोर्ट समेत कई कारोबार हैं।

उनका एकलौता बेटा प्रांजुल यादव सोमवार दोपहर को अपने दोस्त इंदिरा नगर निवासी नवीन कुमार मिश्रा के साथ नहाने के लिए कार से गंगा बैराज गया था। दोनों के साथ में एक युवती भी थी। तीनों ने शराब ली और फिर बैराज के पास कल्लूपुरवा घाट पर गंगा किनारे शराब पीने लगे।

यहीं पर प्रांजुल यादव ने नवीन से कहा कि आज गंगा में नहाकर सारे पाप धुलने हैं और यह कहकर वह गंगा में नहाने के लिए उतर गया। गंगा में तेज बहाव और गहराई अधिक होने से वह डूबने लगा। दोस्त को डूबता देखकर नवीन ने गोताखोरों को मदद के लिए बुलाया। काफी देर प्रयास के बाद उन लोगों ने प्रांजुल को बाहर निकाला और पुलिस को भी सूचना दी।

इसके बाद पुलिस के साथ प्रांजुल को लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने प्रांजुल को मृत घोषित कर दिया।

## कानपुर प्रेस क्लब में रोजाफ्तार का हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। माहे रमजान के पवित्र महीने में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कानपुर प्रेस क्लब में रोज़ा अफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें शहर काज़ी मौलाना साकिब अदीब मिस्बाही व प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई की उपस्थिति में सभी समुदाय के लोगों ने गंगा जमुना तहज़ीब के साथ रोज़ा इफ़्तार में शामिल हुए और अकीदत के साथ इफ्तार के बाद शहर काज़ी ने नमाज़ को पढ़ाया और शहर के साथ मुल्क में चैन अमन एवं आपसी भाई चारा कायम रहने की दुआ मांगी। इस अवसर पे प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई,मंत्री शिवराज साहू,कोषा अध्यक्षा सुनील साहू कार्यकारिणी सदस्य दीपक सिंह , अभिषेक मिश्रा पत्रकार चंदन जायसवाल ,के के साहू , मो. आमिर ,डी के सिंह समेत सभी पत्रकार साथी उपास्थि रहे।

# पशुओं को गोद ले आम जनमानस : जिलाधिकारी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी घायल जीव -जंतुओं, पशु -पक्षियों को एसपीसीए समिति द्वारा बनाये गए अस्पताल में पहुंचा सकते हैं, जहां उनका संस्था द्वारा बेहतर इलाज किया जायेगा। यह बातें मंगलवार को कलेक्ट्रट सभागार में एसपीसीए समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कही।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि इच्छुक लोग उक्त संस्था के द्वारा स्वस्थ किये गए जीव-जंतुओं व पशु को रायपुरवा थाना के बगल में बने एसपीसीए समिति द्वारा निर्मित भवन से गोद भी ले सकते हैं। समिति के सदस्यों को पशुओं के प्रति होने वाले अत्याचार को रोकने के ठोस प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं।एसपीसीए समिति को निर्देश देते हुए कहा कि घायल जीव-जंतुओं, पशु -पक्षियों का बेहतर इलाज कराते हुए उन्हें संस्था द्वारा बनाये गए निवास स्थल में रखा जाये। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी घायल जीव -जंतुओं, पशु -पक्षियों को एसपीसीए द्वारा बनाये गए अस्पताल में पहुंचा सकते हैं, जहां उनकी संस्था द्वारा बेहतर इलाज किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि लोग अन्य किसी भी जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने समिति की बैठक में उपस्थित न होने वाले सदस्यों को हटाते हुए नए कर्मठ लोगों को समिति में शामिल करने के निर्देश दिए।पशुपालन विभाग से घायल जीव- जंतु और पशु -पक्षियों के लिए कई इंडोर

# जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा बुधवार को शहर में रहेंगे

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा बुधवार को शहर में रहेंगे। एज संस्था द्वारा विकसित भारत अभियान-2047 को लेकर विकसित भारत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा शामिल होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और विशिष्ट अतिथि सांसद देवन्द्र सिंह भोले होंगे। कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले उद्यमियों, डॉक्टर्स, एडवोकेट, चार्टर्ड अकाउंटेंट व बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया जाएगा। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके आगमन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम लैंडमार्क टावर्स में दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम से पहले वे अपने रिश्तेदारों से भी मुलाकात करेंगे कार्यक्रम में कानपुर समेत आसपास के जनपदों के उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है। एज 2025 के इस आयोजन में कानफिडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री, रोटरी क्लब ऑफ कानपुर गौरव, प्रोउट सॉलिसिटर सहयोगी संस्था के रूप में सहयोग कर रही है। एज संस्था के धर्मेंद्र सिंह धर्मू ने बताया कि कार्यक्रम में तकनीक, चिकित्सा, ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में स्टार्टअप करने वाले युवा उद्यमियों को भी बुलाया गया है। इन उद्यमियों ने न सिर्फ शहर का नाम रोशन किया है, बल्कि विदेशों में भी इनके उत्पाद खूब चर्चाओं में रहते हैं। एज संस्था के धर्मेंद्र सिंह धर्मू ने बताया कि कार्यक्रम में तकनीक, चिकित्सा, ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में स्टार्टअप करने वाले युवा उद्यमियों को भी बुलाया गया है।

### चार लाख रुपये के गांजे के साथ पुलिस ने महिला समेत दो को किया गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर कमिश्नरेट डीसीपी साउथ और क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बीस किलो नौ सौ ग्राम अवैध गांजे के साथ एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत तीन लाख अस्सी हजार रुपये है। यह जानकारी मंगलवार को डीसीपी साउथ आशीष श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में कई जगहों पर मादक पदार्थों की बिक्री बड़े ही जोरों-शोरों पर हो रही है। मादक पदार्थों की बिक्री और शहर में बड़ी खेप को ठिकाने तक पहुंचाने के लिए शातिर नए-नए हथकंडे अपनाते हैं। पूर्व में भी ऐसा पाया गया है कि उड़ीसा से बड़े पैमाने पर गांजे को उत्तर प्रदेश के कई शहरों में सप्लाई किया जाता है।

### डीएम साहब की न मौजूदगी में
## अपर नगर मजिस्ट्रेट ने डीसीपी पूर्वी को जांच करने का आदेश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। आपको बता दें सुजात गंज का रहने वाला फुरकान ने अपनी पत्नी साहिबा के साथ मार पीट कर प्रताड़ित करता था पीड़ित साहिबा ने पुलिस आयुक्त से लेकर संबंधित थाना रेल बाजार पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया, परंतु कोई कार्रवाई न होने पर मीडिया के सामने साहिबा ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ बयान दिया था। इस बयान को पत्रकार हामिद हुसैन ने भी प्रसारित किया था, जिससे चिढ़ कर फुरकान ने दिनांक 2/05/2024 को कमिश्नर कार्यालय मे दो लाख रुपए रंगदारी मांगने का झूठा आरोप पत्रकार व अपनी पत्नी साहिबा पर लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था जिसपर पुलिस कमिश्नर कार्यालय मे अधिकारी ने एस एच ओ को जांच करने का आदेश किया। उसी दिन दिनांक 2/05/2024 को शाम को थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा व मुकदमे के विवेचक गौरव शर्मा से सांठ गांठ करके अपनी पत्नी साहिबा पत्रकार हामिद हुसैन के खिलाफ रंगदारी ले लेने का आरोप लगाया, पत्रकार हामिद हुसैन ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी जिस पर सूचना मिलने पर फर्जी मुकदमे क्या हुआ खुलासा। पत्रकार हामिद हुसैन ने पूरे प्रकरण की जांच किसी आईपीएस अधिकारी अथवा प्रशासनिक अधिकारी से करने की मांग किया जिस पर अपर नगर मजिस्ट्रेट ने डीसीपी पूर्वी को जांच सौंपी है।

### कारेरामपुर की निवासी नीलम देवी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप



कानपुर देहात के रसूलाबाद ब्लॉक के ग्राम कारेरामपुर की निवासी नीलम देवी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। नीलम देवी एक गरीब और भूमिहीन महिला हैं। वह वर्तमान में घास-फूस के छप्पर में रहने को मजबूर हैं। नीलम देवी का नाम 2016 की आवास योजना की सूची में पांचवें नंबर पर दर्ज था। इसके बाद से वह लगातार अधिकारियों से गुहार लगा रही हैं।कई बार जांच में वह आवास के लिए पात्र भी पाई गईं। लेकिन ग्राम प्रधान की मिलीभगत और गांव की पार्टीबंदी के कारण उन्हें आज तक आवास नहीं मिल सका।

नीलम देवी ने अधिकारियों को एक शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर 8 अप्रैल 2025 तक उन्हें आवास नहीं मिला, तो वह आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगी।

# चिकित्सा शिक्षा सचिव ने किया हैलट अस्पताल का निरीक्षण

**बर्न वार्ड को कमियों को दूर कर जल्द बनवाने का दिया आश्वासन**

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर। चिकित्सा शिक्षा सचिव अर्पणा ने जीएसवीएम मेडिकल कालेज से सम्बद्ध हैलट अस्पताल व सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव मरीजो से मिली और उन्हे अस्पताल की तरफ से मिल रही सुविधाओ के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के बाद उन्होंने प्राचार्य एवं फैक्ल्टी के साथ मीटिंग की।

मंगलवार को दोपहर 12 बजे चिकित्सा शिक्षा सचिव अर्पणा हैलट अस्पताल पहुंची जहां उन्होंने प्राचार्य डॉ प्रो0 संजय काला एवं फैक्ल्टी के साथ सुपर स्पेशलिटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राचार्य डॉ संजय काला से हैलट अस्पताल के बजट के बारे में जानकारी ली जिस पर उन्होंने 3 से 4 करोड का बजट मिलना बताया। साथ ही मेजर उपकरणो के लिए 10 करोड भी शासन ने उपलब्ध कराये है। प्राचार्य डॉ संजय काला ने बताया कि 5 पोर्टेबल आईसीयू अस्पताल में उपलब्ध है।

निरीक्षण के बाद उन्होंने प्रेसवार्ता की और पत्रकारो को बताया कि वर्ष 2019 से बन रहे बर्न वार्ड में जो भी कमियां है उसे दूर कर जल्द ही उसका निमार्ण कार्य पूरा करा लिया जायेगा। वहीं कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ राकेश वर्मा से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उनके यहां 3 कैथलैब बल रहे है जो इसी वर्ष पूरे बन कर ततैयार हो जायेगे। साथ ही कार्डियोलॉजी अब 200 बेडो का अस्पताल बन जायेगा। सचिव अर्पणा ने रिर्सच पर जोर देने को कहा ताकि नयी उपलब्धियां हो सके। सचिव ने बताया कि पीजी की सीट में बढ़ोत्तरी एक बडी उपलब्धि है। उन्होंने हि कि 1000 मरीज की ओपीडी होने से साफ जाहिर है कि अब लोगो का रूझान निजी अस्पताल से हट कर सरकारी अस्पतालो की तरफ हुआ है जो कि अपने आप में बडी बात है। इसके बाद वह कैंसर अस्पताल पहुंची जहां उन्होंने अस्पताल में कई कमियां पायी और निदेशक को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कैंसर पीड़ति मरीजो को बेहतर सुविधाएं दी जाये क्यों कि यह एक गंभीर और आसाध्य बीमारी है। वहीं पीएमएसएसवाई (सुपर स्पेशलिटी) के मेंटीनेंस का बजट शासन द्वारा बढ़ा दिया गया है जो कि पहले से ज्यादा रहेगा ताकि मरीजो को हर सुविधा उपलब्ध हो सके।

## कानपुर से दिल्ली के लिए शहर को मिले दो अतिरिक्त ट्रेन : सांसद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर सेंट्रल स्टेशन देश के कुछ चुनिंदा स्टेशनों में से एक है। जहां रोजाना सैकड़ो ट्रेनों के जरिये हजारों यात्री सफर करते हैं। साथ ही औद्योगिक नगरी के नाम से विश्वविख्यात इस शहर के व्यापारी राजधानी दिल्ली का रुख करते हैं। जिनकी सुविधा के लिए चलाई जाने वाली श्रमशक्ति एक्सप्रेस से व्यापारियों को बेहद राहत है। लेकिन बढ़ती यात्रियों की संख्याओं के चलते यहां पर दो अतिरतिक्त ट्रेनों की आवश्यकता है। जो कानपुर फर्रुखाबाद होते हुए दिल्ली तक का सीधा सफ़र तय कर सके। यह प्रस्ताव कानपुर लोकसभा सांसद रमेश अवस्थी ने लोकसभा सत्र के दौरान रेल मंत्री के समक्ष रखा।

कानपुर लोकसभा से सांसद रमेश अवस्थी विकास कार्यों और शहर के तमाम मुद्दों को लेकर लोकसभा में आवाज उठा रहे हैं। ऐसे संसद सत्र के दौरान उन्होंने भारतीय रेलवे को विकसित भारत की रेल बताते हुए रेलवे का स्वर्णिम काल बताया। उन्होंने रेलवे की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ को सफल बनाने के लिए रेलवे का भी अहम योगदान रहा है। जो रेलवे द्वारा महाकुम्भ में दर्शनार्थियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों का सफलतापूर्वक संचालन हुआ है। उसके लिए भारत के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व उनका मंत्रालय प्रशंशा का पात्र है। रेल मंत्रालय द्वारा निरंतर किए जा रहे कार्य भारतीय रेलवे को विकसित भारत की रेल बनाने की ओर अग्रसर करता है।

## बिठूर महोत्सव की तैयारी पूर्ण

# उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की मिली - जुली संस्कृति पर आधारित होगा बिठूर महोत्सव

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह




कानपुर। कानपुर नगर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की मिली - जुली संस्कृति पर आधारित आगामी 'बिठूर महोत्सव' की तैयारी पूरी कर ली गई है।कार्यक्रम 21 से 23 मार्च, 2025 तक होना है, जिसके लिए जिला प्रशासन कई दिनों से तैयारी कर रहा था। कार्यक्रम 21 मार्च को पूर्वाहन 11:00 बजे से शुरू होगा। 21 मार्च को स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें नृत्य, रंगोली, स्लोगन /कला प्रतियोगिता शामिल हैं, का 11:00 बजे से 2:00 बजे तक आयोजन किया जाएगा।अपराह्न 4:00 बजे मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह द्वारा प्रज्जवलन कर उद्घाटन किया जाएगा।इसके उपरांत कानपुर कथक कला केंद्र द्वारा गणेश वंदना व गंगा अवतरण से सम्बंधित कार्यक्रम, प्रिंस डांस ग्रुप द्वारा भगवान कृष्ण से संबंधित व भारतीय तिरंगा से सम्बंधित प्रस्तुति , रमाक्षीर सागर, पुणे द्वारा 'गोदावरी से गंगा- जमुना तक' पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया जाएगा। शाम 7:00 बजे से विनोद कुमार द्विवेदी एवं आयुष द्विवेदी द्वारा ध्रुपद गायक व सबसे रोमांचक 8:00 बजे से प्रारंभ होने वाली भजन संध्या होगी, जिसे पद्मश्री भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

22 मार्च को विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन एवं लघु नाटिका का मंचन,कुशान पटेल ग्रुप द्वारा क्विज कार्यक्रम, स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति, श्री राम कला केंद्र द्वारा रामायण आधारित नाट्य प्रस्तुति व अंत में 8:00 बजे से बहु प्रतीक्षित विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

वहीं,23 मार्च को मराठा ग्रुप द्वारा ऐतिहासिक शस्त्रों को चलाने का प्रस्तुतीकरण एवं नाना राव पेशवा के जीवन पर व्याख्यान, अभय जी मांडके,इंदौर के द्वारा गीत रामायण प्रस्तुतीकरण, जीवन धर्माधिकारी मराठा ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत गायन, वीडियो क्लिप के माध्यम से बिठूर की संस्कृति एवं महोत्सव की झलकियां,जीवन धर्माधिकारी मराठा ग्रुप द्वारा देशभक्ति गीत एवं उसका विमोचन तथा नाना राव पेशवा के चरित्र की डॉक्यूमेंट्री, छात्रों एवं मराठाओं के द्वारा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के द्वारा प्रयुक्त शस्त्रों का प्रदर्शन, मराठा रेजीमेंट द्वारा मलखंभ की प्रस्तुति, मोहन मिश्र, हरिहरपुर घराना, आजमगढ़ द्वारा रानी लक्ष्मीबाई का व्यक्तित्व एवं बिठूर कानपुर का इतिहास के संबंध में प्रस्तुति, मराठा रेजीमेंट द्वारा बैंड वादन एवं अंत में मुख्य अतिथि का के उद्बोधन के साथ गंगा अर्चना एवं कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की जाएगी।

# अश्लीलता किसी भी रूप में क्षम्य नहीं है, सबको मिलकर आगे आना होगाः डीजीपी, विनय कुमार

## बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है,पुलिस पर भी बढ़ा लोगों का विश्वासः डीजीपी

## बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने कहा, भोजपुरी गानों की अश्लीलता के कारण बदनाम हो रहा है बिहार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**





पटना(बिहार)।महिला सशक्तिकरण,सुरक्षा एवं सम्मान विषय पर मंगलवार को बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में संवादात्मक सत्र उड़ान का आयोजन किया गया।इस मौके पर बिहार पुलिस के महानिदेशक विनय कुमार,अपराध अनुसंधान विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक पारसनाथ,कमजोर वर्ग,सीआईडी के अपर पुलिस महानिदेशक अमित जैन,गृह विभाग की एडीजी/विशेष सचिव के.एस.अनुपम,विशेष शाखा की डीआईजी हरप्रीत कौर तथा कमजोर वर्ग,सीआईडी के पुलिस अधीक्षक आमिर जावेद सहित कई वरीय अधिकारी सहित सैकड़ों महिला पुलिसकर्मी मौजूद थीं।उड़ान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थी,बिहार की बेटी बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा।इस अवसर सभी ने महिला सशक्तिकरण पर अपनी बात रखी।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद डीजीपी विनय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्ष 2007-08 में राज्य सरकार द्वारा स्कूलों में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए साइकिल योजना शुरू हुई थी,उस वक्त थानों के द्वारा भी बच्चों को स्कूल जाने लिए प्रोत्साहित किया जाता था,पुलिस के इस सहयोग के कारण स्कूल में उपस्थिति बढ़ी थी।उस दौरान सुरक्षा की भावना के आते ही ग्रामीण परिवेश का पूरा माहौल बदल गया था।उसके बाद हर साल महिलाओं को लेकर सरकार द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं।वर्तमान में बिहार में कानून व्यवस्था अच्छे से कायम है।राज्य के हर जिले में एक महिला थाना कार्यरत है,ऐसा देश में किसी अन्य राज्य में नहीं है।हमारे यहां महिला पुलिस स्टेशन को महिला अधिकारी लीड कर रही हैं।पहले जहां महिलाएं थाने जाने से डरती थीं,अब महिला थाने खुलने से या महिला पुलिसकर्मी की भागीदारी से वे बेखौफ जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराती हैं।डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि समाज में फैली अश्लीलता के खिलाफ सबको मिलकर आगे आना होगा।तिलक जैसे कार्यक्रम में वल्गर गाने पर नाच हो रहा है,ऐसा इसलिए होता है कि उस क्षेत्र के लोग सुनना चाहते हैं।महिलाएं अगर घर से बाहर निकलकर ऐसे गाने बजाने पर रोक लगाने की बात करें,तो सब बंद हो जाएंगे।कहीं स्टेज पर डांस हो रहा है और कोई महिला के गाल पर नोट साट रहा है,ऐसी घटनाएं किसी भी रूप में क्षम्य नहीं है।ऐसी कृत्य पर तो महिलाओं को खुद ही आवाज उठानी चाहिए।अब घर के बूढ़े जब नाच देखेंगे तो उनके बच्चे बलात्कारी बनेंगे ही,इसलिए सबसे जरूरी है सबकी सोच को सही करना है।हाल के दिनों में मेरे पास कई महिलाओं के ऐसे कॉल आए हैं कि मुझे डांस या किसी कार्यक्रम के लिए बुलाया गया है,पर यहां असहज हूं,इसलिए मुझे यहां से निकाला जाए।पुलिस महानिदेशक ने कहा कि आज के समय में पेरेंटिंग एक महत्वपूर्ण कारक बन गया है।बच्चों के हाथ में मोबाइल आ गया है,पर यह गार्जियन का काम है कि इनपर नजर रखें।सरकार की तरफ से 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। 27 हजार महिला पुलिसकर्मी काम कर रही हैं और जल्द ही इसमें और जुड़ जाएंगी,इसके उपरांत महिला भागीदारी में हमारे आसपास भी कोई राज्य नहीं दिखेगा।पंचायती राज में 50 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण है,जो बिहार के लिए वाकई बड़ी बात है।आज हर जिले में महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारी की अच्छी संख्या है,जो आज से कुछ साल पहले तक नहीं थी।हमारे डायल 112 व अन्य हेल्पलाइन नंबर पर भी बेहतर रेस्पॉन्स मिल रहा है।लास्ट ईयर साढ़े पांच सौ(550) करोड़ रुपए सिर्फ महिला थाना के लिए ही हमने सरकार से लिया है,ताकि महिला थाने को और संबल बनाया जा सके।पुलिस के साथ मारपीट व हमले जैसी घटनाएं बढ़ी हैं,पर इसका मतलब ये नहीं कि पुलिस काम करने से डर जाए,हमें ऐसी घटनाओं को कम करने की दिशा में कदम बढ़ाना होगा।पॉक्सो एक्ट लागू करने के मामले में भी बिहार अव्वल है।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने उपस्थित महिला पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मिडिल क्लास फॅमिली से निकलकर जब मैं हॉलीवुड तक जा सकती हूं,तो आप भी सबकुछ कर सकती हैं। बिहार पुलिस अपनी उपलब्धि को बताए,ताकि लोग भी असली बिहार को जानें।पूरी दुनिया में लड़कियां वैसे ही लड़ रही हैं,जैसे हम लड़ रहे हैं।बिहार पुलिस का अचवमेंट ट्रेंडिंग है,इतना कुछ अच्छा हो रहा है,महिला पुलिसकर्मियों को भी चाहिए कि अपनी सक्सेस को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डालें,ताकि लोग महिला शक्ति को पहचान सकें।नीतू ने कहा कि बिहार पुलिस का वीकर सेक्शन बहुत अच्छा काम कर रहा है,पर इसका नाम वीकर नहीं स्ट्रांग सेक्शन होना चाहिए।भोजपुरी गानों के कारण फैली अश्लीलता पर अभिनेत्री ने कहा कि वल्गर गाने हमारे समाज को बदनाम कर रहे हैं,महिला जब सुनती हैं तो शर्म से सिर झुका लेती हैं।इसी कारण हमने ऐसे अश्लील गानों को खिलाफ पीआईएल किया है अब डीजीपी सर ने एक कदम आगे बढ़ते हुए इसपर बैन लगाने का निर्देश जारी कर दिया।बिहार में बहुत कुछ है,जिसे सुना-सुनाया जा सकता है।अश्लील गानों के खिलाफ आप सबको आवाज उठानी होगी।अबसे ऐसे गाने न देखेंगे न देखने देंगे,न सुनेंगे न सुनने देंगे।जबतक आप हम ऐसे गानों और कंटेंट के खिलाफ आवाज नहीं उठाएंगे,तब तक ऐसे गाने बनते रहेंगे।लोग आपके बारे में क्या बोलते हैं,क्या सोचते हैं,इसपर ध्यान मत दीजिए।जरूरी ये है कि आप खुद के बारे में क्या सोचती हैं।इससे पहले सभा को संबोधित करते हुए कमजोर वर्ग,सीआईडी के अपर पुलिस महानिदेशक अमित जैन ने कहा कि सोसाइटी में जेंडर इक्वालिटी बहुत जरूरी है।लोगों में एक अवधारणा है कि बिहार में महिलाओं के साथ क्राइम ज्यादा होते हैं,पर एनसीआरबी के आंकड़ों को देखें तो यहां कई राज्यों से कम इस तरह के मामले सामने आते हैं।क्राइम को रोकने के लिए सरकार और पुलिस की तरफ से कई बेहतर कार्य किए जा रहे हैं, जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।डायल 112 की टीम तो लगातार महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम कर ही रही है।साइबर क्राइम की बढ़ती घटना को देखते हुए पुलिस अफसर और कर्मचारी को ट्रेनिंग दी जा रही है।मेरा मानना है कि लॉ एंड इंफोर्समेंट एजेंसी के काम करने का एक दायरा है,जब तक समाज के हर विंग के लोग महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक साथ आगे नहीं आयेंगे,तब तक महिलाएं पूरी तरह से सुरक्षित नहीं रह सकती।हमें सभी हितधारकों का सपोर्ट चाहिए,तभी इसमें सफल हो सकते हैं।गृह विभाग की एडीजी/विशेष सचिव के.एस. अनुपम ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने बहुत एक्ट बनाए हैं,पॉक्सो तक बनाए गए हैं,पर क्राइम करने वालों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सामने 5 साल की लड़की है या 15 साल की।इस तरह की ओछी मानसिकता के लोगों की नजर में समाज या महिलाओं की इज्जत कोई मायने नहीं रखती।हालांकि बिहार सरकार ने भी बच्चियों लिए बहुत कुछ किया है।हर लड़की को उड़ने का सपना देखना चाहिए,उड़ने की कोशिश करनी चाहिए।सबसे जरूरी सबको अपने घर से महिला सशक्तिकरण की सोच को फलीभूत करना चाहिए।जब तक आप खुद या आसपास से ऐसी सोच विकसित नहीं करेंगे,तब तक अच्छे समाज का निर्माण असंभव है।महिला पुलिसकर्मियों को संबोधित करती हुई विशेष शाखा की डीआईजी हरप्रीत कौर ने कहा कि बिहार में पुलिस के साथ-साथ हर फील्ड में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।महिला सशक्तिकरण के लिए सबसे जरूरी वो फाइनेंशियल इंडिपेंडेंट बनें,खुद के पैरों पर खड़ी होंगी तो किसी के आगे झुकना नहीं पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री ने हर घर नल का जल निश्चय अन्तर्गत

## 7166 करोड़ 6 लाख रुपए लागत की जलापूर्ति योजनाओं/भवन संरचनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार)।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1,अण्णे मार्ग स्थित संकल्प में रिमोट के माध्यम से हर घर नल का जल निश्चय अन्तर्गत 7,166 करोड़ 6 लाख रुपए लागत की जलापूर्ति योजनाओं/भवन संरचनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने 83 करोड़ रुपए लागत की लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुख्यालय भवन का भी शिलान्यास किया।कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि राज्य के लोगों को नियमित व निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है।पेयजल गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप राज्य सरकार सभी ग्रामीण परिवारों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से जलापूर्ति कर रही है जो राष्ट्रीय औसत से 16 लीटर अधिक है।हर घर नल का जल निश्चय अन्तर्गत निर्मित सभी जलापूत्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हर घर नल का जल योजना की प्रशंसा पूरे देश में हो रही है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का आज शिलान्यास किया गया है उसे ससमय पूर्ण करें।हर घर नल का जल योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करते रहें।सभी चीजों का मेंटेनेंस हो।हमलोगों का उद्देश्य है कि लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो,इसमें किसी प्रकार की परेशानी न हो।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी।कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार,मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा,विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस.सिद्धार्थ,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार,मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार,मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के विशेष सचिव संजीव कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिलाधिकारी एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारी जुड़े हुये थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नीतीश कुमार को हार्वर्ड से न्यौता मिलना पूरे बिहार के लिए गर्व की बातः नवल शर्मा

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



पटना(बिहार)। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि सीएम नीतीश को बिहार के विकास पर चर्चा के लिए प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय से न्यौता आना पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है।नीतीश कुमार बिहार के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है।सच ही कहा जाता है कि बात जब बिहार के विकास की हो तब नाम केवल नीतीश कुमार का हो।नीतीश कुमार एक ऐसे विजनरी लीडरशिप का नाम है,जिसका जोड़ देश में दूसरा कोई नहीं है।जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एक ऐसा नेता हैं,जिसने बिहार को राजनीतिक, सामाजिक,आर्थिक,शैक्षणिक और सांस्कृतिक सभी रूपों में नए सिरे से गढ़ा।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की सौजन्य भेंट



**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

रायपुर(छत्तीसगढ़)।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से सौजन्य मुलाकात की।इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू उपस्थित थे।

# खेल

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय धाविका अर्चना जाधव पर डोप परीक्षण में असफल होने पर चार साल का प्रतिबंध लगा

नयी दिल्ली (भाषा) भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।
प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।
उन्होंने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।
एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी।
एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है।
इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई।

## रोहित को अभी वनडे विश्व कप जीतना है , कहा बचपन के कोच दिनेश लाड ने



नयी दिल्ली (भाषा) छह महीने में दो आईसीसी खिताब जीतकर संन्यास की अटकलों को खारिज करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि अभी उसे वनडे विश्व कप जीतना बाकी है ।

लाड ने भाषा से कहा , निश्चित तौर पर अभी उसके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है । आपने चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल की उसकी पारी देखी होगी जिसमें उसने पक्के क्रिकेट शॉट खेले और एक भी खराब शॉट नहीं था । उन्होंने कहा , उसने 2023 वनडे विश्व कप से पहले अपने खेल में बदलाव किया और उसका फोकस अच्छी शुरूआत देने पर ही रहा , बड़े शतकों पर नहीं ताकि टीम को फायदा हो । चैम्पियंस ट्रॉफी में तीसरी बार खिताब जीतने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या रोहित का यह आखिरी टूनामेंट होगा । घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार, आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार के बाद रोहित के फॉर्म और फिटनेस पर सवाल उठे और उनके वजन को लेकर भी काफी बातें हुई । पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप दिलाने वाले रोहित ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई । फाइनल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अभी संन्यास लेने नहीं जा रहे ।

लाड ने कहा , जब उसने टी20 विश्व कप जीतने के बाद उस प्रारूप से विदा ली तो मुझे पता था कि उसे दो टूनामेंट अभी और जीतनी थी । एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और दूसरा वनडे विश्व कप । दुर्भाग्य से इस बार हम डब्ल्यूटीसी फाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन अभी वनडे विश्व कप 2027 में होना है और उसका यह सपना पूरा हो सकता है ।

उन्होंने कहा , 2009 से 2011 तक उसका फॉर्म उतना अच्छा नहीं था जिससे उसे 2011 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली । उसके बाद उसने वनडे में तीन दोहरे शतक लगाये ।

## लंबे समय तक आरसीबी की कप्तानी करेगा पाटीदारः कोहली

बेंगलुरू (भाषा) भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के नये कप्तान रजत पाटीदार लंबे समय तक कप्तानी करेंगे । आईपीएल के 2008 में शुरू होने के बाद से आरसीबी के लिये खेल रहे कोहली टीम का चेहरा रहे हैं । उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक कप्तानी भी की ।

पाटीदार को फाफ डु प्लेसी की जगह कप्तान बनाया गया । डु प्लेसी अब दिल्ली कैपिटल्स के लिये खेलेंगे । कोहली ने टीम के अनबॉक्स कार्यक्रम में सोमवार को आरसीबी प्रशंसकों से कहा , यह लंबे समय तक आपका कप्तान रहने वाला है । वह अच्छा कप्तान साबित होगा । उसके पास वह सब कुछ है जो सफल होने के लिये चाहिये । आरसीबी ने कभी आईपीएल नहीं जीता लेकिन कोहली आशावान हैं।

उन्होंने कहा , हर सत्र की तरह रोमांच और खुशी है । मैं 18 साल से खेल रहा हूं और आरसीबी से प्यार है । हमारे पास बेहतरीन टीम है और मैं काफी रोमांचित हूं ।





पाटीदार ने कहा ,विराट भाई, एबी डिविलियर्स, क्रिस गेल जैसे लीजैंड ने आरसीबी के लिये खेला है । मैं उन्हें देखकर बड़ा हुआ हूं । मुझे शुरू ही से यह टीम पसंद है और मुझे खुशी है कि टी20 क्रिकेट की इतनी बड़ी टीम की कप्तानी का मौका मिला।

### भारत का मालदीव से मुकाबला

## स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर रहेंगी सभी की निगाहें



शिलांग (भाषा) भारत और मालदीव के बीच बुधवार को यहां जब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला जाएगा तो सभी की निगाहें संन्यास से वापसी करने वाले स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री पर टिकी रहेंगी।

भारत के लिए यह मैच एक सप्ताह से भी कम समय में इसी स्थान पर बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मैच के लिए ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा।

भारत एशिया कप क्वालीफायर में अपना पहला मैच 25 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 40 वर्षीय छेत्री ने इस प्रतियोगिता में भारत को सफलता दिलाने के लिए ही इस महीने के शुरू में संन्यास से वापसी करने की घोषणा की थी।

भारतीय टीम के लिए यह अभ्यास मैच ऐतिहासिक भी है क्योंकि वह पहली बार फुटबॉल के दीवाने इस पहाड़ी शहर में मैच खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में वापसी की घोषणा के बाद यह भारत के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर छेत्री का भी पहला मैच होगा।

भारत के मुख्य कोच मानोलो मार्केज ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह पहला अवसर है जबकि हम यहां खेल रहे हैं, लेकिन मैंने यहां के कई कोचों और खिलाड़ियों के साथ काम किया है। मुझे पता था कि यह बहुत अच्छी जगह है।

उन्होंने कहा, मुझे याद है जब मैंने पिछले साल शिलांग में डूरंड कप देखा था, तो मैंने कहा था, वाह, मैदान, भीड़, माहौल, सब कुछ अच्छा है। मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, मैंने कहा था कि यह बहुत अच्छा होगा अगर एक दिन राष्ट्रीय टीम यहां खेल सके।

डिफेंडर मेहताब सिंह ने कहा, हमें शिलांग में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह पहली बार है कि हमारी राष्ट्रीय टीम यहां खेलेगी। उत्तर-पूर्व अपने फुटबॉल प्रशंसकों के लिए जाना जाता है। फुटबॉल यहां का सबसे बड़ा खेल है। फुटबॉल को विभिन्न क्षेत्रों में ले जाना भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत अच्छी बात है। भारत इस मैच में बड़ी जीत हासिल करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा लेकिन उसे मालदीव को किसी भी तरह से कम करके नहीं आंकना होगा। भारतीय टीम को इस मैच से बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच से पहले यह पता करने का मौका मिलेगा कि उसे किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है।

## महिला वनडे विश्व कप के लिये आयोजन समिति बनायेगा बीसीसीआई, तंबाकू , क्रिप्टो प्रायोजन बंद

नयी दिल्ली (भाषा) बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की कोलकाता में 22 मार्च को होने वाली आपात बैठक में महिला वनडे विश्व कप के लिये आयोजन समिति का गठन किया जायेगा और इस साल होने वाले टूर्नामेंट के लिये वेन्यू का भी चयन किया जायेगा ।

बैठक गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच ईडन गार्डस पर होने वाले आईपीएल के पहले मैच के दौरान होगी । बीसीसीआई ने पिछली बार 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी ।

बैठक के एजेंडे में महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिये आयोजन समिति का गठन और टूर्नामेंट के आयोजन स्थलों पर चर्चा शामिल है । भारतीय टीम दो बार 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची लेकिन जीत नहीं सकी । शीर्ष परिषद 2025 . 26 घरेलू सत्र के ढांचे को भी अंतिम रूप देगी । भारत को वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करनी है जिसके लिये मैचों के आयोजन स्थलों पर भी फैसला लिया जायेगा ।

नये पदाधिकारियों के आने के बाद बोर्ड के बैंक खातों पर हस्ताक्षर के लिये अधिकृत व्यक्ति के नाम को भी मंजूरी दी जायेगी ।

इस महीने की शुरूआत में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीसीसीआई से आईपीएल के दौरान सभी तरह के तंबाकू और अल्कोहल के प्रचार पर रोक लगाने के लिये कहा था । यह मसला भी बैठक में रखा जायेगा जिसमें तंबाकू और क्रिप्टो करेंसी से जुड़ा प्रायोजन भी शामिल है ।

### हरियाणा, ओडिशा और मध्यप्रदेश महिला हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीते

रांची (भाषा) हरियाणा, ओडिशा और मध्यप्रदेश ने महिला राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को अपने अपने मुकाबले जीते ।

हरियाणा ने मणिपुर को 7 . 1 से हराया जबकि ओडिशा ने बंगाल को 1 . 0 से मात दी । मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 2 . 0 से हराया ।

हरियाणा के लिये सावी और कीर्ति ने दो जबकि खासा शशि , सुप्रिया और कीर्ति ने एक एक गोल किया । मणिपुर के लिये एकमात्र गोल दीना देवी ने दागा । अगले मैच में ओडिशा के लिये दीपिका बारवा ने गोल किया । तीसरे मैच में मध्यप्रदेश के लिये भूमिक्षा साहू और कप्तान सोनिया कुमरे ने गोल किये ।

नई दिल्ली, बुधवार 19 मार्च 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



फील्ड अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और गृह विभाग को स्थापित मानदंडों के अनुपालन की पुष्टि करने के लिए स्थलीय निरीक्षण करना चाहिए।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने भारतीय जनता पार्टी बलिया के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा से अपने लखनऊ स्थित आवास पर भेंट कर बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।






## विपक्ष ने मोदी के वक्तव्य को 'डैमेज कंट्रोल' बताया भाजपा बोली: महाकुंभ का संदेश दुनिया तक पहुंचाया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा में महाकुंभ पर दिए गए वक्तव्य को 'डैमेज कंट्रोल' का प्रयास करार दिया और कहा कि उन्होंने अपने बयान में इस आयोजन के दौरान में भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की संसद से महाकुंभ से निकले एकता के संदेश को दुनिया तक पहुंचाया है और उनकी बातें उन लोगों को पसंद नहीं आईं जो 'औरंगजेब फैन क्लब' में शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ को भारत के इतिहास में अहम मोड़ करार देते हुए मंगलवार को लोकसभा में कहा कि दुनिया ने देश के विराट स्वरूप को देखा और यह 'सबका प्रयास' का साक्षात स्वरूप भी था, जिसमें 'एकता का अमृत' समेत कई अमृत निकले। प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ को लेकर निचले सदन में दिए गए एक वक्तव्य में मोदी ने यह भी कहा कि महाकुंभ में अनेकता में एकता का विराट रूप, देश की सामूहिक चेतना और सामर्थ्य भी दिखा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य के बाद कहा कि उन्होंने (मोदी ने) आयोजन स्थल पर भगदड़ में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी और सदन में विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि



प्रधानमंत्री मोदी को रोजगार के बारे में बोलना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने जो कहा, मैं उसका समर्थन करना चाह रहा था। कुंभ हमारी परंपरा, इतिहास और संस्कृति है। हमारी एक ही शिकायत है कि प्रधानमंत्री ने उन लोगों को श्रद्धांजलि नहीं दी, जिन्होंने कुंभ में (भगदड़ के दौरान) जान गंवाई। कुंभ की अपनी जगह है, लेकिन कुंभ में जो युवा गए थे, वे प्रधानमंत्री से एक और चीज चाहते हैं, और वह है रोजगार। प्रधानमंत्री को रोजगार पर भी बोलना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''लोकतांत्रिक प्रक्रिया के मुताबिक, सदन में विपक्ष के नेता को बोलने का मौका मिलना चाहिए, लेकिन वे हमें बोलने नहीं देंगे। यही नया भारत है।''

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा, ''संसद में प्रधानमंत्री के वक्तव्य के बाद विपक्ष को भी बोलने देना चाहिए था, क्योंकि कुंभ के विषय पर विपक्ष की भी भावनाएं हैं, जिसे लेकर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। इसलिए विपक्ष को भी इस बारे में बोलने देना चाहिए था।''

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल के नेता डेरेक ओब्रायन ने संवाददाताओं से कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी का भाषण नुकसान की भरपाई (डैमेज कंट्रोल) वाला भाषण है। वह अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में 'डैमेज कंट्रोल मोड' में हैं... वह चाहते हैं कि उनके सांसद तारीफ करें, लेकिन ट्रंप ने टैरिफ लगा दिया है।'' उन्होंने कहा, ''यह वही प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने संसद के पटल पर एक भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है। यह वही प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने एक भी संवाददाता सम्मेलन को संबोधित नहीं किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री (ममता बनर्जी) सप्ताह में कम से कम एक बार संवाददाता सम्मेलन को अवश्य संबोधित करती हैं।''

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा, ''यह एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व क्षण था जब प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी संस्कृति, आध्यात्मिकता के प्रतीक महाकुंभ के बारे में बात की। यह हम सभी के लिए गर्व की बात थी। लेकिन कुछ लोगों को इसमें भी नकारात्मकता नजर आई। ये वही लोग हैं जिन्होंने भारत की महानता को कभी स्वीकार नहीं किया।'' उन्होंने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस आयोजन में सिर्फ 'औरंगजेब फैन क्लब' के लोग नहीं आए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा, ''आज प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ को लेकर बयान दिया।

### यमुना प्राधिकरण की अनूठी पहल

## अधिसूचित ग्रामों के किसानों के बच्चों और भूमिहीन किसान तथा उन पर आश्रित बच्चों को रोजगार दिलवाए जाने के लिए रोजगार पोर्टल का आरंभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्युरो

यमुना प्राधिकरण की अनूठी पहल, अधिसूचित ग्रामों के किसानों के बच्चों और उन ग्रामों के भूमिहीन किसान और उन पर आश्रित बच्चों को रोजगार दिलवाए जाने के लिए हुआ रोजगार पोर्टल का आरंभ किया गया है।

जैसा की विदित ही है कि दिनांक 20 दिसंबर 2024 को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रभावित ग्रामों के किसान माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिले थे, जहां म। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह व अन्य उपस्थित सभी अधिकारियों को प्रभावित किसानों के बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि ?प्राधिकरण क्षेत्र में लगने वाली औद्योगिक इकाइयों में स्थानीय बच्चों को रोजगार दिए जाने की व्यवस्था की जाए।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र में भी स्थानीय नौजवानों को रोजगार का



मुद्दा सदन में उठाया था। उसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के युवाओं का डाटा बेस तैयार करने के लिए जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह की पहल पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में रोजगार पोर्टल लॉन्च किया गया। इस पोर्टल का मकसद युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया कराना है। इस पोर्टल का यूआरएल https://hrc.medhajnews.in /jobseeker/index.php है। इस पोर्टल का मकसद कुशल और अकुशल युवाओं का डाटा बेस बनाना और योग्यता के आधार पर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि ?जिन किसानों ने इस प्रदेश और इस जनपद के विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी जमीनें दी हैं, उन किसानों के बच्चों को रोजगार मुहैया करने की दिशा में, यह पहल आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगी। इस पोर्टल के माध्यम से स्थानीय किसानों के बच्चों को कौशल और दक्षता के आधार पर चयनित कर, शीघ्र उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। हम इस क्षेत्र को विकसित और जेवर को इस प्रदेश की आर्थिक राजधानी बनाने का काम ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम जनता की जिंदगी बनाने की भी आधारशिला रख रहे हैं, जिससे नौजवानों को रोजगार मिल सके, उसके लिए हमेशा प्रयास जारी रहेंगे।

इस मौके पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह ने कहा कि जिन किसानों की जमीनों पर आज उद्योग धंधे स्थापित हो रहे हैं, इसलिए हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम उन किसानों के बच्चों को जीवन यापन हेतु रोजगार उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि इस रोज़गार पोर्टल को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भर सकते हैं साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन भी फॉर्म जमा किए जाने की व्यवस्था भी रोजगार पोर्टल में की गई है।

रोजगार पोर्टल के शुभारंभ के मौके पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह व नगेन्द्र प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र सिंह, शैलेंद्र भाटिया, जनरल मैनेजर राजेंद्र भाटी, डीजीएम वीरेंद्र सिंह आदि अनेकों अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मेरठ में तेज रफ़्तार वाहन की टक्कर में मां-बेटी समेत तीन की मौत

**मेरठ** (उप्र) (भाषा) मेरठ जिले के दौराला थाना क्षेत्र में दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार रात तेज एक रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रही चार महिलाओं और एक मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



उसने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने के लिए सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार रात दौराला थानाक्षेत्र के वलीदपुर गांव में कुछ लोग सड़क पार कर रहे थे तथा एक मोटरसाइकिल भी वहां से गुजर रही थी, तभी पीछे से आ रहे एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

सिंह ने बताया कि इस हादसे में कुल पांच लोग घायल हो गये जिनमें से तीन को एक स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं दो अन्य घायलों को दौराला में सीएचसी में भर्ती कराया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक उनमें से तीन महिलाओं को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में घायल दो अन्य लोगों का अभी उपचार चल रहा है। घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार मृत महिलाओं की पहचान वलीदपुर गांव की सविता (19) और उसकी मां ऊषा (55) तथा केला (45) के रुप में हुई है। घटना के समय तीनों गांव की एक अन्य महिला के साथ दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पार कर खेत से घर लौट रहीं थी। तभी उन्हें एक तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। सिंह ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता समिति (डोईवाला देहरादून) के तत्वाधान में

## ड्रग्स मुक्त उत्तराखंड को लेकर बाइक रैली को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता समिति (डोईवाला देहरादून) के तत्वाधान में ड्रग्स मुक्त उत्तराखंड को लेकर बाइक रैली को मुख्यमंत्री; श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

आदर्श संस्था की अध्यक्ष श्रीमती आशा कोठारी ने बताया कि तिलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित आदर्श संस्था समाजिक व रचनात्मक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में ड्रग मुख्य उत्तराखंड को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है।

इससे पूर्व स्काउट गाइड विभाग के साथ पूरे प्रदेश में भी यह अभियान चलाया गया था ।इस मौके पर आदर्श संस्था के अध्यक्ष हरीश कोठारी, अध्यक्ष वांडरर्स सिद्धार्थवासन श्रीमती ममता पांगती नागर, श्रीयाक्ष गौड, दिनेश नागर, हिमांशु रतूड़ी, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विनायक नौटियाल, सारांश डोगरा, अभिषेक राणा, कार्तिक बुटोला, सागर ठाकुर, भावना सभरवाल आदि उपस्थित थे।

## देहुली जनसंहार मामले में तीन लोगों को मृत्युदंड

**मैनपुरी** (उप्र), (भाषा) मैनपुरी जिले की एक विशेष अदालत ने 1981 के देहुली जनसंहार मामले में तीन लोगों को मंगलवार को मौत की सजा सुनाई।

सरकारी वकील रोहित शुक्ला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 18 नवंबर 1981 को हुई जनसंहार की इस घटना में छह महीने और दो साल की उम्र के दो बच्चों समेत 24 दलितों की डकैतों के एक गिरोह ने हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि विशेष न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने मामले में कप्तान सिंह (60), रामपाल (60) और राम सेवक (70) को दोषी ठहराते हुए उन्हें मौत की सजा सुनाई। अदालत ने दोषियों पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

शुक्ला ने बताया कि 18 नवंबर 1981 की शाम पुलिस की वर्दी पहने 17 डकैतों के एक गिरोह ने मैनपुरी के देहुली में 24 दलितों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस त्रासद घटना के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की थी। इसके अलावा विपक्ष के नेता



अटल बिहारी वाजपेयी ने फिरोजाबाद में दिहुली से सदुपुर तक पद यात्रा कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की थी। दर्ज मुकदमे में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और 396 (हत्या के साथ डकैती) के तहत 17 आरोपियों के नाम थे। चार दशकों से अधिक समय तक चले मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान उनमें से 13 आरोपियों की मौत हो गई। शुक्ला के अनुसार यह नरसंहार 18 नवंबर 1981 को जसराना थानाक्षेत्र के दिहुली गांव में हुआ था, जब संतोष सिंह उर्फ संतोषा और राधेश्याम उर्फ राधे के नेतृत्व में डकैतों के एक गिरोह ने दलित समुदाय पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत 24 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## राजनाथ ने नीदरलैंड के रक्षामंत्री से मुलाकात के दौरान साझेदारी और मजबूत करने पर दिया जोर

नयी दिल्ली, (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां नीदरलैंड के अपने समकक्ष रूबेन बर्केलमैन्स से मुलाकात की और हिंद-प्रशांत तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित व्यापक विषयों पर चर्चा की। सिंह ने कहा कि दोनों नेता द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को "और अधिक गहरा तथा उन्नत" बनाने के लिए तत्पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने यहां एक बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने पोत निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी में तालमेल को अधिकतम किया जा सके। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नयी दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और गहरा करने और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, हिंद-प्रशांत और कृत्रिम बुद्धिमता जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियां शामिल थीं।"

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में मनाया जाएगा रामलला का जन्मोत्सव





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**अयोध्या।** आदरणीय सज्जनों 6 अप्रैल 2025 को रविवार है, भारतीय परंपरा में चैत्र शुक्ल नवमी विक्रम संवत 2082, अर्थात प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव का दिन रामनवमी पर्व है । श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आनंदपूर्वक मनाया जाएगा, प्रातः काल 9:30 बजे से 10:30 बजे तक रामलला का अभिषेक होगा , 10 मिनट के लिए पर्दा बंद रहेगा , तत्पश्चात 10:40 से 11:45 तक भगवान का श्रृंगार होगा , पर्दा खुला रहेगा । अर्थात अभिषेक और श्रृंगार के समय दर्शन करते रहेंगे ।भोग लगाने के लिए पुनः पर्दा बंद होगा । दोपहर 12:00 बजे भगवान का जन्म का समय है, पर्दा खुलेगा , आरती प्रारंभ हो जाएगी , ठीक 12:00 बजे सूर्य देव की किरणें अपने कुल में उत्पन्न बालक राम के ललाट को तिलक लगायेंगी अर्थात ललाट को प्रकाशित करेंगी, यह घटना 4 मिनट के लिए होगी । राम जन्मोत्सव का यह संपूर्ण कार्यक्रम दूरदर्शन द्वारा प्रसारित किया जायेगा ।संसार भर में निवास कर रहे रामभक्त अपने-अपने घर में दूरदर्शन पर ये दृश्य देखते हुए आनंद प्राप्त कर सकेंगे, सभी से निवेदन है कि वे स्वयं भी राम जन्मोत्सव का आनंद ले और पास पड़ोस के समाज को भी यह उत्सव देखने का अवसर प्रदान करें। जय श्री राम ।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में पुलिस विभाग के अंतर्गत जारी और प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा की और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने व गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए।

राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि फील्ड अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और गृह विभाग को स्थापित मानदंडों के अनुपालन की पुष्टि करने के लिए स्थलीय निरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सात जिलों वाराणसी, लखनऊ, गाजियाबाद, आगरा,



कानपुर, गौतमबुद्ध नगर और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट भवन बनाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हापुड़, चंदौली, औरैया, संभल, अमरोहा, शामली, अमेठी और कासगंज समेत आठ जिलों में आवासीय व गैर आवासीय पुलिस लाइन भवन बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र बल) महिला बटालियनों के लिए आवासीय व गैर-आवासीय भवनों के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।